
# प्रसुताओं को नहीं मिल रहा शासन की योजना का लाभ

## जिले की 3 हजार से अधिक हितग्राही महिलाएं एक वर्ष से अपने खाते में राशि आने का कर रही इंतजार



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए सरकार द्वारा संचालित शासन की योजना का अनेक महिलाओं को लाभ नहीं मिल रहा है। वही जननी सुरक्षा योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में प्रसव होने पर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को 1,400 और शहरी क्षेत्र की महिलाओं को 1,000 रूपए दिए जाते हैं। तो वहीं श्रमिक कार्डधारी व संबल कार्डधारी गर्भवती महिलाओं को शासन द्वारा 10,600 की राशि जारी की जाती है यह धनराशि सीधे खाते में ट्रांसफर की जाती है किंतु यह राशि कुछ हितग्राहियों को एक वर्ष से नहीं मिली है तो कुछ हितग्राही 6 महीने से इस राशि के आने का इंतजार कर रहे हैं और जिला चिकित्सालय के चक्कर लगा रहे हैं जिसमें बहुत से लोग यह भी बता रहे हैं कि यह राशि विधानसभा चुनाव के पहले से ही नहीं आ रही है। आपको बता दे की भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा वर्ष 2005 में जननी सुरक्षा योजना की शुरुआत की गई थी। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रसूति के समय 1400 रूपये की आर्थिक सहायता दी जाती थी तो, वहीं गर्भवती महिलाओं को शासन द्वारा 10600 की राशि प्रदान की जाती थी किंतु देखा यह जा रहा है कि इन दिनों लगभग एक वर्ष बीत जाने के बावजूद भी बहुत सी ऐसी प्रस्तुति हितग्राही महिलाएं हैं जिन्हें न ही 1400 रूपये की राशि दी गई है और ना ही संबल कार्ड के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को जो 10,600 रूपये की राशि दी जाती थी वह राशि भी अभी तक नहीं दी गई है ऐसे बहुत से हितग्राही है जो बीते एक वर्ष से आज भी जिला चिकित्सालय के चक्कर लगा रहे हैं जहां उन्हें महज तारीख ही दी जा रही है कि आपको बाद में राशि दे दी जाएगी या अभी राशि नहीं आई है, कई ऐसे ही हितग्राही है जो जिला चिकित्सालय के चक्कर लगा लगाकर थक गए हैं बताया तो यह भी जा रहा है कि विधानसभा चुनाव के पहले से ही यह राशि का बजट नहीं आ रहा है और कई हितग्राही महिलाएं आज भी राशि आने का इंतजार कर रही है जिसका एक छोटा सा उदाहरण 24 अप्रैल को जिला चिकित्सालय में देखने को मिला जहां पर आज से 6 महीने पहले प्रसूति महिला द्वारा प्रसव करवाया गया था किंतु आज तक उन्हें शासन की योजना का लाभ नहीं मिला है और उनके खाते में अभी तक राशि नहीं आई है जब हमने इस विषय को लेकर जिम्मेदारों से चर्चा करनी चाही तो उन्होंने भी अपने हाथ खड़े कर दिए वह भी इस विषय में कुछ भी नही कहना चाहते, जबकि देखा जाए तो लगभग 3 हजार ऐसी हितग्राही महिलाएं हैं जिन्हें इन दिनों योजनाओं का लाभ अभी तक नहीं दिया गया है।

### हर ब्लॉक की महिलाओं ने लगाया सीएम हेल्पलाइन

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार बताया यह भी जा रहा है कि जिले के हर ब्लॉकों में यही स्थिति है और हितग्राही महिलाओं को अभी तक शासन से दी जाने वाली राशि नहीं दी गई है और अब हितग्राही महिलाएं जिला चिकित्सालय के चक्कर लगाकर थक गई है उन्होंने अब सीएम हेल्पलाइन में इसकी शिकायत की है और लगभग हर ब्लॉक की लगभग 200 से 300 हितग्राही महिलाओं ने सीएम हेल्पलाइन में इसकी शिकायत की है और उन्हें जो राशि मिलती थी उसे जल्द से जल्द उनके खाते में डाला जाये।

### हर दिन होते हैं 15 से 20 प्रसव पर नहीं मिल रही राशि

जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि जिला चिकित्सालय बालाघाट के ट्रामा सेंटर में प्रतिदिन 15 से 20 प्रसूता का प्रसव किया जाता है किंतु शासन से चल रही योजनाओं का लाभ इन दिनों इन प्रसूति महिलाओं को नहीं मिल रहा है जबकि देखा जाए तो प्रशासन द्वारा यह कहा जाता है कि शासन की हितकारी योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक दिया जा रहा है किंतु इन दिनों प्रसूती महिलाओं को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।

### 6 महीने से नही मिली राशि अभी तक - अनूपा लिल्हारे

बगदरा से पहुंचे एक हितग्राही द्वारा बताया गया कि उन्हें लगभग 6 महीने से संबल योजना अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को जो राशि 10,600 रूपये की राशि मिलती थी वह नहीं मिली है जिसके लिए वह बीते दिनों से जिला चिकित्सालय के चक्कर लगा रहे हैं और वह राशि आने का इंतजार कर रहे हैं किंतु यहां बताया जा रहा है कि अभी आपको इस योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा तो कभी कहा जाता है कि वह अभी और इंतजार करें वही अनूपा लिल्हारे द्वारा भी बताया गया कि उन्होंने सारी कागजी कार्रवाई तो कर ली है लेकिन उन्हें अब तक राशि नहीं दी गई है।

### 3 हजार से अधिक प्रसूती महिलाओं को नहीं मिली है राशि

प्रशासनिक सूत्रों से मिले आंकड़े अनुसार बताया जा रहा है कि जिलेभर में 3000 से अधिक ऐसी प्रसूती महिलाएं हैं जिन्हें न ही जननी सुरक्षा योजना, प्रसूति सहायता योजना और न ही संभल योजना के तहत प्रसूतीओं को जो लाभ दिया जाता है वह लाभ भी उन्हें नहीं दिया गया है जबकि देखा जाए तो जिले भर में 3000 से अधिक ऐसी महिलाएं हैं जो आज भी बीते एक वर्षों से अपने खाते में राशि आने का इंतजार कर रही हैं।

### फंड नहीं आने की वजह से राशि नही जारी हुई है - मनोज पांडे

जब हमने इस विषय पर स्वास्थ विभाग के मुख्य स्वास्थ अधिकारी मनोज पांडे से चर्चा करनी चाहिए तो उन्होंने कैमरे के सामने इस विषय में कुछ भी कहने से मना कर दिया तो वहीं अनौपचारिक चर्चा में उन्होंने बताया कि अभी 3000 से अधिक हितग्राही महिलाओं के खातों में राशि नहीं डली है और यह समस्या यहां की नहीं है बल्कि फंड नहीं आने की वजह से



हितग्राही महिलाओं को राशि नहीं जारी हुई है।

# बीएलओ को सीईओएमपी ने और नोडल अधिकारियों को डीईओ ने निर्वाचन में उत्कृष्ट भूमिका के लिए दिया सम्मान

## टीएल बैठक में विभागीय कार्यों की ली जानकारी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बुधवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान लोकसभा निर्वाचन 2024 में सराहनीय भूमिका निभाने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओं) और नोडल अधिकारियों का सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि फरवरी माह में आयोग के निर्देशानुसार हुए मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य में महती भूमिका निभाने वाले बीएलओ का सम्मान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन द्वारा भी किया गया। ऐसे बीएलओ के लिए भोपाल से प्रमाण पत्र प्राप्त हुए जो जिला निर्वाचन अधिकारी ने उनके प्रतिनिधि के तौर पर प्रदान किये। हर विधान सभा के 3-3 बीएलओ को प्रमाण पत्र प्रदाय किये गए। जबकि जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा ने निर्वाचन कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 13 नोडल अधिकारियों के कार्यो की सराहना करते हुए सम्मानित किया। बैठक में अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, एसडीएम गोपाल सोनी सहित अन्य जिला अधिकारी और अनुभाग का अमला वीसी से जुड़ा।



### सुपर-13 नोडल्स जिनके कंधों पर रहे महत्वपूर्ण कार्य

लोकसभा निर्वाचन के दौरान करीब 20 नोडल अधिकारी विभिन्न कार्यो के लिए नियुक्त किये गए थे। इन नोडल अधिकारियों में 13 नोडल्स के उत्कृष्ट कार्यो की सराहना करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। इनमें ईवीएम नोडल अधिकारी श्री मनोज धुर्वे को ईवीएम के संधारण, कमिशनिग कार्य, रेंडमाइजेशन और आयोग के निर्देशानुसार समय पर किये कार्यो को रेखांकित किया गया। परिवहन व्यवस्थाओं के लिए जिला परिवहन अधिकारी अनिमेष गढ़पाल को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। उनके विषय में डीईओ डॉ. मिश्रा ने कहा कि एक भी दल को मतदान केंद्र तक पहुँचने और वापस आने किसी प्रकार की समस्या नही हुई। साथ ही निर्धारित रूट बनाकर परिवहन संचालन में भूमिका निभाने वाली एसएलआर स्मिता देशमुख को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया।

### पैरेलल इलेक्शन कराने वाले नोडल व सहायक नोडल भी हुए सम्मानित

लोकसभा निर्वाचन में अधिकांश नोडल्स वास्तविक मतदान कार्यो में जुटे रहे। लेकिन पोस्टल बैलेट निर्वाचन आचार संहिता लगते से ही उन मतदाताओ से मतदान कराने की प्रक्रिया में जुटे हुए है। जो आयोग के निर्देशानुसार 19 अप्रैल को मतदान केंद्र पर नही पहुँच सकते। जो मतदाता संसदीय क्षेत्र और अन्य संसदीय क्षेत्रों की मतदाता सूची में है उनके मतदान की प्रक्रिया में जुटे ऐसे करीब 19 हजार मतदाताओ के लिए मतदान की व्यवस्था में सहभागी रहने वाले नोडल अधिकारी राजेश कुमार खोबरागड़े व सहा. नोडल अधि. गजेंद्र कठाने को भी सम्मानित किया गया। इनके अलावा प्रशिक्षण नोडल अधिकारी एके उपाध्याय, सामग्री प्रबंधन श्री लारिया, आईटी टीम के एस के ठाकरे, अनिल लिल्हारे और विवेक मेश्राम अन्य नोडल्स के कार्यो की सराहना की गई।

### विभागीय कार्यो की ओर लौटे

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने टीएल बैठक में अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य जो निर्वाचन के कारण रुके हुए है। उन कार्यो को प्राथमिकता देते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए है। खासतौर पर उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रो में पेयजल की समस्या का निराकरण करने के लिए पीएचई के कार्यपालन यंत्री बीएल उइके से कहा कि पानी उपलब्ध करना उनका बंदोबस्त करना आचार संहिता में किया जा सकता है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अन्य विभागों से उनके प्राथमिकता वाले कार्यो की जानकारी भी ली।

# किशोर न्याय बोर्ड में महाविद्यालय की छात्राओं को कराया गया भ्रमण

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शासकीय कमला नेहरू कन्या विद्यालय की जेंडर फोरम समिति द्वारा बुधवार को प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर की अध्यक्षता में महाविद्यालय की छात्राओं का किशोर न्याय बोर्ड के भ्रमण करवाया




गया। आओ जेंडर पर बात करें विषय पर किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य सुश्री माधुरी कटरे द्वारा छात्राओ को बोर्ड की कार्यप्रणाली से परिचित कराया गया। साथ ही बालक बालिकाओं के हित में दिए जाने वाले विभिन्न सुझाव एवं निर्णयो के बारे में भी बताया गया। महिला बाल विकास विभाग के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में उक्त बोर्ड का संचालन किया जाता है। यहां पर ऐसे किशोरो को संरक्षण प्रदान किया जाता है, जो जानबूझकर या अनजाने में किसी तरह के अपराध में संलग्न हो। जिनकी उम्र 0 से 18 वर्ष के अंदर हो उन्हें अपराधी ना मानकर बाल अपचारी के रूप में उनके जीवन में सुधार करने के उद्देश्य से उनकी काउंसलिंग की जाती है। ऐसे अपचारी बालकों को संप्रेक्षण गृह अर्थात (रिमांड होम) सिवनी में रखा जाता है। यहां पर उन्हें स्वस्थ पारिवारिक माहौल प्रदान किया जाता है। वर्तमान में प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायालय बोर्ड ( भूपेंद्र सिंह) के संरक्षण में इनकी सुनवाई की जाती है। शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ माहौल में किशोर को रखा जाता है ताकि अपने जीवन में दोबारा किसी आपराधिक के प्रकरणों में संलग्न ना हो और अपने नए जीवन की सही शुरुआत कर एक अच्छा नागरिक बन सके द्य उक्त भ्रमण का महाविद्यालय की कुल 25 छात्राओं ने लाभ उठाया। बबली शेंडे, सचिंद्र पटलिया का विशेष सहयोग रहा। भ्रमण के अंत में तृषा माहुले द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को स्वीकृत हुई आर्थिक सहायता

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कटंगी एसडीएम श्री मधुवंत राव ने आरबीसी 06/04 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा/ आकस्मिक रूप से हुई मृत्यु के प्रकरण पर 04 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की है। 19 मार्च 2024 को ग्राम कोडमी तहसील कटंगी निवासी अशोक ढीमर की तालाब में डूबने से हुई मृत्यु पर उसके वारिस पुत्र लकेश ढीमर को 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# चलती बाइक में लगी आग, बाल-बाल बचे दो युवक

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। तिरोड़ी तहसील के महकेपार पुलिस चौकी क्षेत्र में बुधवार को सड़क पर चलती बाइक पर अचानक से आग भड़क गई। गनीमत की बात तो यह रही कि बाइक पर सवार दोनों युवकों ने चलती बाइक से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना महकेपार रेलवे स्टेशन से महज 100 मीटर की दूरी पर मुख्य सड़क मार्ग की है। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि घटना के बाद दोनों युवक किसी तरह से कूदे और स्टेशन की तरह पानी लेने के लिए भागे ताकी आग पर काबू पा सकें लेकिन गाड़ी में पेट्रोल होने की वजह से आग इतनी तेजी से भड़की की चंद मिनट में गाड़ी धू-धू कर जल गई। बताया जा रहा है कि बाइक पर सवार दोनों युवक दिग्धा जा रहे थे। वह इस घटना के बाद इतने डर गए कि ठीक तरीके से बात भी नहीं कर पा रहे थे। वाहन दिग्धा निवासी का बताया जा रहा है। शार्ट सर्किट होने से हीरो होण्डा कंपनी के पेंशन वाहन में आग लगने का अनुमान लगाया जा रहा है. मुख्य सड़क मार्ग पर चलती बाइक में लगी आग की घटना पूरे पठार अंचल में तेजी से फैल गई जिसके बाद बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे। वहीं राहगीर भी सुरक्षा के लिहाज से कुछ देर के लिए सड़क की दोनों ओर रुक गए। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद वाहन मालिक मौके पर पहुंचा। जिसने पुलिस को कोई सूचना नहीं दी। हालांकि गांव के ही जागरूक जनों ने पुलिस को आगजनी की सूचना दी लेकिन कोई जनहानि नहीं होने के कारण पुलिस ने इस मामले में गंभीरता नहीं दिखाई।



# दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर बांटा गया विशाल भंडारा

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गुजरी बाजार स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जंयती व द्वादश स्थापना महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 23 अप्रैल को सुबह हनुमान जी का अभिषेक कर पूजा अर्चना कर जंयती मनाई गई थी और दूसरे बुधवार को दोपहर 12 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी उपस्थितजनों को कुर्सी व टेबिल में बैठाकर अन्न परोसकर भोजन कराया गया। भंडारा देर शाम तक चलता रहा जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भंडारा ग्रहण किया। इस संबंध में आयोजन समिति के पदाधिकारी पुरूषोत्तम शर्मा ने बताया कि हर वर्ष हनुमान जंयती व मंदिर के स्थापना का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष भी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 23 अप्रैल की रात नागपुर के प्रसिद्ध भजन गायक हर्ष शर्मा एण्ड पार्टी द्वारा प्रभु श्रीराम व हनुमान जी के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई और आज हवन पूजन कर महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों हजारों लोगों ने शामिल होकर प्रसादी ग्रहण किया।



# ई-दक्ष केंद्र में सीपीसीटी प्रशिक्षण प्रारंभ

## स्कूल और कॉलेज के छात्र भी ले पाएंगे प्रशिक्षण का लाभ

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार पुराने ई-दक्ष केंद्र में सीपीसीटी का कोर्स कराया जा रहा है। इस कोर्स के लिए इच्छुक अभ्यर्थी पुराने कलेक्टर कार्यालय स्थित ई-दक्ष केंद्र में पंजीयन करवा सकते हैं। आधुनिक कंप्यूटर से सुसज्जित लैब में कंप्यूटर और टाइपिंग के अलावा आईटी संबंधी परीक्षापयोगी महत्वपूर्ण जानकारियां सैद्धांतिक और प्रायोगिक तौर पर प्रशिक्षकों द्वारा बताई जायेगी। प्रशिक्षण के दौरान कंप्यूटर संबंधी समस्त आवश्यक जानकारियां जैसे- आधारभूत ज्ञान, इन्टरनेट, ई-मेल, एडवांस एमएस ऑफिस, साइबर सुरक्षा, क्लाउड कंप्यूटिंग आदि महत्वपूर्ण विषय पढाये जायेंगे। इन्टरनेट कनेक्टिविटी की उपलब्धता वाले प्रशिक्षण केंद्र में परीक्षा उतीर्ण करने हेतु प्रैक्टिस टेस्ट भी करवाए जायेंगे। इसके अलावा केंद्र में हिंदी और अंग्रेजी टाइपिंग भी बहुत सरल और साधारण तरीके से सिखाई जाएगी। साथ ही प्रतियोगिता परीक्षाओं हेतु उचित मार्गदर्शन भी प्रदान किये जाते हैं। प्रशिक्षण का पंजीयन तथा प्रशिक्षण ई-दक्ष केंद्र कार्यालय में ही होगा, जिसमे शासन द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान अभ्यर्थी द्वारा किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए 9977851582 तथा 07632240430 नंबर पर अथवा बस स्टैंड के पास स्थित ई-दक्ष केंद्र (पुराना कलेक्टर कार्यालय) में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

**न्यायालय नायब तहसीलदार किरनापुर, जिला बालाघाट म.प्र.**
**रा0प्र0क0/ /ड-154/ वर्ष 2023-24**
**साकिनः- दत्ता प0ह0नं0. 17**
**रा0नि0म0 माटे तहसील किरनापुर**

**// समाचार प्रकाशन //**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक धन्नु पिता शिकारी जाति चमार निवासी ग्राम दत्ता तहसील किरनापुर जिला बालाघाट म.प्र. द्वारा अपने माताजी कौतिका पति शिकारी भोण्डेकर की मृत्यु दिनांक 17/07/2016 को मृत्यु के 1 वर्ष पश्चात पंजीयन की अनुमति मिलने हेतु लोकसेवा केन्द्र किरनापुर के माध्यम से आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अत: उक्त के संबंध में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है, कि वे निश्चित दिनांक 26/04/2024 को या तो स्वयं, किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधी द्वारा उपस्थित होकर कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेंगा। नियत दिनांक के बाद प्रस्तुत आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

आज दिनांक 15/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के अधीन जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**किरनापुर**

लामता में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

परसवाड़ा में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोनः- 07632-243531
मोः- 8989976858, 9425139998

# छात्र ने स्वयं पर पेट्रोल डालकर आत्महत्या का किया असफल प्रयास

## साथी छात्रों ने युवक के प्रयास को किया विफल, डोंगरिया स्थित सरदार पटेल यूनिवर्सिटी का बताया जा रहा मामला, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ घटना का वीडियो , बुलेट चोरी जाने से आहत बताया जा रहा छात्र

**बालाघाट ( पदमेश न्यूज़ )। सरदार पटेल यूनिवर्सिटी की पार्किंग में खड़ी बुलेट चोरी जाने और मामले को दो दिन बीत जाने पर भी चोरी गई बुलेट ना मिलने से आहत कॉलेज के एक छात्र ने स्वयं पर पेट्रोल छिड़कर आग लगाने की कोशिश की। हालांकि स्वयं पर पेट्रोल छिड़कने के बाद उस युवक के पास खड़े छात्रों व स्थानीय लोगों ने युवक को पकड़ कर उसके हाथ से माचिस की डिब्बी छुड़ा ली और इस तरह छात्र आत्महत्या के प्रयास में विफल हो गया । इस घटना से सरदार पटेल यूनिवर्सिटी में जमकर हंगामा हुआ। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।बुधवार की सुबह सोशल मीडिया पर वायरल हुआ यह वीडियो वारासिवनी रोड ग्राम डोंगरिया स्थित सरदार पटेल यूनिवर्सिटी का बताया जा रहा है। हालांकि वायरल हो रहे इस वीडियो और वीडियो के संदर्भ में साझा की जा रही जानकारी की पदमेश न्यूज़ और बालाघाट एक्सप्रेस अखबार पुष्टि नहीं करता।**

### कॉलेज परिसर का बताया जा रहा वीडियो

बुधवार की सुबह सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें ग्राम डोंगरिया स्थित सरदार पटेल यूनिवर्सिटी परिसर में उसी कालेज के एक छात्र स्वयं पर पेट्रोल छिड़कर आग लगाने की कोशिश करता नजर आ रहा है। हालांकि वीडियो में छात्र के साथ खड़े कुछ



युवक और अन्य लोग, स्वयं पर पेट्रोल छिड़क रहे छात्र को रोकते नजर आ रहे हैं बावजूद इसके भी युवक ने स्वयं पर पेट्रोल की बोतल उड़ेल ली। वायरल वीडियो में वह छात्र माचिस की डिब्बी हाथ में लिए नजर आ रहा है। जो माचिस जलाकर स्वयं को आग लगाने की कोशिश करता हुआ दिखाई दे रहा है हालांकि माचिस जलने के पूर्व ही छात्रों व अन्य लोगों ने उसे पकड़ लिया। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक ने कालेज परिसर में ऐसा कदम क्यों उठाया है ।

### चर्चाओं का बाजार गर्म

सोशल मीडिया पर जारी वीडियो और जानकारी में बताया जा रहा है कि घटना के एक दिन पूर्व मंगलवार को युवक अपनी बुलट गाड़ी से ग्राम डोंगरिया स्थित सरदार पटेल यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करने गया था। जिसने अन्य छात्रों की तरह अपनी बुलट कॉलेज की पार्किंग में खड़ा किया था। बताया जा रहा है कि जब युवक वापस घर आने के लिए पार्किंग स्थल पर पहुंचा तो मौके पर उसकी बुलट नहीं थी। आसपास खोजबीन करने पर भी उसे उसकी गाड़ी दिखाई नहीं दी। जिस पर युवक ने पार्किंग में खड़े सुरक्षा गार्ड को मामले की सूचना दी, लेकिन सुरक्षा गार्ड ने इस मामले से अपने आप को अनभिज्ञ बताया। जिसकी शिकायत सरदार पटेल यूनिवर्सिटी प्रबंधन से करने पर कॉलेज प्रबंधन ने भी इस मामले से अपने आप को अलग कर लिया। बताया जा रहा है कि छात्र ने कॉलेज की पार्किंग से बुलट चोरी जाने की शिकायत एक आवेदन के माध्यम से पुलिस से भी की है। लेकिन इस मामले में अब तक ना तो बाइक चोर का पता चल पाया है और ना ही युवक की बुलट मिल पाई है। जिससे आहत युवक ने बुधवार की सुबह कॉलेज परिसर में स्वयं पर पेट्रोल छिड़कर आग लगाने का असफल प्रयास किया । लेकिन उस युवक के पास खड़े अन्य छात्रों व स्थानी लोगों की सक्रियता के चलते छात्र अपने इस प्रयास में सफल नहीं हो पाया। ऐसी जानकारी अब तक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो के बारे में कही जा रही है।

### इसके पूर्व भी मोटरसाइकिल हुई है चोरी


सोशल मीडिया पर जारी वीडियो और साझा की जानकारी में बताया यह भी जा रहा है कि यहां कोई पहला मामला नहीं है कि जब उक्त सरदार पटेल यूनिवर्सिटी की पार्किंग से मोटरसाइकिल चोरी गई हो। बल्कि इसके पूर्व भी पार्किंग स्थल से मोटरसाइकिल की चोरी हुई है। इस घटना के 15 दिन पूर्व भी एक अन्य छात्र की बाइक चोरी जाने की जानकारी मिल रही है। जिसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है जिससे आहत युवक ने ऐसा प्रयास किया है ऐसी बात कही जा रही है जिसकी फिलहाल पुष्टि नहीं हो पाई है।

### पदमेश न्यूज़ और अखबार नहीं करता मामले की पुष्टि

आपको बताएं कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो और वीडियो को लेकर साझा की गई जानकारी की अब तक आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो पाई है। वही पदमेश न्यूज़ और बालाघाट एक्सप्रेस अखबार भी इस वीडियो और जानकारी की पुष्टि नहीं करता है।

# जिला चिकित्सालय में लगाई गई तीन पानी की टंकियां

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। बालाघाट एक्सप्रेस पद्मेश न्यूज़ की खबर का असर फिर एक बार देखने को मिला है जहां हमने अभी एक दिन पहले ही शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय में पीने के पानी को लेकर मरीज के परिजनों को हो रही समस्या को लेकर एक खबर प्रकाशित की थी जिसमें मरीज के परिजनों द्वारा जिला चिकित्सालय में बीते चार दिनों से पानी नहीं मिलने की समस्या पद्मेश न्यूज़ को बताई थी जिस समस्या को हमारे द्वारा बालाघाट एक्सप्रेस में प्राथमिकता से प्रकाशित किया गया था जिसके बाद जिला चिकित्सालय प्रबंधन ने खबर पर संज्ञान लेते हुए जिला चिकित्सालय में पानी की तीन टंकियां लाकर लगाई है। आपको बता दे की शहीद भगत सिंह जिला चिकित्सालय में ऐसे तो बड़ी-बड़ी मशीन और ऑक्सीजन को लेकर ऑक्सीजन प्लांट लगाए गए हैं लेकिन अस्पताल में इलाज करवाने आये मरीजों के परिजनों को जिला चिकित्सालय में पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा था जिसको लेकर हमारे द्वारा एक दिन पहले ही प्राथमिकता से पानी की समस्या को लेकर एक खबर प्रकाशित की गई थी जिसमें मरीज के परिजनों द्वारा बताया गया था कि उन्हें बीते चार दिनों से जिला चिकित्सालय में पानी नहीं मिल रहा है और वह पीने के पानी के लिए इधर से उधर भटक रहे हैं इस समस्या को हमारे द्वारा प्राथमिकता से बालाघाट एक्सप्रेस में प्रकाशित किया गया था और खबर प्रकाशन के बाद जिला चिकित्सालय के प्रबंधन ने खबर पर तुरंत ही संज्ञान लिया और खबर का असर भी देखने को मिला और प्रबंधन द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर में तीन पानी की टंकी लगवाया है जिससे अभी जिला चिकित्सालय में मरीजों के परिजनों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो रहा है बता दें कि यह कोई पहली बार नहीं हुआ था कि मरीजों को पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है बल्कि इसके पहले भी ऐसा कई बार हो चुका था कि मरीज के परिजनों को अस्पताल में पानी नहीं मिल रहा था और हमने सिविल सर्जन से इस विषय में बात की थी तो उनके द्वारा बताया गया था कि नगर पालिका द्वारा पानी सप्लाई नहीं करने के कारण यह समस्या उत्पन्न होती है किंतु अब इस समस्या को देखते हुए जिला चिकित्सालय में स्वयं की पानी टंकी लगा ली गई है अब निश्चित ही जिला चिकित्सालय में पेयजल पर्याप्त रूप से मरीजों के परिजनों को मिलेगा।




# बीमारी से परेशान एक महिला ने अपने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। जिले के मलाजखंड थाने की पाथरी पुलिस चौकी क्षेत्र में आने वाले ग्राम कंदई के जाम टोला में इसी ग्राम की एक महिला सवनी बाई पति दीवान मरकाम 55 वर्ष ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पाथरी पुलिस ने इस महिला की लाश मौके से बरामद कर पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि इस महिला ने बीमारी से परेशान होकर ऐसा कदम उठा लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सवनी बाई अपने पति देवान मरकाम के साथ खेती मजदूरी करती थी। जिसके परिवार में तीन लड़के रायसिंह मरकाम सुखराजी मरकाम सुखदेव मरकाम और एक बेटी सनबती है। दो बेटे रायसिंह मरकाम, सुखराजी मरकाम, बेटी संनबती की शादी हो चुकी है। उनका छोटा बेटा सुखदेव मरकाम कमाने खाने बाहर गया हुआ है। सवनी बाई अपने पति देवान मरकाम के साथ अपने बच्चों से अलग रहती थी। यह बताया गया है कि सवनी बाई बीमारी रहतीं थी जिसका इलाज चल रहा था।सवनी बाई बीमारी से परेशान थी। 22 अप्रैल को सवनी बाई घर में थी। उसका पति देवान मरकाम अपने गांव में ही मजदूरी करने गया था और शाम 7:00 बजे घर वापस आया । दोनों पति-पत्नी ने खाना खाए और सवनी बाई बाजू वाले कमरे में सोने चली गई थी। 23 अप्रैल को सुबह 6:00 बजे सवनी बाई घर में सो रही थी। उसका पति देवान मरकाम उठकर आग सेखने गांव में चला गया था। सुबह 7:00 बजे देवान मरकाम घर आया देखा तो पत्नि सवनी बाई का कमरा अंदर से बंद था। देवान मरकाम ने दीवार के ऊपर जाकर देखा पत्नी सवनी बाई एक लाल रंग के कपड़े में फांसी पर लटकी हुई थी जिसने मकान के अंदर म्याल में कपड़े बांध कर फांसी लगा ली थी और उसकी मौत हो गई थी। देवान मरकाम के द्वारा पाथरी पुलिस चौकी में रिपोर्ट की गई। जहां से प्रधान आरक्षक अमर सिंह हरपाल अपने स्टाफ के साथ ग्राम कंदई जामटोला पहुंचे और सवनी बाई की फांसी पर लटकी लाश नीचे उतरवाये। प्रधान आरक्षक श्री हरपाल ने सवनी बाई की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए। संभावना व्यक्त की गई है कि सवनी बाई ने बीमारी से परेशान होकर के फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आगे मर्ग जांच प्रधान आरक्षक श्री हरपाल द्वारा की जा रही है।



# राज्यस्तरीय टीम ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

## ओपीडी खुलने बंद होने को लेकर रजिस्टर में पाई गई कमियां, जताई नाराजगी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। शिशु मृत्यु दर में कमी व शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा मुस्कान योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना के तहत बुधवार को जिला चिकित्सालय बालाघाट में दो सदस्यीय राज्य स्तरीय टीम पहुंची। जहाँ टीम ने जिला चिकित्सालय के शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र का बारीकी से निरीक्षण किया। बुधवार सुबह 11 बजे राज्य स्तरीय टीम जिला चिकित्सालय पहुंची । टीम के डॉक्टरों ने शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र ,शिशु वार्ड, एससीएनयू, एनआरसी और शिशु रोग ओपीडी का निरीक्षण करते हुए बच्चों को इलाज के दौरान मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अस्पताल प्रबंधन से जानकारी ली। मीडिया को भी जानकारी देने से मना कर दिया गया और मीडिया से दूरी बना ली उन्होंने कहा कि वह निरीक्षण के संबंध में मीडिया को कोई जानकारी साझा नहीं करेंगे। आपको बता दे की प्रशासन द्वारा शिशुओं की मृत्यु दर को कम करने व शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुस्कान योजना की शुरुआत की गई है और इस योजना के अंतर्गत छोटे बच्चों को अलग से इस योजना के तहत देखरेख व उपचार कर उन्हें बेहतर सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से मुस्कान योजना प्रारंभ की



गई है जिसमें राज्य स्तरीय दो सदस्य टीम इस योजना के तहत जिला चिकित्सालय में चल रहे बच्चों के इलाज की और इस योजना के विषय में फीडबैक लेने 24 अप्रैल को बालाघाट पहुंची, जहां उन्होंने शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र का फीडबैक लिया और बच्चों को दी जाने वाली समय-समय पर योजना अंतर्गत फीडबैक को जाना , जिसमें उन्होंने जिला चिकित्सालय के शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में रजिस्टर मेंटेनेंस में काफी कमियां पाई गयी, रजिस्टर मेंटेनेंस में जिला चिकित्सालय के कर्मचारी व प्रभारी द्वारा रजिस्टर में टाइम सही उल्लिखित नहीं किया था, जिस पर टीम ने नाराजगी भी जताई और अन्य वार्डो का निरीक्षण किया बताया जा रहा है कि मुस्कान योजना के तहत जिन-जिन भी जिलों में या सुविधा दी जा रही है उन जिलों में यदि मुस्कान योजना के तहत अच्छा कार्य किया जाता है तो उन हॉस्पिटलों को और भी अतिरिक्त फंड मुहैया कराया जाएगा।

### मीडिया को रखा गया दूर

जैसे ही राज्य स्तरीय टीम ने जिला चिकित्सालय में चल रही मुस्कान योजना की जानकारी लेने पहुंची, तो इस बात की जानकारी लगते ही मीडिया भी उनके इस दौरे की न्यूज़ कवर करने मिडिया कर्मी पहुंचे पर जब हमारे द्वारा स्तरीय टीम से उनके आने के विषय को लेकर चर्चा की गई तो उन्होंने मीडिया से बात करने से साफ इनकार कर दिया और कहा कि वह मीडिया में कोई भी जानकारी शेयर नहीं करना चाहते।

### समय-समय पर होगा अस्पतालों में सुविधाओं का आकलन

मुस्कान योजना के अनुसार समय-समय पर अस्पतालों में इंटरनल असेसमेंट होगा। उसके बाद जिला स्तरीय फिर राज्य स्तरीय असेसमेंट होगा मुस्कान योजना को लेकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार ने सभी अस्पतालों के लिए गाइडलाइन जारी कर दी हैं, जिसमें पीडियाट्रिक की मूलभूत सुविधाएं क्लीनिकल स्टाफ की सुविधा, प्रसव सुविधा, बच्चों के लिए दवाएं और वातावरण पारिवारिक सहयोगी जैसी देखभाल फायर सेफ्टी सुविधा, प्रशिक्षण समय-समय पर इलेक्ट्रिक, ऑडिट, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की भी जांच की जाएगी।

# विश्व मलेरिया दिवस आज

## मलेरिया रोकने जिले में किए गए दो नवाचार, आशा कार्यकर्ताओं को आज किया जाएगा सम्मानित

बालाघाट(पदमेश न्यूज़)। केवल भारत देश मे ही बल्कि सम्पूर्ण विश्व मे आज 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है इस दिन मलेरिया की रोकथाम के लिए विभिन्न जानकारियों से अवगत कराते हुए, कार्यक्रम आयोजित किये जाते है प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जिले मे विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये गये है जहां जिले में मलेरिया पर नियंत्रण पाने के लिए अभियान चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों का सकारात्मक असर दिख रहा है। इन कार्यक्रमों से न सिर्फ लोगों में मलेरिया के प्रति रोकथाम को लेकर सजगता बढ़ रही है बल्कि मलेरिया से बचने के उपायों को भी लोग अपनी आदत में शामिल कर रहे हैं। इस साल एक जनवरी से 31 मार्च तक लगभग 90 लोग मलेरिया से ग्रसित पाए गए हैं, जिनमें अधिकतर मरीज स्वस्थ्य हो चुके हैं। खास बात है कि जिले में लंबे समय से मलेरिया से मौत का मामला प्रकाश में नहीं आया है। पिछले डेढ़ महीने से जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा चला जा रहे 'आशा व्हिसल प्रोग्राम' के जरिए लोगों में मच्छरदानी के उपयोग को लेकर जागरूकता बढ़ी है। यह नवाचार करने वाला बालाघाट इकलौता जिला है, जहां जिले के 417 गांवों में बांटी गईं मच्छरदानियों को रोज उपयोग करने के प्रति जागरूक करने के लिए 530 आशा कार्यकर्ताएं रोजाना अपने-अपने कार्यक्षेत्र के गांवों में सीटी यानी व्हिसल बजाकर मच्छरदानी लगाने और इस सुरक्षा कवच में सोने के लिए जागरूक कर रही हैं। डेढ़ महीने के भीतर ग्रामीणों में मच्छरदानी के प्रति सकारात्मक व्यवहारिक बदलाव देखने मिले हैं। ग्रामीण अब शाम होते ही विभाग द्वारा प्राप्त मच्छरदानियां लगाकर सो रहे हैं। बता दें कि




जिले में दो लाख 24 हजार 300 मच्छरदानी बांटी गई थी। इनके उपयोग को लेकर जागरूकता लाने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज पांडेय के मार्गदर्शन में 'आशा व्हिसल प्रोग्राम' शुरू किया गया है, जो नवंबर माह तक चलेगा।

### 45 से अधिक आशा बहनें होंगी सम्मानित

जिला मलेरिया अधिकारी मनीषा जुनेजा ने बताया कि आशा व्हिसल प्रोग्राम में उत्कृष्ट योगदान देने वालीं 45 से 50 आशा कार्यकर्ताओं को आज गुरुवार को विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन बूढ़ी स्थित आईबीपी-छह में होगा, जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज पांडेय करेंगे। सम्मान स्वरूप आशा कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। खास बात है कि गत दिनों बालाघाट आए क्षेत्रीय संचालक (स्वास्थ्य सेवाएं) डा. संजय मिश्रा व सीएमएचओ ने विभागीय बैठक में स्वास्थ्य विभाग के नवाचार (आशा व्हिसल प्रोग्राम) की सराहना की। सम्मान समारोह में जिले में पदस्थ नए 15 मेडिकल अफसरों को जिले में मलेरिया के वर्तमान परिदृश्य, उपचार आदि विषयों की जानकारी दी जाएगी।

### जहां मच्छरदानी नहीं बंटी, वहां चलाएंगे स्प्रे प्रोग्राम

मनीषा जुनेजा ने बताया कि जिले के 34 ऐसे गांव हैं, जहां मच्छरदानी का वितरण नहीं हो सका है। वहां जून और सितंबर माह में दो चरणों में विशेष स्प्रे प्रोग्राम चलाया जाएगा। पहला चरण एक जून से 31 जुलाई और दूसरा चरण एक सितंबर से 15 अक्टूबर तक होगा। उन्होंने बताया कि बालाघाट के दस में सात ब्लाक मलेरिया संक्रमित श्रेणी में हैं। इनमें बैहर, परसवाड़ा, बिरसा (सोनगुड्डा), लामता (जरेरा, रट्टा), किरनापुर (कसंगी), लालबर्रा (कनकी) और लांजी हैं। इन ब्लाकों के कुछ गांवों में मलेरिया के केस मिल रहे हैं, जिसके पीछे बड़ी वजह पलायन है, जिस पर नियंत्रण पाने के लिए विभाग मैदानी अमले के साथ मिलकर लगातार कार्यक्रम कर रहा है।

### जागरूकता कार्यक्रमों की बदौलत मलेरिया पाया नियंत्रण -पांडेय

वहीं पूरे मामले को लेकर दूरभाष पर की गई चर्चा के दौरान सीएमएचओ डॉक्टर मनोज पांडेय ने बताया कि जिले में लगातार जागरूकता कार्यक्रमों की बदौलत मलेरिया पर नियंत्रण पाया गया है। अत्यधिक गर्मी पड़ने की दशा में लोगों को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना होगा। मच्छरों से मच्छरदानी एक सुरक्षा कवच है। जो गांव संवेदनशील श्रेणी में हैं, वहां ग्रामीण मच्छरदानी का नियमित उपयोग करें और सुरक्षित रहें।

# अब सातों दिन होगी खरीदी

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उप सचिव बीके चंदेल द्वारा उपार्जन के सम्बंध में पत्र जारी किया गया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने निर्देशित किया है कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ का उपार्जन कार्य सप्ताह में 5 दिन सोमवार से शुक्रवार तक किया जाता है। किंतू कृषकों की सुविधा के मद्देनजर अब ये कार्य सप्ताह में सातों दिन सोमवार से रविवार तक किया जायेगा।

# हट्टा के ग्राम पिंडरई में उड़ानदस्ते ने की छापेमार कार्यवाही

## लाखों का सागौन चिरान सहित अन्य सामग्री जप्त

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। वन परीक्षेत्र हट्टा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिंडरई में वन व्रत बालाघाट के उड़न दस्ते ने छापामार कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति के घर से लाखों रुपए की सागौन व अन्य प्रजाति की चिरान सहित सागौन से बनी अन्य उपयोग सामग्रियां जप्त की है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर की गई इस छापेमार कार्यवाही में उड़न दस्ता की टीम मे शामिल अधिकारियों कर्मचारियों ने ग्राम पिंडरई पहुंचकर पिंडरई निवासी ग्रामीण समृत पिता स्वर्गीय मोतीराम। लिल्हारे के घर छापामार कार्यवाही कर उनके घर में रखी लगभग 52 नाग चिरान,सागौन का दरवाजा, 4 नग सागौन चौखट फ्रेम, एक सोफा सेट सहित अन्य सामग्री जप्त की है। वही आरोपी समृत लिल्हारे के खिलाफ वन सुरक्षा संरक्षण अधिनियम की सम्बंधित धाराओं के तहत प्रकरण तैयार कर, मामले को जांच में लिया है जिसकी जांच वरिष्ठ स्तर से की जा रही है।



### मुखबिर से मिली थी सूचना- गनवीर

बालाघाट उड़न दस्ता द्वारा की गई छापेमार कार्वाई को लेकर की गई चर्चा के दौरान बालाघाट उड़न दस्ता प्रभारी सुपद गनवीर ने बताया की हट्टा के ग्राम पेंडरई निवासी समृत लिल्हारे के घर वनोपज की चिराग होने और सागौन की लकड़ी से विभिन्न प्रकार की वस्तुएं बनाए जाने की सूचना मुखबिर से प्राप्त हुई थी। मुखबिर से मिली इस सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।जहां से नोटिस लेकर बुधवार को आरोपी के घर दबिश दी गई है।आरोपी के घर नोटिस तामील कर उनके घर में सर्चिंग अभियान चलाया गया। जहां से सागौन सहित अन्य प्रजाति के 52 नग चिरान, सागौन का दरवाजा, दरवाजे की चौखट, सोफा सेट सहित अन्य सामग्री जप्त की गई है। जहां जप्त सामग्रियों का पंचनामा बनाकर जप्त सभी चिरान व सामग्रियों को स्थानीय वन परिक्षेत्र के सुपुर्द किया गया है। वहीं आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं के तहत प्रकरण तैयार कर मामले को जांच में लिया गया है। जिसकी जांच की जा जारी है।

# परिधी शरणागत ने प्रदेश स्तर पर लहराया परचम

## कक्षा 12 वी गणित संकाय में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में पाया छटवां स्थान, माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल ने घोषित किया 10 वी व 12 वी बोर्ड परीक्षा का परिणाम

**लालबर्रा ( पदमेश न्यूज )। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा २४ अप्रैल को शाम ४ बजे कक्षा १० वीं एवं १२ वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है और परिणाम जारी होते ही प्रदेश, जिले व ब्लाक में टॉप किये छात्र-छात्राओं के घरों में बधाई देने का दौर जारी है। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी की गई कक्षा १० वीं एवं १२ वीं के परीक्षा परिणाम में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में वैदिक कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल में अध्ययनरत पांडेवाड़ा निवासी किसान अर्जुन शरणागत की बेटी कु. परिधी शरणागत ने गणित संकाय में ५०० में से ४८६ अंक प्राप्त कर प्रदेश में छटवां स्थान पाया है। साथ ही छात्रा कु. परिधि शुरू से ही एक होनहार छात्रा रही है जिन्होने वर्ष २०२२ में कक्षा १० वीं में भी जिले की प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिले में अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम रौशन किया था और वर्ष २०२४ में गणित संकाय से कक्षा १२ वीं में प्रदेश स्तर पर छटवां स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता, स्कूल एवं लालबर्रा क्षेत्र का नाम गौरवांवित किया है। इसी तरह लालबर्रा विकासखण्ड में कक्षा १० वीं का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। प्रदेश में छटवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा परिधी शरणागत एक किसान परिवार से है जिसके पिताजी कृषि करते है जिनके परिवार में माता-पिता, दादा एवं एक बड़ी बहन है और छात्रा भारतीय प्रशासनिक सेवा की तैयारी कर आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है।**





### परिणाम जारी होते ही कही खुशी, कही गम

कक्षा १० वीं, १२ वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही छात्र-छात्राओं ने इंटरनेट व मोबाईल के माध्यम से परीक्षा परिणाम देखा जिसके बाद जिन विद्यार्थियों ने अज्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए है उनके चेहरों पर खुशी नजर आई। वहीं दूसरी ओर जिन विद्यार्थियों के कम अंक आये है वे मायूस नजर आये साथ ही कई विद्यार्थियों का कहना है कि जिस तरह से पेपर बनाये थे उसके अनुसार अंक नही मिले है । साथ ही परिणाम देखने के बाद कक्षा १० वीं, १२ वीं के विद्यार्थियों ने अपने साथियों से संपर्क कर परिणाम जानकर एक-दुसरे को शुभकामनाएं दी एवं प्रदेश में छटवां स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा परिधी शरणागत को स्कूल प्रबंधन व उनके चित-परिचितों के द्वारा मिठाईयां खिलाकर एवं कुछ दूरभाष पर शुभकामनाएं दी। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद स्कूल प्रबंधन के द्वारा भी छात्र-छात्राओं की मेरिट सूची तैयार की जा रही है। इसी तरह नगर मुख्यालय स्थित वैदिक कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा कु. परिधी शरणागत ने प्रदेश के प्रावीण्य सूची में छटवां स्थान प्राप्त की है जिसकी जानकारी लगते ही छात्रा के साथ ही स्कूल प्रबंधन खासा उत्साहित नजर आया एवं छात्रा को स्कूल बुलाकर प्रबंधन के द्वारा उन्हे मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी गई और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई है। आपकों बता दे कि कक्षा १० वीं, १२ वीं का परीक्षा परिणाम इसके पूर्व भी प्रदेश से लेकर जिले में वैदिक कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल ने हमेशा शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी रहा है और स्कूल में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने प्रदेश व जिले में अपना नाम गौरवांवित किया है और वर्ष २०२४ में भी प्रदेश के प्रावीण्य सूची में वैदिक कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा ने छटवां स्थान प्राप्त कर स्कूल व लालबर्रा क्षेत्र का नाम गौरवांवित किया है। छात्रा को शुभकामनाएं देने वालों में वैदिक कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा के डायरेक्टर टीके तुरकर सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल है।

### कलेक्टर बनकर देश की सेवा करना है - परिधी

छात्रा परिधी शरणागत ने बताया कि २४ अप्रैल को कक्षा १२ वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है और मुझे स्कूल के शिक्षकों के माध्यम से जानकारी लगी कि मेरा नाम प्रदेश की प्रावीण्य सूची में छटवें स्थान पर है जिससे मेरे पूरे परिवार व स्कूल में खुशी की लहर व्याप्त है और मैने ५०० में से ४८६ अंक प्राप्त कर ९७.२ प्रतिशत बनाये है। कु. शरणागत ने बताया कि मेरे द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन के साथ ही ६ से ८ घंटे रोज पढ़ाई करती थी और स्कूल में जो पढ़ाया जाता था उसका घर आकर रिविजन करती थी, मेरी इस सफलता का श्रेय मैं अपने स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अपने माता-पिता को देती हूं। साथ ही यह भी बताया कि आगे युपीएससी की तैयारी कर कलेक्टर बनकर देश की सेवा करूंगी।



**परिधी ने किया प्रदेश में**

### नाम रौशन - तुरकर

वैदिक कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल लालबर्रा के डायरेक्टर टीके तुरकर ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा २४ अप्रैल को कक्षा १० वीं, १२ वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है जिसमें हमारे स्कूल का परीक्षा परिणाम प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी बेहतर रहा है और हमारे स्कूल से कक्षा १२ वीं गणित संकाय की छात्रा परिधी शरणागत ने ९७.२ प्रतिशत बनकर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में छटवां स्थान प्राप्त कर स्कूल एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया है यह हमारे लिए गौरव की बात है। श्री तुरकर ने बताया कि प्रतिवर्ष हमारे स्कूल से कक्षा १० वीं, १२ वीं में छात्र-छात्राएं जिले एवं ब्लाक स्तर पर स्थान प्राप्त करते है साथ ही विगत ४ वर्षों से हमारे स्कूल से छात्र-छात्राएं प्रदेश स्तर की प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज करवा रहे है और इस वर्ष भी स्कूल की छात्रा परिधी शरणागत ने प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है एवं परिधी शुरू से ही एक होनहार छात्रा रही है इसके पूर्व में इन्होंने कक्षा दसवीं में जिले में प्रथम स्थान प्रास किया था इसी तरह से अभी कुछ दिनों के बाद सीबीएसई बोर्ड का भी रिजल्ट जारी होना है उसमें भी हमारे स्कूल का परिणाम बेहतर ही रहेगा एवं कक्षा ५ वीं व ८ वीं का भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।



# ट्रक की टक्कर से अशोक की हुई मौत

## आज किया जायेगा पोस्टमार्टम, जांच में जुटी पुलिस

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग ५ किमी. दूर वारासिवनी मार्ग स्थित धरपीवाड़ा व पलाकामथी के बीच पुलिया के समीप ट्रक की टक्कर से पलाकामथी निवासी ३५ वर्षीय अशोक रजक की मौत हो गईं, पुलिस जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पलाकामथी निवासी अशोक रजक बुधवार को दोपहर में लालबर्रा आया था और लालबर्रा में सब्जी व अन्य सामग्री खरीदी कर शाम ४.३० बजे वापस अपने घर पैदल जा रहा था तभी वारासिवनी की ओर से आ रहे १० चक्का ट्रक चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए धरपीवाड़ा व पलाकामथी के बीच स्थित पुलिया के पास अशोक को जबरदस्त टक्कर दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया था। जिसके बाद मार्ग से आने-जाने वाले लोगों ने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी और सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो जाने की जानकारी लगते ही घटना स्थल में लोगों की भीड़ लग गई। जिसके बाद पुलिस घटना स्थल पहुंचकर भीड़ को अलग किया और शव को बरामद कर लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया परन्तु शाम हो जाने के कारण गुरूवार को प्रात: ११ बजे मृतक व्यक्ति का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंपा जायेगा। वहीं घटना के बाद से परिजनों का रो-रो का बुरा हाल हो चुका है। वहीं ट्रक चालक घटनाकारित कर फरार हो गया था जिसे पुलिस ने पकड़ लिया है। साथ ही ट्रक को थाने में खड़ा करवाकर चालक के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतक अशोक रजक के परिवार में उनकी पत्नि व दो बेटिया है और कमाने वाला अशोक ही था परन्तु उनकी सड़क दुर्घटना में मौत हो जाने के बाद परिवार बेसहारा हो गया है जिन्हे जीवनयापन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मृतक व्यक्ति के परिजनों ने पुलिस प्रशासन से ट्रक चालक पर सख्त कार्यवाही कर शासन-प्रशासन से मुआवजा दिलवाने की मांग की है। वहीं पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।





### इनका कहना है

धरपीवाड़ा एवं पलाकामथी के बीच स्थित पुलिया के पास ट्रक की टक्कर से पलाकामथी निवासी अशोक की मौत हो जाने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद तत्काल घटना स्थल पहुंचकर शव बरामद कर लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के शव विज्छेद गृह में रखवा दिया गया है जिसका पोस्टमार्टम २५ अप्रैल को सुबह ११ बजे किया जायेगा एवं मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है।

**महेन्द्रसिंह बघेल**
**उपनिरीक्षक**
**थाना - लालबर्रा**

# ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आज से

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग बालाघाट जिला खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया के निर्देशानुसार २५ अप्रैल से नगर मुख्यालय स्थित शासकीय उत्कृष्ट खेल मैदान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। तत्संबंध में जानकारी देते हुए खेल विभाग के विकासखण्ड समन्वयक लव पटेल ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग बालाघाट जिला खेल अधिकारी कृष्ण कुमार चौरसिया के निर्देशानुसार २५ अप्रैल से २५ जून तक लालबर्रा उत्कृष्ट विद्यालय के खेल मैदान में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है जिसका शुभारंभ २ अप्रैल को किया जायेगा और इस प्रशिक्षण शिविर में कबड्डी, व्हालीवाल, एथलेटिक्स का प्रशिक्षण विजेंद्र उइके, कामिल कुरैशी, राधिका यादव, लव पटेल एवं सीनियर वरिष्ठ खिलाड़ी जय ठाकरे, भीमराज ठाकरे, रविशंकर उयके, विवेक खरगाल, मनीष शिवहरे, विकास चौबे,उमेश सपाटे के द्वारा प्रशिक्षण प्रात: ६ बजे से बजे तक एवं शाम में ४.३० बजे से ७ बजे तक दिया जायेगा। साथ ही यह भी बताया कि इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण में ५ वर्ष से अधिक आयु वर्क के बालक/ बालिका अध्ययनरत, गैर अध्ययनरत, शहरी, ग्रामीण, खेल क्लब, ग्राम पंचायत के बालक-बालिकाएं भाग ले सकते हैं। इस ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में छात्र-छात्राओं व ग्रामीण स्तर के खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिविर का लाभ लेने की मांग खेल विभाग के ब्लाक समन्वयक लव पटेल ने की है।



# बेमौसम बारिश से 'देशी फ्रीज' मटका का व्यवसाय पड़ा ठंडा

## मौसम ठंडा होने से नही हो रही बिक्री, व्यवसाय को लेकर कुम्हार चिंतित





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। गर्मी के दिनों में आमतौर से सभी का गला तर करने वाले देशी फ्रिज के नाम से प्रख्यात मिट्टी के घड़े अब नई पीढ़ी व बदलते परिवेश के चलते कम मायने रखने लगे है तो वहीं अप्रैल माह में भीषण गर्मी की जगह सावन माह की तरह बारिश हो रही है। जिससे मौसम में ठंडकता घुल रही है जिससे कारण देशी फ्रीज यानि मटके की बिक्री बुरी तरह से प्रभावित हो रही है और इस बदलते मौसम के कारण व बदलते परिवेश में मिट्टी के मटकों का चलन कम होने की वजह से इस वर्ष कुम्हारों के द्वारा कम मटकों का निर्माण किया गया है। साथ ही बार-बार मौसम बदलने व बारिश होने से वे मटके सहित अन्य मिट्टी के बर्तनों का निर्माण नही कर पा रहे है जिसके कारण वे खासा परेशान नजर आ रहे है। जबकि ये लोग मिट्टी के मटके व अन्य बर्तन ,मुर्ति बनाकर उसे विक्रय कर प्राप्त आय से अपने परिवार का पालन-पोषण करते है परन्तु उनके इस रोजगार पर बे-मौसम बारिश ने खलल डाल दिया है और मौसम ठंडा होने के कारण देशी फ्रीज (मटका) का व्यवसाय ठंडा पड़ा हुआ है जिसके कारण मटकों की ब्रिकी नही पा रहा है इसलिए कुम्हार अपने व्यवसाय को लेकर चिंतित है। आपको बता दें कि नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में कुम्हारों के द्वारा अपने पुस्तैनी कार्य को आगे बढ़ाते हुए ठंडे पानी के मटके, सुरई, दीपक सहित अन्य मिट्टी के बर्तन बनाकर जीवनयापन करते आ रहे है परन्तु उनका चलन कम होने व इस वर्ष बेमौसम बारिश के कारण उन पर दोहरी मार पड़ी है। जिससे उनका व्यवसाय भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है जिसके चलते उन्हे आर्थिक संकट से जुझना पड़ रहा है। चर्चा में कुम्हारों ने बताया कि विगत कई वर्षों से हमारे द्वारा मिट्टी के मटके, गल्ला, कलशों व अन्य पात्रों का निर्माण कर उसे पकाने के बाद उसे बाजार में विक्रय किया जाता है किन्तु इस वर्ष बेमौसम बारिश से गर्मी नहीं पड़ने के कारण व्यापार में कुछ भी उठाव नजर नहीं आ रहा है एवं प्रतिवर्ष गर्मी के दिनों के ठंडे पानी के मटके की मांग अधिक रहती थी परन्तु फ्रिज व आरो का उपयोग अधिक होने के साथ ही इस वर्ष मौसम परिवर्तन के साथ ही बारिश होने के कारण तेज गर्मी नहीं पड़ रही है जिससे लोगों को गर्मी का एहसास नहीं हो पा रहा है। यहीं वजह है कि ठंडे मटके का भी व्यापार मंदा चल रहा है और मेहनत के हिसाब से दाम नही मिल पा रहे है ऐसी स्थिति में जीवन यापन करने में खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### मौसम परिवर्तन से व्यापार हो रहा प्रभावित - दीपक

दीपक प्रजापति ने बताया कि पीढ़ियों से हमारे द्वारा मिट्टी के बर्तन बनाने का काम किया जा रहा है लेकिन इस वर्ष बे मौसम बारिश की वजह से हमारा मटके का व्यापार मंदा पड़ा हुआ है क्योंकि गर्मी नही पड़ने के कारण मटके नही बिक पा रहे है और मौसम खराब होने के कारण मटके सहित अन्य मिट्टी के बर्तन नही बन पाये है जबकि हिन्दुओं का पर्व अक्षय तृतीया आगामी समय में आने वाला है जिसमें विशेष रूप से मटके (कलशा) की पूजा की जाती है यदि ऐसा ही मौसम रहा तो अक्षय तृतीया पर्व के लिए मटके तैयार नही कर पायेगें और मांग के अनुसार मटकों की पूर्ति नही हो पायेगी ऐसी स्थिति में हमें काफी नुकसान सहना पड़ेगा एवं मौसम परिवर्तन होने से व्यापार प्रभावित हुआ है।



### आर्थिक समस्या से जुझ रहे कुम्हार - पूरनलाल

पूरनलाल घाटे ने बताया कि गर्मी के दिनों में मटके की मांग अधिक होती है और गर्मी के दिनों में लोग मटके का ठंडा पानी पीना अधिक पसंद करते है लेकिन इस वर्ष बे-मौसम बारिश होने से ठंडे मटकों की बिक्री कम हो रही है जिससे कुम्हारों को आर्थिक समस्या से जुझना पड़ रहा है और उनके सामने परिवार का पालन-पोषण करने की समस्या उत्पन्न हो गई है। श्री घाटे ने बताया कि मौसम खराब होने के कारण मिट्टी के बने हुए बर्तन सुख नही पाते है और भट्टा भी नही जल पाता है जिससे बर्तन तैयार नही हो पा रहे है जिसके कारण हमें परेशानी हो रही है और शासन भी कुम्हारों के उत्थान की ओर कोई ध्यान नही दे रही है जिससे हम लोग परेशान है।



### मौसम खराब होने से मिट्टी के बर्तन तैयार करने में हो रही परेशानी - बुध्दराम

बुध्दराम प्रजापति ने बताया कि मिट्टी के बर्तन एवं मूर्ति बनाकर उनका विक्रय करना हमारा पुस्तैनी कार्य है जिसे हम सदियों से करते आ रहे है परन्तु बीते कुछ वर्षों से गर्मी के दिनों में तेज आंधी-तूफान व बारिश के कारण हमारा व्यवसाय बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है क्योंकि हमारा व्यापार पुरी तरह से मौसम पर निर्भर होता है, गर्मी पड़ने पर ही ठंडे पानी के मटके बिक पाते है लेकिन मौसम खराब होने के कारण न मटके तैयार हो पा रहे है न ही जो मटके



# पांढरवानी में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पांढरवानी में स्थित हनुमान मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी २३ अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रात: ५ बजे जलाभिषेक कर भगवान बजरंगबली को चोला अर्पित किया गया जिसके बाद दोपहर १२ बजे संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया जिसके बाद शाम ५ बजे आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सभी भगवान राम, हनुमान के भक्तजनों ने जय-जय श्रीराम, जय, जय भगवान हनुमान के जयकारे लगाते नजर आये जिससे पूरा ग्राम भक्तिमय नजर आया। भक्तजनों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, इस अवसर पर प्रात: ५ बजे हनुमान जी का जलाभिषेक के पश्चात चोला अर्पित किया गया जिसके बाद संगीतमस सुन्दरकाण्ड पाठ पढ़ा गया तत्पश्चात आरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया और यह जन्मोत्सव कार्यक्रम सभी युवा व ग्रामीणों के सहयोग से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीणजन व भगवान हनुमान के भक्तजन उपस्थित रहे।



कंजई में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

# नगर के 3 विद्यार्थियों ने टॉप 10 सूची में दर्ज कराया अपना नाम

## कक्षा दसवीं की प्रदेश सूची में २ बालकों ने जिले में १ बालिका ने प्राप्त किया स्थान





**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा १० वीं एवं १२ वीं के परीक्षा परिणामों का इंतजार कर रहे छात्र.छात्राओं के लिये २४ अप्रैल कि सुबह एक अच्छी खबर परीक्षा परिणाम के रूप में लेकर आई। जिसमें कक्षा १० वीं की प्रदेश सूची में वारासिवनी के २ छात्र ने स्थान दर्ज करवाया। तो वही कक्षा १० वीं की जिला सूची में द्वितीय स्थान पर वारासिवनी की एक छात्रा रही। जिन्होंने यह सफ्लता अर्जित कर जिले व प्रदेश में वारासिवनी का दबदबा बनाये रखा तो वही अपने परिवार स्कूल व ग्राम का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि एमपी बोर्ड माध्यमिक शिक्षा मंडल के परीक्षा परिणामों का बेसब्री से इंतजार छात्र छात्रा कर रहे थे। यह इंतजार आखिरकार २४ अप्रैल की दोपहर ४ बजे उस समय समाप्त हो गया जब माध्यमिक शिक्षा मंडल मुख्यालय से वेबसाइट पर रिजल्ट जारी किया गया। जिसके साथ ही छात्र.छात्राओं और उनके पालकों की भीड़ ऑनलाइन सेंटरों में देखने को मिली ऐसे में पोर्टल भी लोगों को इंतजार करवाता रहा। क्योंकि व्यस्तता के कारण पोर्टल धीरे चल रहा था परीक्षा परिणाम देखने के बाद कुछ लोग उत्साहित नजर आये तो वहीं कुछ लोगों में निराशा देखी गई कि उनके मन अनुसार रिजल्ट नहीं आया तो वहीं कुछ लोगों को पूरक आने पर वे नाराज नजर आये।**

### हर्ष ने प्रदेश में दसवां स्थान किया प्राप्त

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल से कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें प्रदेश की सूची में आईडियल पब्लिक स्कूल वारासिवनी के छात्र हर्ष पिता किरण पटले वारासिवनी निवासी ने दसवां स्थान प्राप्त कर सफलता अर्जित की। पदमेश से चर्चा में हर्ष पटले ने बताया कि उनका प्रदेश में दसवां स्थान आने पर वह बहुत खुश है और यह सभी परिवारजनों गुरुजनों की मदद से संभव हो पाया है। उनका आगे गणित संकाय लेकर जेईई करने का लक्ष्य है। मैंने इस कक्षा दसवीं में ४८५ अंक लाकर परीक्षा उत्तीर्ण की है जिससे मुझे बहुत खुशी है इसके लिये स्वयं ने काफी मेहनत की है जो सोचा था वह अंक प्राप्त हुये है।

### प्रदेश सूची में स्थान पाकर कार्तिक ने बढ़ाया गौरव

नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था आईडियल पब्लिक स्कूल की कक्षा दसवीं के छात्र वारासिवनी निवासी कार्तिक पिता राकेश सेलोकर के द्वारा प्रदेश की सूची में ४८५ अंकों के साथ दसवां स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल परिवार और ग्राम का नाम रोशन किया है। पद्मेश से चर्चा में कार्तिक सेलोकर ने बताया कि मैं बहुत ज्यादा खुश हूं कि प्रदेश सूची में मेरा नाम आया है मुझे ४८५ अंक कक्षा दसवीं में प्राप्त हुये हैं जिसकी वजह से दसवां स्थान प्रदेश सूची में मिला है। इसके लिये मुझे बहुत ज्यादा मेहनत करनी पड़ी जिसमें मेरे माता.पिता और स्कूल के शिक्षक डायरेक्टर सर का काफी अहम योगदान रहा है जिन्होंने हमारी अतिरिक्त क्लास लेकर हमें मजबूत किया। इसी कारण हम आज कक्षा दसवीं में इतना अच्छा प्रदर्शन कर पाये हैं आगे मेरा सपना सिविल सेवा में जाने का है इसके लिये मेरे द्वारा जेईई की तैयारी की जायेगी ताकि में अपने सपने को साकार कर सकू।

### सोनम ठाकरे ने जिले में प्राप्त किया स्थान

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल के द्वारा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नगर की प्रतिष्ठित संस्था केशव इंग्लिश स्कूल वारासिवनी की छात्रा सोनम पिता शिवप्रसाद ठाकरे वारासिवनी निवासी ने जिले में ४८२ अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया। पद्मेश से चर्चा में छात्रा सोनम ठाकरे ने बताया कि जिले की सूची में दूसरा स्थान मुझे प्राप्त होने से मैं खुश जरूर हूॅ परंतु मेरी उम्मीद के अनुसार अंक मुझे प्राप्त नहीं हुये है। इस परीक्षा के लिये मेरे द्वारा बहुत ज्यादा मेहनत की गई थी जिसमें स्कूल के शिक्षक एवं मेरे माता.पिता ने बहुत प्रयास किया था। परंतु होता है कभी नंबर कम आते हैं और जिले में दूसरा स्थान भी ठीक है आगे और बेहतर करने का प्रयास किया जायेगा मेरा सपना है कि मैं सिविल सेवा में जाकर देश और समाज की सेवा के लिये कार्य करु।

# सूखी नहर बनी कूड़ादान

## नगरवासी डाल रहे गंदगी व कचरा





वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। बड़ी नहर में पानी सप्लाई के बंद होते ही फिर एक बार कचरा व अन्य गंदगी डालने का क्रम प्रारंभ हो गया है। नगरवासियों द्वारा इस नहर को कूड़ेदान के रूप में उपयोग किया जा रहा है। जिसमे तरह तरह की गंदगी डालने से आगामी समय जब नहर प्रारंभ होगी तो निश्चित ही किसान की फसल को यह गंदगी काफी नुकसान पहुॅचायेगी। गौरतलब है कि बीते होली पर्व के बाद से ही नहर को बंद रखा गया है। जिसकी वजह नहर के ऊपर नवनिर्मित पुलिया का निर्माण हो रहा है। ऐसे में गर्मी की वजह से नहर पूरी सूख चुकी है। नहर के किनारे रहने वाले लोग व दुकानदार अपना कचरा फैकने के साथ ही अन्य प्रकार की गंदगी व शादी ब्याह में बचने वाले भोजन को डाल रहे है। जिससे असहनीय बदबू भी आती है। ऐसे में सिंचाई विभाग को इस ओर ध्यान देना चाहिये ओर जो लोग नहर में इस तरह की गंदगी फैला रहे है उन पर कार्यवाही करनी चाहिये।

### नहर में डाली जा रही बड़ी संख्या में गंदगी-मानिक नगपुरे


इस संबंध में नगरवासी मानिक नगपुरे ने पद्मेश को बताया कि देखा जा रहा है कि लोग अपने घरो की गंदगी नहर में बड़ी सख्या में डाल रहे है। यह गंदगी नहर के प्रारंभ होते ही सीधे किसानो के खेत में पहुॅचेगी ओर उनकी फसल को नुकसान पहुॅचायेगी। वे भी एक किसान है जो जानते है कि जब किसान अपनी फसल को लगाता है तो कितनी मेहनत करता है मगर यह गंदगी के चलते फसल को जो नुकसान होता है उससे वो काफी दुख में रहता है। श्री नगपुरे ने बताया कि उन्होने इस संबंध में सिंचाई विभाग को भी कुछ लोगो के साथ पूर्व समय जाकर अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई थी ओर उनसे अनुरोध किया था कि नहर की साफ सफाई करवाई जाये मगर ऐसा अभी तक तो होते नही दिख रहा है।

### पुलिया निर्माण की वजह से बंद हुई है नहर-अजय मिश्रा

वही नगरवासी अजय मिश्रा ने पद्मेश को बताया कि वर्तमान समय में लाल किवाड़ी गंगोत्री के पास पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी वजह से नहर बंद है। मगर इस नहर पर नहर के आसपास रहने वाले लोग अपने बच्चो की गंदगी के साथ ही खाना व कचरा डाल रहे है। अभी लोगो को १ रूपये में सरकार राशन दे रही है मगर उस राशन को इस तरह फैकना गलत है। वे यही चाहते है कि इस पर अंकुश लगे ओर सिंचाई विभाग नहर की पूरी सफाई करे ताकि किसान के खेत में स्वच्छ पानी पहुॅच सके। जब इस संबंध में प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी सिचाई विभाग कोमल गजभिये से दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क स्थापित नही हो पाया।

# जर्जर पुलिस क्वार्टर से आबकारी विभाग ने डेढ़ किलो गांजा किया बरामद

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। नगर के वार्ड नंबर ५ बस स्टैंड में स्थित पुलिस क्वार्टर के पास नगर निरीक्षक के निवास से कुछ दूरी पर करीब डेढ़ किलो प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजा आबकारी पुलिस ने लावारिस




हालत में बरामद कर अपनी अभिरक्षा में रख लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बस स्टैंड के पास स्थित पुलिस कालोनी के पास की झोपड़ पट्टी में कुछ लोग अवैध शराब का कारोबार कर रहे हैं। जिस पर आबकारी अमले ने वहाँ दबिश देकर घरों की तलासी ली गयी लेकिन आबकारी को उन घरों में कुछ नही मिला। तब शक के आधार पर आस पास स्थित भवनों की तलासी ली जिसमे वहां जर्जर अवस्था में पड़े पुलिस क्वार्टर की तलाशी ली गई तो वहाँ एक जर्मन के डब्बे में छुपाकर रखे गये करीब डेढ़ किलो प्रतिबंधित मादक पदार्थ गांजा आबकारी विभाग के हाथ लगा जिसे उन्होंने बरामद कर अपने पास रख लिया गया है जिसमें अज्ञात व्यक्ति की पातसजी की जा रही है वही मामले में जांच जारी है। विदित हो कि लंबे समय से यहाँ पर अवैध गांजे का कारोबार फल फूल रहा हैं जिस पर पुलिस विभाग के द्वारा कार्यवाही करने का भी प्रयास किया गया परंतु उनके हाथों कुछ नहीं लग पाया था। जबकि गांजे का ये कारोबार क्षेत्र में तेजी से फ्ल फूल कर युवा पीढ़ी को अपने आगोश में लेकर बर्बादी के गर्त में धकेल रहा हैं। दूरभाष पर चर्चा में आबकारी अधिकारी संदीप श्रीवास ने बताया कि हमें मुखबिर से सूचना मिली थी कि वार्ड नंबर ५ के कूचबंदिया मोहल्ले में कच्ची शराब बेची जा रही हैं जिसकी कार्यवाही के लिये गये थे जाँच के दौरान खाली पड़े पुलिस क्वार्टर में करीब डेढ़ किलो गांजा हमने लावारिस हालात में मिला है जिसमे अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर मामले में जांच की जा रही है।

# ग्राम पंचायत बघोली में जंगली जानवर कर रहे फसल चौपट

## किसानों को हो रहा आर्थिक नुकसान

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी जनपद पंचायत अंर्तगत आने वाली ग्राम पंचायत बघोली में लगी रबी की फसल को जंगली सूअर व चीतल चरकर नुकसान पहुॅचा रहे है। रबी की फसल के तहत वर्तमान समय में किसानो ने धान व गेहूॅ की फसल लगाई है। मगर इस फसल को यह जंगली जानवर प्रतिदिन चरकर किसानो को काफी नुकसान पहुॅचा रहे है। जिससे किसान काफी चिंता में नजर आ रहा है।



### जंगली सूअर व हिरण चर रहे खेत - मिनेश्वर बिसेन

पद्मेश को जानकारी देते हुये किसान मिनेश्वर बिसेन ने बताया कि वर्तमान समय में जंगली सूअर व हिरण हमारी रबी की लगी फसल को काफी नुकसान पहुॅचा रहे है। रात्री में हम किसान गण एकत्रित होकर एक साथ पहरा देते है। यह दोनो ही जंगली प्राणी फसल को खोद देते है साथ ही चर भी लेते है। हम लोग वन विभाग से भी शिकायत नही कर सकते है क्योकि इन जानवरो द्वारा जो फसल का नुकसान किया जा रहा है उसके मुआवजा संबंधी किसी प्रकार का प्रावधान नही है। कई मर्तबा जंगली सूअर ने हम किसानो पर भी हमला किया है।

### जंगली जानवरो का करे वन विभाग उचित बंदोबस्त - टोपलाल पारधी

इसी तरह किसान टोपलाल पारधी ने पद्मेश को बताया कि वन विभाग को इन जंगली जानवरो का बंदोबस्त करना चाहिये। हमारी फसल मौसम से कम जंगली जानवरो के चरने से ज्यादा बर्बाद हो रही है। यह जानवर रात्री में आते है। हम किसान लोग रात्री भर नही जाग पाते है। जो अन्य किसान खेत की रखवाली करते है वे उन्हे जैसे तैसे भगा देते है। हम लोगो को बर्बाद फसल का किसी प्रकार से मुआवजा भी नही मिलता है। जिसकी वजह से हमे आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

### पानी व भोजन की तलाश में आते है जानवर - अशोक पारधी

इस संबंध में ग्राम सरपंच अशोक पारधी ने पद्मेश को बताया कि वर्तमान समय में अधिकांश किसान की रबी फसल खेत में लगी हुई है। जिसे बढ़ी संख्या में जंगली जानवर चौपट कर रहे है। यह जानवर पानी व भोजन की तलाश में हमारे ग्राम तक आ जाते है। हमने पूर्व में भी इस बारे में वन विभाग को सूचना दी थी मगर उनके द्वारा कोई कारगार कदम नही उठाये गये है। खासकर किसानो को सबसे ज्यादा चिंता जंगली सूअर की रहती है जो सीधे हमला करता है। ऐसे में किसान भी अपने खेत की जगवाली करने से गुरेज कर रहे है। इसके पूर्व भी कुछ किसानो पर जंगली सूअर ने हमला किया है।

# कैरियर स्कूल का कक्षा ५ वीं व ८ वीं परीक्षा का परीक्षाफल सराहनीय

वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा घोशित परीक्षा परिणाम के अनुसार नगर की शिक्षण संस्था कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल का पांचवी एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा ५ वीं एवं कक्षा ८ वीं के सभी छात्र एवं छात्राये प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये है। कक्षा ५ वीं में प्रथम आयुश चौधरी पिता हरिश चौधरी ८६ प्रतिशत, द्वितीय कु. खुश्बू सोनटके पिता लेखराम सोनटके ८५प्रतिशत एवं तृतीय इशान्त हेड़ाऊ पिता अजय हेड़ाऊ ८४ प्रतिशत रहें। इसी प्रकार कक्षा ८ वीं में प्रथम स्थान पर कु. सिया दहीलिंगे पिता धरम दहीलिंगे९३ प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर कु. सलोनी आमाडारे पिता राजू आमाडारे ८९.३ प्रतिशत एवं तृतीय स्थान कु. आरोही हरिनखेड़े पिता हौसलाल हरिनखेड़े ८८ प्रतिशत रही। कक्षा ५ वीं के अन्य छात्र छात्राओं में अशिम मिश्रा पिता मिथलेश ७७.७ प्रतिशत अरहन खान पिता मो. अतीक ७७.७ प्रतिशत अर्थव करोले पिता मनोज ६९ प्रतिशत देवांशु आमाडारे पिता राजू आमाडारे ७९.७ प्रतिशत कु. नूरशबा कादरी पिता असलम ७७ प्रतिशत एवं ओम पटले पिता नन्दकिशोर ७५ प्रतिशत सम्मिलित है। इसी प्रकार कक्षा ८ वीं में कु. आरूशी मंडारी पिता देवेन्द्र मंडारी ७९ प्रतिशत अफरोज खान पिता मो. नासीर ६५.८ प्रतिशत कु. अनन्या डेकाटे पिता नरेन्द्र डेकाटे ७६ प्रतिशत कु. असमीरा खान पिता मो. नासीर खान ७६.३ प्रतिशत आयुश गुर्जर पिता सूरज गुर्जर ६५.६ प्रतिशत गीतांश नेवारे पिता संतोश नेवारे ६५.५ प्रतिशत कु. इरम परवीन पिता मोइन ८४.५ प्रतिशत मन्नत मरठे पिता नन्दकिशोंर मरठे ७९ प्रतिशत कू. मासूम बंसोड़ पिता लोकेश बंसोड़ ७५.३ प्रतिशत कु. मोहिनी उइके पिता राजू उइके ८२.३ कु. प्राची कुम्भलवार पिता गौतम कुम्भलवार ८३.५ प्रतिशत प्रिंस बाहेश्वर पिता परमेश बाहेश्वर ७७.८ प्रतिशत राधेश्याम मानेश्वर पिता डुलीचंद मानेश्वर ७५ प्रतिशत कु. रागिनी हेड़ाऊ पिता दिनेष हेड़ाऊ ८७ प्रतिशत रेहन शेख पिता अशिक शेख ७६ प्रतिशत कु. सुरभि टेंभरे पिता विजय टेंभरे ७८.५ प्रतिशत त्रिवेश मात्रे पिता अशोक मात्रे ७५ प्रतिशत वैभव पाटिल पिता विकेश पाटिल ८३ प्रतिशत कु. विभूति टेंभरे पिता विजय टेंभरे ७७ प्रतिशत सम्मिलित है। इन शानदार परीक्षा परिणामों के लिये स्कूल संचालक एवं प्राचार्य निरंजन बिसेन एवं कैरियर शिक्षा समिति की सचिव श्रीमती पुश्पा बिसेन सहित समिति के समस्त पदाधिकारीयों द्वारा इसे छात्र छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं के परिश्रम का परिणाम बताया है।

# रामपायली में स्थित सिध्द लंगड़े हनुमान भगवान की मनाई गई जयंती

## शोभायात्रा में झॉकी रही आकर्षण का केन्द्र

रामपायली/वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्थानीय श्री राम मंदिर में सिद्ध श्री लंगड़े हनुमान महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें संध्याकाल भगवान श्री राम भक्त हनुमान जी की भव्य झांकी निकालकर शोभायात्रा निकाली गई जिसमें कर्नाटक राज्य से पधारे प्रसिद्ध हनुमान भक्त कलाकारों ने भगवान हनुमानजी महाराज स्वरुप बनकर शोभायात्रा में शामिल हुये जो विशेष आकर्षण का केंद्र था। यह जुलूस भगवान श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर से निकला लेकिन तेज बरसात के कारण लंबी दूरी तय नहीं कर पाये वापस मंदिर परिसर में लौट गई जहां महाप्रसाद भक्तों ने ग्रहण किया। प्रात: काल भगवान हनुमानजी महाराज का अभिषेक एवं विधि विधान से पूजन किया गया दिनभर हनुमान चालीसा पाठ भक्तों द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर एवं क्षेत्र के अनेक धर्म प्रेमी जनता ने भाग लिया।



खैरलांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

भोरगढ़ में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

कटंगी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# भविष्य का बीमा करने की कवायद

बीमा उत्पादों के शीर्ष नियामक, भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने बीमा कंपनियों से नागरिकों की व्यापक जनसांख्यिकी को स्वास्थ्य बीमा का लाभ उठाने में समर्थ बनाने को कहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उसने बीमा प्रदाताओं को वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है क्योंकि 65 साल से ऊपर के लोगों के लिए वर्तमान में नई पॉलिसी जारी करने पर रोक है। यह कदम स्पष्ट रूप से भारत में हो रहे जनसांख्यिकीय बदलावों की स्वीकृति है। यो तो 2011 के बाद से भारत की जनसंख्या के आंकड़ों का आधिकारिक तौर पर हिसाब नहीं दिया गया है, लेकिन संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष और विभिन्न विशेषज्ञों के अनुमानों से पता चलता है कि भारत की जनसंख्या लगभग चीन के बराबर हो गई है और यह 2023 में किसी समय उससे आगे निकल गई है। इंडिया एजिंग रिपोर्ट, 2023, जो संयुक्त राष्ट्र के अनुमानों से ली गई है, का अनुमान है कि भारत के वरिष्ठ नागरिकों - 60 साल से ऊपर वाले ङ्क की तादाद 2050 तक कुल जनसंख्या के लगभग 10 फीसदी (2022 में 149 मिलियन) से बढ़कर 30 फीसदी (347 मिलियन) हो जाएगी। यह आंकड़ा संयुक्त राज्य अमेरिका की वर्तमान जनसंख्या से कहीं ज्यादा है। कई सबसे विकसित देशों में पहले से ही वरिष्ठ नागरिकों (65 साल से ऊपर) की जनसांख्यिकी 16 फीसदी से लेकर 28 फीसदी तक है। इससे आबादी के इन तबकों के भीतर पहले से ही स्वास्थ्य संबंधी देखभाल, सस्ती दवाओं और उन्हें सहारा प्रदान करने से जुड़े उचित देखभाल के बुनियादी ढांचे की सुलभता को लेकर काफी चिंताएं पैदा हो रही हैं। आर्थिक रूप से विकसित इनमें से कुछ देशों में सरकार द्वारा वित्त पोषित सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियां हैं और बाकी अन्य देश पूरी तरह से निजी स्वास्थ्य सेवाओं पर निर्भर हैं, जहां लागत गुणवत्तापूर्ण देखभाल की सुलभता का एक महत्वपूर्ण निर्धारक है। इनमें से कई देशों में, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों में प्रवेश को लेकर कोई बाधा नहीं है। हालांकि सदियों पहले से बीमांकिक अर्थशास्त्र के सिद्धांतों का पालन करते हुए, उम्र बढ़ने के साथ स्वास्थ्य बीमा उत्तरोत्तर और कभी-कभी तेजी से महंगा होता जाता है।

भारत के आर्थिक अभिजात वर्ग का छोटा, एकल-अंकीय प्रतिशत पहले से ही उन फ्रफैमिली फ्लोटरफ्र योजनाओं के बराबर खर्च कर सकता है, जो एक वरिष्ठ नागरिक को प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य बीमा पर आने वाली लागत से कम लागत पर एक व्यक्ति और उसके माता-पिता की देखभाल करते हैं। अगर आईआरडीए के हालिया दिशा-निर्देश का एकमात्र नतीजा कई और महंगी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियां ??प्रदान करने में होता है, तो यह एक न खाने लायक केक की सजावट की तारीफ करने के बराबर होगा। भारत के भविष्य के लिए अगले दो दशकों के महत्वपूर्ण होने को लेकर काफी कुछ कहा गया है और यह तर्क दिया गया है कि यही समय है जब भारत को अपने 'जनसांख्यिकीय लाभांश' का फायदा उठाना चाहिए। इस कथन के तह में श्रमशक्ति के एक बड़े हिस्से का कृषि से बाहर निकलना और इसके चलते अनिवार्य रूप से वृद्धों की देखभाल करने वाली पारंपरिक संरचना का दरक जाना है। कई दक्षिणी भारतीय राज्यों के अनुभव बेहद संगीन हैं। लिहाजा, स्वास्थ्य बीमा की पात्रता को व्यापक बनाने के साथ-साथ किफायती स्वास्थ्य सेवा का व्यापक उन्नयन भी होना चाहिए।

# मतदाता सूची में नाम न हो तब भी कर सकते है मतदान!

देश मे पहले चरण का लोकसभा चुनाव मतदान 19 अप्रैल को हो रहा है।लोकसभा की 543 सीटों के लिए 97 करोड़ से अधिक मतदाता 10.50 लाख मतदान केंद्रों के माध्यम से विभिन्न चरणों मे मतदान कर सकेंगे।जिसके लिए चुनाव आयोग ने लगभग डेढ़ करोड़ चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की है।मतदान सहज रूप से मतदाताओं को आवश्यक सुविधाओं के साथ सम्पन्न कराया जा सके ,इसके लिए मतदान स्थल पर पेयजल सुविधा, शौचालय, व्हीलचेयर, रैंप, शेड,बिजली आपूर्ति, स्वयं सेवक प्रदत्त किये गए है।देश को मिली आजादी के बाद से अभी तक मतदान के विभिन्न चुनाव में विभिन्न तरीके अपनाये गए है। गांव स्तर से लेकर राज्य और केन्द्र स्तर तक अपना जनप्रतिनिधी चुनने के लिए जो तरीके अपनाये गए उनमें हाथ उठाकर अपना वोट डालने से लेकर ईवीएम वोटिंग मशीन तक का उपयोग मतदाताओं के लिए वरदान बना है। सन 1952 से लेकर साथ के दशक तक गांव में लोग अपना प्रधान व ग्राम सदस्यों का चुनाव हाथ उठाकर करते थे। तब न बैलट पेपर का झंझट था ,न वोटिंग मशीन की जरूरत थी, बस हाथ उठाओं और हो गया वोट । हरिद्वार जिले के गांव खुब्बनपुर निवासी मास्टर सुमन्त सिंह आर्य ने अपनी सरकारी नोकरी के दौरान चार बार ऐसे चुनाव कराये जब वोट बैलट के बजाए हाथ उठाकर दिया गया था। ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान व ग्राम सभा सदस्यो के चुनाव सन 1962 तक हाथ उठाकर ही कराये जाते थे। लेकिन जब हाथ उठाकर वोट देने के कारण लोगो के बीच आपसी राजनीतिक रंजिश बढने लगी तो हाथ उठाकर वोट देने की सरल व सुगम परम्परा को बन्द करना पडा। हालांकि आजादी के पहले तक तो हाथ उठाकर वोट डालने की परम्परा सामान्य थी। लेकिन तब भी कभी बडे सदनो के लिए हाथ उठाकर वोट डालने की प्रक्रिया को नही अपनाया गया।अपने जीवनकाल में स्वाधीनता सेनानी सत्यवती सिन्हा ने अपने अनुभव सुनाते हुए बताया था कि पहले लोग वोट का मतलब तक नही समझते थे । एक बार जब वे लोगो को एक पार्टी विशेष के पक्ष में वोट डालने के लिए कहने गई और उन्हे उस समय के चुनाव चिन्ह बैलो की जोडी के बारे में बताया तो गांव की महिलाओं ने वोट डालने के लिए मतदान केन्द्र पर जाने के बजाए खेतो में जाकर बैलो की जोडी के सामने पांच पांच पैसे चढा दिये और समझ लिया कि उन्होने मतदान कर दिया है। ग्राम प्रधान रह चुकी कमला बमोला का कहना है कि मतदान के लिए आज भी कई स्थानों पर लोगो को कई कई किमी तक पैदल जाना पडता है जो कि एक गलत व्यवस्था है। उन्होने माना कि चुनाव में काफी सुधार हुए है लेकिन अभी भी चुनाव धन बल की विकृति से मुक्त नही हो पाया है।गरीब व आम आदमी आज भी चुनाव लडने का साहस नही जुटा पाता। ऐसे में कैसे माना जाए कि

लोग उस आम जनता में से चुन कर जा रहे है जिनकी संख्या कम से कम नब्ब फिसदी है।इसी कारण 90 प्रतिशत लोग आज भी चुनाव न लड पाने की हैसियत न होने के कारण चुनाव से दूर रह जाते है और जनप्रतिनिधी बनने से वंचित हो जाते है। इसी तरह अन्तर्राष्टीय खिलाड़ी डॉ आदेश कुमार शर्मा इस बात से दुखी है कि चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी आज भी वोटरो को प्रलोभित कर वोट पाना चाहते है और जब ऐसे लोग चुनाव जीत जाते है तो चुनाव बाद 5 साल तक फिर वे क्षेत्र में नजर नही आते ऐसे प्रत्याशियो को नकारने पर वे जोर देते है । उन्होने चुनाव आयोग द्वारा चुनाव सुधार की दिशा में टी एन शेषन के समय की गई सख्ती का स्वागत किया था। उनकी सोच है कि चुनाव आयोग टीएन शेषन के समय से ही अच्छे रास्ते पर चलने लगा था परन्तु अब फिर उसकी विश्वनीयता ईवीएम पर सवाल उठने के कारण घटने लगी है ।एक बार विधायक या सांसद बनने पर उनकी आय मे कई सौ गुना वृद्धि कैसे हो जाती है इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।चुनाव आयोग द्वारा दिल्ली में पिछले चुनाव में मतदान के दिन कोई भी प्रत्याशी मतदान स्थल से 100 मीटर दूरी तक मतदाताओं को हाथ जोडकर नमस्ते तक नही कर पाया था,यह प्रावधान लोगो को बहुत पसंद आया है।जब आप वोट डालने मतदान केंद्र पर जाए और आपको पता चले कि आपका वोट किसी ने पहले ही डाल दिया है,ऐसी हालत में आप पीठासीन अधिकारी से टेंडर वोट डालने की सुविधा प्राप्त कर सकते है।यदि किसी मतदान केंद्र पर टेंडर वोट कुल मतदान का 40 प्रतिशत से अधिक हो जाए तो वहां पुन: मतदान कराया जाएगा।वही यदि आपका नाम मतदाता सूची में ही न हो तब आप धारा 49 ए के तहत पीठासीन अधिकारी से चुनौती वोट डलवाने का निवेदन कर सकते है।लेकिन यदि आपका नाम मतदाता सूची में न हो और आपके पास मतदाता पहचान पत्र भी न हो,तब भी धारा 8 के अंतर्गत कोई भी पहचान पत्र जिनमे पैन कार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि दिखाकर मतदान कर सकते है।यानि मतदान करना प्रत्येक नागरिक का मूलभूत अधिकार है,इसलिए मतदान अवश्य करे।

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

**(लेखक सामाजिक सरोकारों से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार है)**

# केरल पर भी सियासी जहर का असर.....

सर्वाधिक शिक्षित केरल पर भी नागपुरिया सियासत का ज़हर असर दिखाने लगा है। यहां के एक निर्दलीय वामपंथी समर्थक विधायक ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को लेकर एक अत्यंत अमर्यादित टिप्पणी की है।इस टिप्पणी से राहुल गांधी पर तो कोई असर नहीं होगा लेकिन केरल की प्रतिष्ठा को धक्का अवश्य लग रहा है।

माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के हिंदू - मुसलमान वाले बयानों पर केंद्रीय चुनाव आयोग की चुप्पी की वजह से राजस्थान से जो ज़हर फैलना शुरू हुआ वो अब केरल तक जा पहुंचा है। केरल के वामपंथी समर्थक नेता ने राहुल गांधी के डीएनए को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की है। उन्हें राहुल के गांधी होने पर शक है।

अनवर ने कहा कि वे बहुत नीचे गिर गए हैं। मुझे शक है कि राहुल गांधी का जन्म नेहरू परिवार में हुआ था। मेरे ख्याल से उन्हें अपने सरनेम में गांधी का भी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

अनवर ने यह बात राहुल गांधी के उस बयान के खिलाफ कही, जिसमें उन्होंने केरल के मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा था कि दो मुख्यमंत्री जेल में हैं। केरल के मुख्यमंत्री के साथ ऐसा कैसे नहीं हो रहा? यह थोड़ा हैरान करने वाला है।

राहुल के इस बयान से आईएनडीआईए ब्लॉक गठबंधन नेताओं, कांग्रेस और माकपा के बीच चल रहा मतभेद और बढ़ गया है। दुख की बात ये है कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अनवर को डांटने के बजाय उनका क

बचाव करते हुए कहा- राहुल को बोलते हुए सावधान रहना चाहिए।

राहुल ने विजयन के खिलाफ कोई अभद्र टिप्पणी नहीं की थी।एक सामान्य बात कही थी।विजयन चूंकि वामपंथी हैं इसलिए उन्हें दूध का धुला होने का तमगा नहीं दिया जा सकता। बहरहाल इस समय देश की फिजा में चौतरफा ज़हर ही ज़हर है। अकेले भाजपा इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं।सभी राजनीतिक दलों में लगता है कि ज़हर फैलाने की होड़ लगी है।

मौजूदा हालात में केंद्रीय चुनाव आयोग का निकम्मापन खुलकर सामने आ गया है। केंचुए के पास इतनी ताकत नहीं है कि वह बदजुबानी के लिए किसी को भी आंखें दिखा सके। उसके लिए अनवर हों या परम स्वतंत्र आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सब बराबर हैं। केंचुआ केवल कांग्रेसियों को ही एडवाइजरी जारी कर सकता है, उन्हें चुनाव प्रचार करने से रोक सकता है। प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई शिकायत पर संज्ञान लेने की हिम्मत केंचुए में है ही नहीं।

अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव जिस माहौल में हो रहे हैं उसे देखकर लगता है कि नयी लोकसभा भी जहरीली सियासत की तरह ज़हर बुझी ही होगी।जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुसंख्यक समाज में मुसलमानों को लेकर जो भ्रम फैला रहे हैं,उसकी भनक सत्रहवीं लोकसभा में भाजपा सांसद बिधूड़ी के एक मुस्लिम सांसद पर दिए गए भाषण में बहुत पहले मिल चुकी है। मुस्लिम सांसद भले ही बसपा के थे, लेकिन थे तो हिंदुस्तान के।

मतदाताओं को समझना होगा कि यदि वे मुसलमानों को लेकर घृणा फैलाने वालों के फेर में आ गए तो वे भी उस जघन्य पाप के भागीदार बन जाएंगे जो पाप भाजपा और मोदी जी खुल्लम खुल्ला कर रहे हैं। केंचुआ उनका सहायक है। अदालतें स्वयं संज्ञान ले नहीं सकतीं। यानि नेताओं को जहर घोलने की पूरी आजादी है।

देश में कोई भी सरकार रही हो उसने कभी किसी से छीनकर किसी दूसरे को नहीं दिया।दे भी नहीं सकती। भाजपा में भी इतना दम नहीं है कि वो मुसलमान से छीनकर हिंदू को दे दें । भाजपा तीसरी क्या दस बार भी सत्ता में आ जाए देश के 20 करोड़ मुसलमानों को न देश निकाला दे सकती है और न उन्हें बुलडोजर से रोंद सकती है। सियासी बुलडोग भी मुसलमान को नुक्सान नहीं पहुंचा सकते।

केंचुए की लापरवाही और सत्ता प्रतिष्ठान से तालमेल का है खामियाजा देश को न भुगतना पड़े, इसके लिए जरूरी है कि सभी विपक्षी दल सांप्रदायिकता का जहर फैलाने वालों से जूझे में न कि आपस में उलझें। सांप्रदायिक ताकतों की कोशिश तो यही है कि विपक्षी आपस में ही लड़ मरें।विपक्ष को अकेले केरल नहीं बल्कि पूरा देश बचाना है।

बहरहाल अभी वक्त है, चुनाव आयोग नींद से बाहर आए। मोदी हों या राहुल अनवर हों या अरविंद सबको बदजुबानी से रोके। सख्ती से रोके। कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो केंचुए का कुछ नहीं बिगाड़ सकता।टीएन शेषन ने ये कर दिखाया था। संविधान में केंचुए को हर नाग - नागिन को नाथने की ताकत दी है। यदि केंचुए ने अपनी जिम्मेदारी न निभाई तो लोकतंत्र बर्बाद हो जाएगा।

**- राकेश अचल**

# व्यवसायों के लिए क्लाउड कंप्यूटिंग

क्लाउड कंप्यूटिंग से तात्पर्य इंटरनेट पर सर्वर, स्टोरेज, डेटाबेस, सॉफ्टवेयर और एनालिटिक्स सहित ऑन-डिमांड कंप्यूटिंग संसाधनों की डिलीवरी से है। क्लाउड कंप्यूटिंग के साथ, व्यवसाय महंगे भौतिक बुनियादी ढांचे में निवेश करने और उसे बनाए रखने की आवश्यकता से बच सकते हैं, लागत कम कर सकते हैं और लचीलापन बढ़ा सकते हैं।व्यवसायों के लिए क्लाउड कंप्यूटिंग के लाभों पर हमारी व्यापक मार्गदर्शिका में आपका स्वागत है। आज के तेज़ गति वाले डिजिटल परिदृश्य में, क्लाउड कंप्यूटिंग को अपनाना उन संगठनों के लिए एक गेम-चेंजर बन गया है जो अपने संचालन को अनुकूलित करना, उत्पादकता बढ़ाना और अभूतपूर्व स्केलेबिलिटी हासिल करना चाहते हैं। अपनी उन्नत सुविधाओं और लचीलेपन के साथ, क्लाउड कंप्यूटिंग असंख्य लाभ प्रदान करता है जो व्यवसायों के संचालन के तरीके में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। इस लेख में, हम क्लाउड कंप्यूटिंग के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा करेंगे, इसकी अपार संभावनाओं क़ो पता करेंगे और यह आपके व्यवसाय को डिजिटल युग में फलने-फूलने के लिए कैसे सशक्त बना सकता है।

क्लाउड कंप्यूटिंग व्यापार में एक परिवर्तनकारी तकनीक के रूप में उभरी है जो व्यवसायों को केवल स्थानीय बुनियादी ढांचे पर निर्भर रहने के बजाय इंटरनेट पर कंप्यूटिंग संसाधनों और सेवाओं तक पहुंचने में सक्षम बनाती है। आपके व्यवसाय के लिए क्लाउड कंप्यूटिंग की क्षमता को पूरी तरह से समझने के लिए, इसके बुनियादी सिद्धांतों और घटकों को समझना आवश्यक है।क्लाउड कंप्यूटिंग में विभिन्न परिनियोजन मॉडल हैं, प्रत्येक अलग-अलग लाभ और उपयोग के मामले पेश करते हैंसार्वजनिक क्लाउड यह मॉडल इंटरनेट पर कई संगठनों को संसाधन और सेवाएँ प्रदान करता है। यह लागत प्रभावी और स्केलेबल है, जो इसे छोटे से मध्यम आकार के व्यवसायों के लिए उपयुक्त बनाता हैं -

**निजी क्लाउड**- एक निजी क्लाउड में, संसाधन और सेवाएँ एक ही संगठन को समर्पित होती हैं। यह उन्नत सुरक्षा और नियंत्रण प्रदान करता है, जो इसे सख्त अनुपालन आवश्यकताओं वाले बड़े उद्यमों के लिए आदर्श बनाता है।

**हाइब्रिड क्लाउड**- जैसा कि नाम से पता चलता है, एक हाइब्रिड क्लाउड सार्वजनिक और निजी क्लाउड वातावरण दोनों को जोड़ता है। यह व्यवसायों को अधिक लचीलेपन और स्केलेबिलिटी को सक्षम करते हुए, दोनों मॉडलों के लाभों का लाभ उठाने की अनुमति देता है।

**मल्टी-क्लाउड**- मल्टी-क्लाउड रणनीति में विशिष्ट व्यावसायिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कई क्लाउड सेवा प्रदाताओं का उपयोग करना शामिल है। यह विक्रेता क़ो लॉक-इन से बचने में मदद करता है और अतिरेक और लचीलापन प्रदान करता है।

**क्लाउड कंप्यूटिंग व्यवसायों में कई लाभ मिल सकते हैं-**

**लागत बचत**- क्लाउड कंप्यूटिंग अग्रिम बुनियादी ढांचे के निवेश की आवश्यकता को समाप्त कर देती है, जिससे पूंजीगत व्यय कम हो जाता है। भुगतान-एज़-यू-गो मूल्य निर्धारण मॉडल व्यवसायों को लागत को अनुकूलित करते हुए आवश्यकतानुसार संसाधनों को बढ़ाने में सक्षम बनाता है।

**स्केलेबिलिटी और लचीलापन**- क्लाउड कंप्यूटिंग व्यवसायों को मांग में उतार-चढ़ाव के अनुसार संसाधनों को आसानी से ऊपर या नीचे स्केल करने की अनुमति देता है। यह लचीलापन सुनिश्चित करता है कि आप केवल उन संसाधनों के लिए भुगतान करें जिनकी आपको वास्तव में आवश्यकता है, कम उपयोग या क्षमता की कमी से बचें।

**उन्नत सहयोग**- क्लाउड-आधारित सहयोग उपकरण निर्बाध संचार और टीम वर्क की सुविधा प्रदान करते हैं, जिससे कर्मचारी अपने भौतिक स्थान की परवाह किए बिना परियोजनाओं पर सहयोग कर सकते हैं।

**बेहतर डेटा सुरक्षा**- क्लाउड सेवा प्रदाता डेटा को अनधिकृत पहुंच से बचाने के लिए मजबूत सुरक्षा उपाय अपनाते हैं, जिससे पारंपरिक ऑन-प्रिमाइसेस सिस्टम की तुलना में उच्च स्तर की डेटा सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

**व्यापार निरंतरता**- क्लाउड कंप्यूटिंग अंतर्निहित आपदा पुनर्प्राप्ति और बैकअप समाधान प्रदान करता है, डेटा हानि के जोखिम को कम करता है और यह सुनिश्चित करता है कि आपका व्यवसाय किसी भी व्यवधान से जल्दी ठीक हो सकता है।

क्लाउड कंप्यूटिंग की मूलभूत अवधारणाओं और फायदों को समझकर, आप इसके कार्यान्वयन के संबंध में सूचित निर्णय ले सकते हैं और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए इसकी क्षमता का लाभ उठा सकते हैं।

अत: क्लाउड कंप्यूटिंग कई प्रकार के लाभ प्रदान करती है जो सभी आकार और उद्योगों के व्यवसायों को काफी लाभ पहुंचा सकती है।

**- संजय गोस्वामी**

# पुलिस का माफिया राज हाईकोर्ट ने उजागर किया

छत्तीसगढ़ पुलिस का एक नया कारनामा हाईकोर्ट की मेहरबानी से उजागर हुआ है। अपने पड़ोसी द्वारा सडक़ पर अपना अहाता बनाने की शिकायत करने के लिए एक रिटायर्ड शिक्षिका और उनकी इंजीनियर बेटी पुलिस थाने पहुंचे थे, पुलिस ने उन्हें ही गिरफ्तार कर लिया, शाम को अदालत में पेश किया, और कानूनी मदद नहीं लेने दी, और बॉंड भरकर जमानत पर रिहा होने का मौका भी नहीं दिया। पुलिस ने इस रिटायर्ड शिक्षिका को थाने में थप्पड़ भी मारे। अब छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली बेंच ने इसे स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन माना है, और इन्हें तीन लाख रूपए मुआवजा देने का आदेश राज्य सरकार को दिया है। जमानत पर रिहाई के पहले मां-बेटी तीस घंटे जेल में रखे गए थे, और उसका यह मुआवजा अब सरकार की जेब से जाने वाला है। यह तो शहर का मामला है, और शिकायतकर्ता हाईकोर्ट तक जाने की ताकत रखते थे, लेकिन छत्तीसगढ़ के गांव-देहात और जंगलों में बसे हुए लोग इतने कमजोर रहते हैं कि उनके लिए थाने तक जाना भी मुश्किल रहता है, और अगर किसी कानूनी मदद से वे अदालत तक पहुंच भी पाते हैं, तो कई बार तो उनके मामले खारिज ही हो जाते हैं। हम हाईकोर्ट का यह ताजा फैसला इसलिए भी महत्वपूर्ण मानते हैं कि इसके बाद छत्तीसगढ़ पुलिस को कुछ सबक मिलने के आसार बन सकते हैं। हमारा यह भी ख्याल है कि जो पुलिसवाले इस मामले में जिम्मेदार पाए जाते हैं, उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी होनी चाहिए, और पुलिस को यह अक्ल भी मिलनी चाहिए कि शिकायतकर्ता महिलाओं की ऐसी गिरफ्तारी जैसी अराजकता इस प्रदेश में अभी नहीं है। अभी ऐसी कोई इमरजेंसी लगी हुई नहीं है कि पुलिस इतनी मनमानी कर सके, और न ही ये शिकायतकर्ता मां-बेटी पेशेवर मुजरिम हैं जिन्हें कि जेल भेजने की नीयत से इस तरह का इंतजाम किया गया। एक अवैध कब्जा और अवैध निर्माण करने वाले की हिमायती बनकर अगर पुलिस ने शिकायतकर्ता को चुप करवाने की सुपारी उठाई थी, तो इसकी सजा भी उन सबको मिलनी चाहिए जो इसके लिए जिम्मेदार थे। हम हाईकोर्ट के इस कड़े फैसले को किसी संदेह के लायक नहीं मान रहे हैं, और यह फैसला न सिर्फ पुलिस बल्कि दूसरे सरकारी विभागों के लिए भी एक मिसाल बननी चाहिए। हमें सरकारी नियमों की बारीकियां नहीं मालूम हैं लेकिन अगर इन पुलिसवालों की बददिमागी से सरकार को जुर्माना देना है, तो उसकी वसूली भी इन लोगों से होनी चाहिए।

आज हिन्दुस्तान के बहुत से राज्यों में गलत काम करने वालों का ही राज चलता है। जैसा कि इस मामले में हुआ है, अवैध कब्जा और अवैध निर्माण करने वाले को पुलिस से इस दर्जे की गैरकानूनी मदद भी मिली है। अवैध कामों में ही कमाई मोटी रहती है, और ऐसे माफिया का भागीदार बनने के लिए पुलिस और दूसरे सरकारी विभाग सभी उतावले बने रहते हैं। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में ही एक सबसे महंगी रिहायशी कॉलोनी ऐसी है जिसके मालिक ने हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ कोटवार की जमीन अपने घेरे में लेकर कॉलोनी का नक्शा भी पास करा लिया है, और शहर की सबसे महंगे प्लाट भी वहां बेच दिए हैं। जिस-जिस विभाग में इसकी शिकायत हुई, वहां के अफसरों ने भी इस कॉलोनी में जमीनें ले ली, मंत्रियों और नेताओं ने पहले से बहती गंगा में हाथ धो लिए थे। नतीजा यह है कि हर तरह के अवैध काम करने के बाद भी, हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ ऐसी कॉलोनी पनप रही है, और उपकृत आला अफसरों की मेहरबानी से वह अपनी दूसरी कॉलोनियों में भी तरह-तरह के अवैध काम कर रही है। यह किसी एक कारोबारी का हाल नहीं है, और न ही किसी एक कारोबार का, जिनका सरकारी नियमों से कोई भी वास्ता पड़ता है, उन सबके कामों के अवैध दर्जे का यही हाल है। इसलिए ऐसे ताकतवर लोगों के खिलाफ जब कोई शिकायत आती है, तो शिकायतकर्ता को निपटाने के लिए इनकी कॉलोनियों के प्लाट और मकान मालिक बने नेता और अफसर टूट पड़ते हैं। सरकार और कारोबार का यह माफियाई-रिश्ता इतना मजबूत है कि फेविकोल को इसी को अपने इश्तहार में इस्तेमाल करना चाहिए।

फिर पुलिस की बात पर लौटें, तो पुलिस की कोई भी कार्रवाई यह तौल लेने के साथ शुरू होती है कि जिसके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, उससे कमाई की कोई उम्मीद है, या नहीं, उसकी कोई राजनीतिक पहुंच है या नहीं, और अगर राजनीति पहुंच है तो वह सत्तारूढ़ पार्टी में है, या विपक्ष में। जिस तरह हंसों के बारे में कहा जाता है कि वे मोती चुन लेते हैं, उसी तरह हिन्दुस्तानी पुलिस बिना राजनीतिक खतरे वाले मामलों को चुन लेती है, और फिर जिससे कमाई नहीं होने वाली है, उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर देती है। जिस जांच एजेंसी को बिना पूर्वाग्रह के सच को परखना चाहिए, उसके काम की शुरूआत ही फायदे के एक फैसले पर पहुंच जाने से होती है, और फिर उस फैसले के मुताबिक सुबूत जुटाने का सिलसिला चलता है। यह बात बस्तर जैसे इलाके में, नक्सल प्रभावित जंगल और गांव में आदिवासियों के खिलाफ अक्सर ही इस्तेमाल होती है, और उनके तो मामले भी हाईकोर्ट में जाकर दर्जनों के हिसाब से थोक में खारिज हो जाते हैं। वह एक अलग और लंबा सिलसिला है, इसलिए उसकी चर्चा यहां मुमकिन नहीं है। लेकिन बिलासपुर में एक मां-बेटी को जिस तरह उनकी शिकायत शांत करवाने के लिए, और एक अवैध कब्जा-निर्माण करने वाले का साथ देने के लिए पुलिस ने जिस तरह मां-बेटी को जेल भेजा, वह शहरी छत्तीसगढ़ के लिए भी थोड़ी सी अटपटी बात है, और प्रदेश की भाजपा सरकार के राजनीतिक, और दूसरे संगठनों के लोगों को इस पर ध्यान देना चाहिए कि उनकी सरकार की पुलिस अगर इस तरह मुजरिम-दर्जे का काम कर रही है, तो उसे सुधारा जाना चाहिए। ऐसा न होने पर पुलिस सत्ता को कितने गहरे गड्ढे में गिरा सकती है, यह राज्य में पिछले पांच बरस में अच्छी तरह साबित हो चुका है। प्रदेश की भाजपा सरकार को ऐसे अफसरों से सावधान रहना चाहिए जो कि सत्तारूढ़ नेताओं को तुरंत तो खुश करके रखें, लेकिन पांचवें बरस तक इतने गहरे गड्ढे में डाल दें कि संघ के तमाम लोग मिलकर भी भाजपा को नुकसान से न निकाल सकें। हम इस चर्चा को किसी के राजनीतिक नफे-नुकसान के लिए नहीं कर रहे हैं, हम सिर्फ बेकसूर जनता के लोकतांत्रिक हक के लिए यह बात कर रहे हैं, लेकिन इस मिसाल को देना जरूरी इसलिए है कि सत्तारूढ़ नेता इस एक खतरे को कुछ जल्दी समझ पाते हैं।

# नवीन शिक्षा से ज्ञान ही ज्ञान

हमें किसी भी कोर्स के दाखिला लेने के लिए घर से ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते है। परीक्षा के परिणाम के लिए दूर नहीं जाना पड़ता है , घर में हम आसानी से देख सकते है। शैक्षिक क्रियाकलापों में ई कंटेंट के उपयोग से सबको फायदा मिल रहा है। छात्रों के लिए इंटरनेट दैनिक जीवन का हिस्सा बन गया है। इंटरनेट की सहायता से हम किसी भी विषय के बारे में जानकारी ले सकते है। इंटरनेट से हम सभी विषय पढ़ सकते कभी भी। इंटरनेट में बहुत सारे उतर मिलते है जो आसन होता है हम वह पढ़ सकते है। इंटरनेट के आने से हम किसी भी चीज़ या फिर किसी महान लोगो के बारे में कोई भी इनफार्मेशन केवल एक मिनट में निकाल सकते है। स्मार्ट कक्षा और ऑनलाइन कक्षा से बच्चों पढ़ाने के प्रणाली से बच्चों को बहुत फायदा हो रहा है। इंटरनेट की सहायता से छात्रों को सभी विषयों को समझने में आसानी होती है। इंटरनेट में हमें आसानी से सभी विषयों के बारे में आसानी से सारी जानकारी प्राप्त हो जाती है।शैक्षिक क्रियाकलापों में ई कंटेंट का बहुत उपयोग हो गया है। आज के समय में स्रोत के रूप में इंटरनेट बहुत अच्छा स्रोत है। कई बच्चे बचपन से गणित से खौफ में रहते हैं। कॉलेज-विश्वविद्यालय पहुंचने तक गणित का भूत उनका पीछा नहीं छोड़ता। यद्यपि गणित पठन-पाठन को रोचक बनाने के लिए कई नवाचार हुए, पर बच्चों में भय बना हुआ है। जैसा कि कंप्यूटर की विविध क्षेत्रों में उपयोगिता उपर दिखाई गई है। यह सब कंप्यूटर शिक्षा से ही संभव है। कंप्यूटर शिक्षा से जटिलतम प्रश्नों तथा समस्याओं का हल आसानी से किया जा सकता है।

## इन्दौर बाजार भाव –

इन्दौर। मॉग की मजबूती से बुधवार को अनाज मंडी में चना सुधार पर रहा। मसूर व मूंग में बाजार बने रहे। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। किराना जिंसों में व्यापार की मात्रा कम ही रही। शक्कर व खोपरा गोला मजबूती पर रहे।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार चने में पूछपरख से भावों में सुधार दर्ज हुआ। मसूर व मूंग में बाजार बने रहे। खाद्य तेलों में व्यापार की मात्रा कम ही रही। तिलहनों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही देखा गया। उधर, किराना जिंसों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। शक्कर व खोपरा गोला आवकों की सुस्तता से मजबूत रहा। भाव इस प्रकार रहे –

**किराना** - शक्कर 3920-4000, खोपरा गोला 120-140, खोपरा बूरा 2450-4450 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 270-275, मीडियम 280-285, बेस्ट 290-300, ऊंझा हल्का 285-290, मीडियम 310-340, बेस्ट 360-380, हल्दी निजामाबाद 180-215, सांगली 275-290, साबूदाना हल्का 7300-7500, मीडियम 7500-7700, बेस्ट 7900-8000, सच्चा मोती 7350, सौंफ मोटी 130-140, मीडियम 180-220, बेस्ट 280-325, सौंफ बारि?क 270-310, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 575-580, गरबल 550-560, मटर दाना 580-595, खसखस अनक्लीन 800-900, क्लीन 950-1200, दालचीनी 245-255, जायफल 580-650, बेस्ट 700-710, वाद्यान फूल 675-750, शाहजीरा 300-325, तेजपान 91-101, पत्थर फूल 350-380, बेस्ट 475-480, जावत्री 1900-2000, केसर 190-210, सौंठ 190-225, धोली मूसली 975-1100, लौंग 850-900, बेस्ट 950-1000, हींग (वनदेवी 751) 2600, पाउच 2650, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 160-185, सिंदूर 6600, देशी कपूर 550-750, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची शंकर 1850-1900, मीडियम 2050-2100, बोल्ड 2250-2300, एक्ट्रा बोल्ड 2400-2650, पानबार 2150, बड़ी इलायची 1375-1450, मीडियम 1500-1600, बेस्ट 1625-1700, तरबूज मगज 610-640, काजू (240) 750-825, काजू (320) 700-720, काजू डब्ल्यू वन 650-675, एस. डब्ल्यू 625-650, एस.एस. डब्ल्यू 600-630, टुकड़ी 590-610, बादाम मगज 640-770, सिंगापुरी 650-790, टांच 500-575, अखरोट 450-650, जर्दालु 250-350, बेस्ट 450-600, किशमिश कंधारी 420-470, बेस्ट 550-650, इंडियन 140-150, बेस्ट 170-190, चारौली 1485-1500, बेस्ट 1600, मुनक्का 450-550, बेस्ट 650-900, अंजीर 750-1450, मखाना 650-925, खारक 115-135, मीडियम 140-180, बेस्ट 225-250, एक्ट्रा बेस्ट 300-310, पिस्ता 1300-1450, कंधारी 1750-1900, गेहूँ आटा 1560-1570, मैदा कट्टा 1590-1600, रवा कट्टा 1670-1680, बेसन 3950 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 1900-1950, (160) 2100-2150, (200) 2300-2350, (250) 2150-2200

**तेल** - सींगदाना 1500-1520, मुम्बई 1510, राजकोट तेलिया 2360, सोया साल्वेंट 895-900, सोया रिफाइंड 945-950, कपास्या 940, धूलिया 945, कड़ी 945,

**रात की धारणा** - गुजरात लुज 1475, मुम्बई पाम 935, मुम्बई सोया 935,

**खली** - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 1850, देवास-उज्जैन 1850, खंडवा-बुरहानपुर 1825, अकोला 2875 (प्रति क्विं?टल)

**तिलहन** - सरसो 5500-5600, रायडा 4600-4700, सोयाबीन 4600-4650, टोली (महुआ बीज) 4100-4150, अलसी 7500-7600,

**दलहन** - चना कांटेवाला बेस्ट 6150-6200, एवरेज 5850-6000, काबूली चना बिटकी 6300-6600, काबली चना काटकू 6700-7200, काबूली चना मीडियम 7400-8300, काबूली चना डॉलर 9600-10600, मसूर बेस्ट 5975-6000, एवरेज 5850-5900, मूंग देशी 9000-9100, पाला 9100-9200, चमकी 9200-9300, नायलोन 9300-9400, तुअर निमाड़ी बेस्ट 11000-11100, एवरेज 10500-10700, हल्की 9500-9800, तुअर महाराष्ट्र 11500-11700, उड़द बेस्ट 9400-9500, एवरेज 9200-9300, हल्की 9000-9100, शंकर 9200-9400,

**दाल** - चना दाल एवरेज 7900-8000, बोल्ड 8100-8500, तुअर दाल सवा नं. 14200-14400, तुअर दाल फूल 16000-16100, तुअर दाल बोल्ड 17000-17100, मसूर दाल एवरेज 7150-7250, बेस्ट 7350-7450, मूंग दाल 10750-10850, बोल्ड 11000-11100, मूंग मोगर 11200-11300, बोल्ड 11400-11500, उड़द दाल 11300-11500, बोल्ड 11500-11600, मोगर 12100-12200, बोल्ड 12300-12400,

**अनाज** - गेहूं मिल क्वालिटी 2150-2200, (147) 2250-2300, बेस्ट 2300-2350, लोकवन 2500-2550, बेस्ट 2550-2600, चन्द्रोसी 3100-3800, ज्वार देशी 2500-2650, मक्का पीली 2150-2200, गज्जर 2100-2150,

**चावल** - चावल हंसा सफेद 2500-2700, सेला 2900-3100, परमल 2800-3000, दुबराज 4000-4500, राजभोग 7000-7500, काली मुंछ 8000-8500, बासमती दुबार 8500-9000, मीनी दुबार 7500-8000, मोगरा 4200-6500, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 11500-12500, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4300-4800,

**मावा** - इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 340 रू. प्रति किलो।

## इन्दौर सराफा बाजार –

इन्दौर। बुधवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा अच्छी रही। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे –

चॉदी (9999) 80800, चॉदी (99) 80700, टंच 79900, सिक्का 900, सोना 10 ग्राम 74000,

## वित्तीय परिणाम के बाद आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल का शेयर गिरा

नई दिल्ली। निजी क्षेत्र की बीमा कंपनी आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल के शेयर में बुधवार को लगभग सात फीसदी की गिरावट आई है। बीते वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी के मुनाफे में 26 प्रतिशत की गिरावट की सूचना के बाद कंपनी का शेयर गिरा है। बीएसई में शेयर 6.73 प्रतिशत गिरकर 553.15 रुपए पर पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में यह 6.24 प्रतिशत की गिरावट के साथ 556.75 रुपए पर रहा।

## आज का राशिफल

**मेष** - आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आपके परिवार की कलह फिर से सिर उठा सकती हैं, जो आपको परेशान करेगी। आप लोगों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आप किसी से मांग कर वाहन ना चलाएं। आपका ध्यान पूजा पाठ से भटक सकता है। आज आप काम में उलझें रहेंगे। आप अपने काम को लेकर योजना बनाकर आगे बढ़ेंगे, तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपकी संतान को आप कुछ जिम्मेदारी दे ताकि वह भी अपने जीवन की राह में आगे बढ़ सकें।

**वृष** - आज आपको स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना होगा। नौकरी में कार्यरत लोग किसी काम को लेकर बाहर की यात्रा पर जा सकते हैं। जो विद्यार्थी किसी कोर्स में दाखिला लेना चाहते हैं, वह आवेदन कर सकते हैं। आपको किसी विरोधी के बातों में आने से बचना होगा। आपके आसपास कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं, जो आपकी तरक्की देखकर आपसे कुछ ईर्ष्या करेंगे।

**मिथुन** - आज आपकी आध्यात्म की ओर रुचि बढ़ेगी। आपका मन किसी धार्मिक कार्य में लगेगा। व्यापार में आपको कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ाने का मौका मिलेगा। आप किसी काम को लेकर नई दिशा में जा सकते हैं। परिवार के लोगों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपको शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से सावधान रहने की आवश्यकता है। आप अपनी बुद्धिमत्ता से अपने शत्रुओं को आसानी से मात दे पाएंगे।

**कर्क** - आज का दिन आपके लिए सुखमय रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ संबंधों में चल रही दरार दूर होगी। परिवार के सदस्यों को लेकर आप किसी पिकनिक आदि पर जाने की योजना बना सकते हैं। राजनीति में कार्यरत लोगों के कामों के सराहना होगी। बिजनेस में आपकी रुकी हुई योजनाएं गति पकड़ेगी, जो आपको खुशी देंगी। आपको अपने किसी परिजन की ओर से कोई प्रिय वस्तु भेट स्वरूप प्राप्त हो सकती है।

**सिंह** - आज का दिन आपके लिए सावधानी व सतर्कता बनाए रखने के लिए रहेगा। आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा, जिस कारण आप परेशान हो सकते हैं। पिताजी को कोई आंखों से संबंधित समस्या हो सकती है। आपको किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। यदि आपने किसी नए काम में किसी को पार्टनर बनाया, तो वह आपके साथ कोई धोखा कर सकता है।

**कन्या** - आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। बिजनेस में आपको अपने किसी पार्टनर से कोई नुकसान होने की संभावना है। आपको अपने खान-पान पर नियंत्रण बनाए रखना होगा। आपका मन कैसे बात को लेकर परेशान रहेगा। आपकी कोई पुरानी गलती कार्यक्षेत्र में अधिकारियों के सामने आ सकती है, जिस कारण आपके प्रमोशन पर रोक लग सकती है। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा। किसी कानूनी मामले में आप सावधानी से आगे बढ़े।

**तुला** - आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आप किसी नए वाहन की खरीदारी कर सकते हैं। व्यवसाय में यदि आपने किसी को साझेदार बनाने का सोचा है, तो आप उसे बना सकते हैं। परिवार और समाज में आज आपका मान सम्मान बढ़ने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**वृश्चिक** - आज वाद विवाद में पड़ने से बचें। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा। आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। आप अपने आसपास में हो रहे वाद विवाद से दूर रहें। आपका कोई मित्र यदि आपको कोई सलाह दें, तो आप उसमें सोच विचार अवश्य करें। माताजी से आप अपने मन की इच्छा को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

**धनु** - आज का दिन आपके लिए आलस्य को त्याग कर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। आपके लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। आप बिजनेस में अपनी योजनाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे। आप कोई महत्वपूर्ण कदम उठा सकते हैं। आपकी संतान के करियर में चल रही समस्याओं को लेकर किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं।

**मकर** - आज का दिन आपके लिए, प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। व्यवसाय में आप किसी को साझेदार बनाने के लिए, सोच विचार कर सकते हैं। आप यदि परिवार के किसी सदस्य को कोई सलाह देंगे, तो वह उसे पर अमल अवश्य करेंगे। आपका मान सम्मान और बढ़ेगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लगा सकती है।

**कुंभ** - आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। दांपत्य जीवन में चल रही समस्याओं से आपको निजात मिलेगी। आपकी कुछ कामयाबी लंबे समय से रुकी हुई थी, तो वह भी पूरी हो सकती हैं। पारिवारिक जीवन में कुछ समस्याएं आएंगी। फिर वह आसानी से चली जाएगी। राजनीतिक क्षेत्र में कार्यरत लोग अपनी वाणी और व्यवहार से लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेंगे, जिससे उनके जन समर्थन में इजाफा होगा।

**मीन** - आज का दिन आपके लिए तनावपूर्ण रहने वाला है। इसलिए आप अपने परिवार व बिजनेस से संबंधित कोई भी महत्वपूर्ण डिसीजन ना लें, नहीं तो बाद में आपको अपने उस डिसीजन के लिए पछतावा होगा। आपको अपने स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज करने से बचना होगा। आप किसी काम के लिए बाहर जा सकते हैं।

## शब्दजाल - 7519

*शब्द जाल में रेखा द्वारा अभिनीत 10 फिल्मों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे, दाएं से बाएं एवं तिरछे भी हैं.*

सावन भादो, राम बलराम, नियत, सुहाग, खूबसूरत, अगर तुम न होते, झूठी, कर्तव्य, निशान, उमराव जान.


| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | श | मु | ग | सु | हा | ग | व | धी | ल | उ |
| अ | व | का | प्रे | व | अ | स | द | ह | र्म | म |
| ग | य | न | व | दी | खू | स | नि | य | त | रा |
| र | लि | ल | भा | अ | ता | ब | द | ह | ख | व |
| तु | स | अ | ऋ | दो | र | षा | सू | बा | प | जा |
| म | क | र्त | व्य | त | म | ला | र | र | श | न |
| न | स | अ | क | रा | न | भि | द | शा | त | व |
| हो | अ | ल | ल | व | जी | अ | ऐ | नि | प | सा |
| ते | बा | ब | अ | त | क | छ | प्प | न | शा | जू |
| क | म | बा | तें | व | झू | ठी | द | अ | जू | न |
| रा | र | अ | प | अ | व | लो | क | न | प | रु |

### शब्दजाल - 7518 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | नि | गा | र | न | ब | ज | क | ब | ल | न |
| ब | ज | य | लि | दा | व | का | मौ | स | ल | य |
| ई | रा | ब | न | ज | वा | ज्यो | दा | बं | य | ना |
| का | ना | बं | र | ता | वी | ब | ति | ल | न | भि |
| म | इ | दि | म | स | रा | द | श | न | ब | रा |
| न | म | स्का | र | र | र | क | व | ना | श | म |
| न | बं | दि | श | वा | क | जी | र | ग | प | ब |
| व | र | न | ग | मा | व | सी | ब | न | प | न |
| नी | ब | ल | ज | न | बा | री | न | ज | प | र |
| त | मी | ल | प | बू | या | स | वी | ब | प | जा |
| का | न | न | व | नि | र्मा | ण | न | ग | प | बं |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6463



**बायें से दायें:-**

१. सैफ, चंद्रचूड़, प्रीति की 'इसे खेल ना समझो' गीत वाली फिल्म-१,३
४. 'एक लड़की जिसके' गीत वाली संजय दत्त, जैकी, रवीना की फिल्म-२
६. गोविंदा, रवीना टंडन की 'सासूजी थारो लल्ला' गीत वाली फिल्म-३
७. 'हम दिल दे चुके सनम' में सलमान की माँ की भूमिका किसने की थी-३
८. ऋषि कपूर, जूही चावला वाली फिल्म 'दरार' में सहनायक कौन था-४
१०. 'रंग दे रंग दे' गीत वाली फिल्म 'तक्षक' के संगीत निर्देशक कौन हैं-४
१४. राजकुमार, जीतेंद्र की फिल्म 'मेरे हुजूर' की नायिका कौन थी-२
१५. 'दिल है तुम्हारा' में अर्जुन रामपाल के किरदार का क्या नाम है-२
१६. राजेंद्रकुमार, बी. सरोजादेवी की 'जाना तुम्हारे प्यार में' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'इस टूटे दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२०. अक्षयकुमार, करिश्मा की 'माथे पे चमके इसके' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'सोला किये थे' गीत वाली मिथुन, शिल्पा शिरोडकर की फिल्म-४
२४. आमिर खान, माधुरी की 'मुझे नींद न आये' गीत वाली फिल्म-२
२५. नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, कुमार गौरव, जावेद, जूही की फिल्म-२
२६. राजकपूर, दिलीपकुमार की 'उठाये जा उनके' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'ओ मेरे सनम ओ मेरे सनम' गीत वाली फिल्म-३
२८. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'जिसके सपने हमें रोज' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

२. आफताब, लिसा रे की 'कितना बेचैन हो के' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरे बिना मैं कुछ' गीत वाली मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-३
४. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'यारी है ईमान मेरा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'बोल गोरी बोल तेरा कौन पिया' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
७. फिल्म 'रजिया सुल्तान' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-२
८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मीत ना मिला रे मन का' गीत वाली फिल्म-४
९. संजय दत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
११. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-३
१२. राजेश खन्ना, शबाना की 'चलो बुलावा आया है' गीत वाली फिल्म-४
१३. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१७. अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की 'शाबा ये नखरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
२०. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
२१. 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
२२. आयशा, दिव्या भारती, कमल सदाना की 'तेरी मुहब्बत' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'ये काली काली आँखें' गीत वाली फिल्म-४
२४. सनी, बॉबी, उर्मिला की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 6462

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | रू | | खा | मो | शी | | आ | स | ग |
| रू | | फ | न | | बा | द | शा | ह | |
| दे | वी | | दा | ग | | स्त | | र | न |
| व | र | दा | न | | म | क | ड़ी | | ती |
| | ता | | | फॉ | सी | | | ग | जा |
| आ | | स | जा | | हा | र | जी | त | |
| शि | का | र | | आ | | क्ष | | औ | |
| क | | ग | ब | न | | क | ह | र | |
| | धू | म | | बा | जी | | | दि | ल |
| पा | प | | जी | न | त | | डॉ | न | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**25 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.40 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मिथुन | 08.38 बजे से |
| मंगल | मीन में | कर्क | 10.51 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.07 बजे से |
| गुरु | मेष में | कन्या | 15.19 बजे से |
| शुक्र | मेष में | तुला | 17.30 बजे से |
| शनि | कुंभ में | वृश्चिक | 19.45 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 22.01 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.06 बजे से |
| राहुकाल 1.30 से 3.00 बजे तक | | कुंभ | 01.52 बजे से |
| | | मीन | 03.25 बजे से |
| | | मेष | 04.56 बजे से |

**गुरुवार** 2024 वर्ष का 116 वां दिन **दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 06.46 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 02.24 बजे रात्र को समाप्त। **योग** व्यतीपात 04.53 बजे प्रातः को समाप्त। **करण** कौलव 06.46 बजे तदनन्तर तैतिल 19.20 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 17' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871960 **जूलियन दिन** 2460425.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सव्वाल **तारीख** 15 **विशेष** आसों दोज।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः सच्ची प्रार्थना

यहूदी धर्माचार्य रबी बर्डिक्टेव किसी शहर में आए। इस बात की खबर चारों तरफ फैल गई। उनका उपदेश सुनने और उनसे मार्गदर्शन लेने के लिए लोग नियमित रूप से आने लगे। लोग तरह-तरह की समस्याएं लेकर आते। रबी उन्हें धैर्यपूर्वक सुनते और कोई न कोई समाधान जरूर बताते। एक दिन एक गरीब गाड़ीवान भी रबी बर्डिक्टेव के पास आया। वह अपने जीवन की एकरसता से काफी परेशान हो गया था। उसे इस बात की चिंता सताती रहती थी कि वह ईश्वरोपासना के लिए समय नहीं निकाल पा रहा है। वह अपना काम छोड़कर प्रभु की भक्ति में अपना समय लगाना चाहता था। उसने रबी से कहा, "मैं एक गांव से दूसरे गांव गाड़ी हांका करता हूं। यह पेशा मुझे पसंद नहीं, क्योंकि मैं भगवान की प्रार्थना के लिए समय नहीं निकाल पाता। इस बात का मुझे बेहद अफसोस है। मुझे बड़ी ग्लानि होती है। मुझे अब यह पेशा छोड़ देने के अलावा अन्य कोई रास्ता सूझ नहीं रहा है।' यह सुनकर रबी ने पूछा, 'क्या गाड़ी चलाते समय तुम्हारी गाड़ी में बूढ़े यात्रियों से कभी भेंट होती है?' उसने जवाब दिया, 'जी हां, मुझे अक्सर गरीब, दीन-दुखी यात्री मिलते हैं।' फिर रबी का अगला प्रश्न था, 'क्या तुम उन्हें कभी मुफ्त सवारी का अवसर भी देते हो?' गाड़ीवान ने 'हां' कहा। इस पर रबी बोले, 'तब तुम इस पेशे को हरगिज मत छोड़ो। तुम गरीब लोगों को एक जगह से दूसरी जगह मुफ्त में छोड़कर जो पुण्य हासिल कर रहे हो, वह प्रार्थना करने से कभी नहीं मिलेगा। यह काम अगर छोड़ भी दोगे तो इस बात का क्या भरोसा कि तुम्हें दूसरे किसी काम में प्रार्थना के लिए समय मिल ही जाएगा। तुम बुनियादी बात को समझने की कोशिश करो। दीन-दुखियों की सेवा ही भगवान की सच्ची प्रार्थना और भक्ति है। तुम अब से अपने इस काम को प्रभु की प्रार्थना समझकर ही करो। देखो तुम्हारे जीवन में कितना परिवर्तन आता है।' गाड़ीवान उनकी बात समझ गया।

## सूडोकु नवताल- 6772

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | 4 | 2 | | 6 | | 3 |
| | 6 | | 8 | | 7 | | 2 | |
| 4 | 1 | | | | 3 | 5 | 8 | |
| | 9 | 8 | 3 | | | | | |
| 7 | | 4 | | 5 | | 8 | | 1 |
| | | | | | 9 | 7 | 3 | |
| | 8 | 5 | 7 | | | | 4 | 6 |
| | 2 | | 9 | | 1 | | 5 | |
| 3 | | 1 | | 6 | 8 | 9 | 7 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6771 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 3 | 7 | 2 | 4 | 6 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 9 | 7 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 |

## शब्द पहेली - 7987



**बाएँ से दाएँ**

1. पाबंदी, संयम, पाश-3
3. मनुष्य, इंसान-3
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. नलका, टूंटी
8. प्रलय, महासंकट-4
11. दही से बना खाद्य पदार्थ-3
13. निर्माण, निर्मिती-3
14. हुनर, आर्ट-2
15. उम्मीद, आशा-2
16. खाना बनाना-3
18. असफल, अनुतीर्ण-3
20. आभास, भास-3
22. वध-2
24. जी, इच्छा, चित-2
25. सब्जी का सड़ना, बर्फ का पिघलना-3
26. याद करना-3

**ऊपर से नीचे**

1. हड़ताल, स्थिर, रुका हुआ-2
2. लवण -3
3. विश्राम, राहत-3
4. मछली, मत्स्य, राशि चक्र की एक राशि-2
5. बूंद-3
7. शरमाना-3
9. दोस्त, मित्र-2
10. बहुत प्यासा होना-4
12. एकटक निहारना-3
16. शरण, आश्रय-3
17. सम्मान-2
19. चिंतन-3
20. मकान, इमारत-3
21. कमी, थोड़ा-3
23. तज देना-2
24. इंकार, मनाही-2


### शब्द पहेली -7986 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | भ | | न | र | म | | मा | त |
| म | | शा | म | | द | म | | प |
| क | न | क | | ज | | ना | प | ना |
| | मा | | ख | न | क | | र | |
| रा | ज | दा | र | | स | रो | व | र |
| | गा | | ल | गा | म | | रि | |
| र | ह | न | | ल | | मि | श | न |
| म | | ख | त | | पा | त्र | | जा |
| ल | य | | वा | च | क | | ता | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद सेंसेक्स 114 , निफ्टी 34 अंक ऊपर आया

मुम्बई । शेयर बाजार बुधवार को हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। बाजार में ये बढ़त दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। आज कोरोबार के दौरान धातु और कमोडिटी शेयरों में जमकर खरीदारी हुई और उससे भी बाजार को बल मिला पर टेलीकॉम, आईटी और टेक काउंटरों पर भारी बिकवाली के दबाव से इस तेजी पर अंकुश लग गया। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सूचकांक सेंसेक्स 114.49 अंक करीब 0.16 फीसदी बढ़कर 73,852.94 अंक पर बंद हुआ। वहीं पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 34.40 अंक तकरीबन 0.15 फीसदी बढ़कर 22,402.40 अंक पर बंद हुआ। वहीं सेंसेक्स के शेयरों में जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी और बजाज फाइनेंस के शेयरों में तेजी रही जबकि टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टेक महिंद्रा, मारुति, रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाइटन के शेयर गिरावट पर बंद हुए। दूसरी ओर एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग के अलावा यूरोपीय बाजारों में भी




अधिकतर में बढ़त रही। इसके अलावा गत दिवस अमेरिकी बाजार भी बढ़त पर बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह बाजार तेजी के साथ खुले। सेंसेक्स 200 अंक से ज्यादा के अंतर के साथ 73,958 पर खुला। इसी तरह एनएसई निफ्टी 54 अंक ऊपर 22,421 पर खुला। पिछले कारोबारी सत्र में बाजार बढ़त पर बंद हुए थे। वहीं जनरल मोटर्स की बेहतर कमाई के कारण कल रात अमेरिकी बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 0.7 फीसदी की तेजी आई। नैस्डैक 1.6 फीसदी बढ़ा और एसएंडपी 500 1.2 फीसदी बढ़ा। बुधवार को एशियाई बाजार में, जापान का निक्की 2 फीसदी उछली। कोस्पी और ताइवान में 1.7 फीसदी का उछाल आया।

## दिसंबर तिमाही में दूरसंचार सेवा क्षेत्र का एजीआर 1.8 फीसदी बढ़ाः ट्राई

नई दिल्ली । दूरसंचार सेवा क्षेत्र का समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) अक्टूबर-दिसंबर, 2023 में तिमाही आधार पर 1.88 फीसदी बढ़कर 67,835 करोड़ रुपए हो गया। दूरसंचार नियामक ट्राई के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2023 तिमाही में दूरसंचार क्षेत्र का एजीआर एक साल पहले की समान तिमाही के मुकाबले 7.84 फीसदी बढ़ गया। दूरसंचार सेवाओं और अन्य निर्धारित वस्तुओं की बिक्री से दूरसंचार कंपनियों द्वारा अर्जित राजस्व को एजीआर कहा जाता है। दिसंबर 2023 को समाप्त तिमाही में दूरसंचार सेवा क्षेत्र का सकल राजस्व (जीआर) 84,500 करोड़ रुपए, लागू सकल राजस्व (एपीजीआर) 81,101 करोड़ रुपए और एजीआर 67,835 करोड़ रुपये रहा है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) के आंकड़े बताते हैं कि आलोच्य तिमाही में सितंबर तिमाही की तुलना में जीआर में 2.13 फीसदी, एपीजीआर में 1.70 फीसदी और एजीआर में 1.88 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

दूरसंचार सेवाओं के कुल समायोजित सकल राजस्व में एक्सेस सेवाओं का हिस्सा 82 प्रतिशत था। एक्सेस सेवा श्रेणी में दिसंबर तिमाही में भारती एयरटेल का एजीआर तिमाही आधार पर 3.2 प्रतिशत बढ़कर लगभग 20,480.6 करोड़ रुपए हो गया। वहीं सालाना आधार पर इसमें 11.98 फीसदी की वृद्धि रही। रिलायंस जियो के लिए एजीआर तिमाही आधार पर 2.7 फीसदी बढ़कर 24,862.85 करोड़ रुपए हो गया, जबकि सालाना आधार पर वृद्धि 10 फीसदी रही। भारी कर्ज बोझ से दबी वोडाफोन आइडिया का दिसंबर तिमाही में एजीआर पिछली तिमाही की तुलना में 0.65 फीसदी गिरकर लगभग 7,459 करोड़ रुपए हो गया।

## एमडीएच और एवरेस्ट पर रोक के बाद एक्शन में केंद्र सरकार

नई दिल्ली । देश के मशहूर मसाले ब्रांड्स एमडीएच और एवरेस्ट अभी विवादों से घिरे हैं। सिंगापुर और हांगकांग ने इन मसालों के उपयोग करने पर प्र?तिबंध लगा दिया। साथ ही कंपनी को बाजार से मसाले हटाने के भी निर्देश दे दिए, इसके बाद अब भारत सरकार भी एक्शन में आ गई है। देश में मसालों की जांच के साथ ही सरकार ने सिंगापुर और हांगकांग से भी एक विशेष मांग की। भारत सरकार के केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय ने सिंगापुर और हांगकांग से इस मामले से जु?ी पूरी रिपोर्ट की मांग की है। जिसके लिए सिंगापुर और हांगकांग के भारतीय दूतावास को निर्देश भी दिया जा चुका है। भारत सरकार ने कहा कि उन्हें वे सभी विवरण भेजे जाएं, जिनके कारण इन कंपनियों के मसालों पर प्रतिबंध लगा है। भारत सरकार ने इसके साथ ही दोनों कंपनियों एमडीएच और एवरेस्ट से भी मामले पर








अपनी सफाई मांगी है। अधिकारियों का कहना है कि पहले प्रतिबंध के असल कारण का पता लगाया जाएगा। मामला सामने आने के बाद भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने दोनों मसाला ब्रांड्स के साथ ही अन्य कंपनियों के मसालों को भी जांच के लिए भेजा था। इस जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि क्या इन मसालों में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा तय मानक से ज्यादा है।

# तेज आंधी-तूफान ने मचाया कोहराम

## अनेकों पेड़ हुए धराशाही, नगर सहित क्षेत्र के ग्रामों में विद्युत व्यवस्था हुई प्रभावित






लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र में 23 अप्रैल को रात्रि 9 बजे से आंधी तुफान ने जमकर तबाही मचाई है साथ ही मुसलाधार बारिश और बिजली की गर्जना से हर कोई दहल गया था इस कदर यह आंधी तुफान का मंजर रात्रि में लांजी वासियों को देखने मिला है। बतादे की 23 अप्रैल का दिन श्री हनुमान प्रकटोत्सव दिन था दुसरी ओर क्षेत्र अधिक मात्रा में शादी विवाह प्रारंभ, जंहा मंदिरो में पूजन अर्चन महाप्रसाद भण्डारा चल रहा था वहीं नगर सहित ग्रामो में शादी विवाह की बाराते, रिसेप्शन, सगाई या अन्य मांगलिक कार्यक्रमो जोरो आयोजन हो रहा था। दिन मे तो मौसम खुशगंवार था लेकिन रात्रि 9 बजे मौसम ने अपना करवट बदला और रौद्र रूप धारण कर तांडव मचाया जिससे हर कोई दहल गया था, जो जहां था वही थम, सड़के सुनसान हो चुकी थी आवागमन पुर्ण रूप से बाधित हो गया था। लांजी क्षेत्र में 9 बजे आया यह आंधी तुफान किसी साईक्लोन से कम नही था एकाएक तुफान के आने से लोगो संभलने तक का समय नही मिला सबसे अधिक बिजली व्यवस्था बाधित हुई इस तुफान से लांजी क्षेत्र लांजी, भानेगांव, कारंजा, डोंगरगांव एवं आवा पॉवर सप्लाई फीडरो के अन्तर्गत आने वाले ग्रामों या नगर मे कही तार टूटे तो कही खंबे धराशायी हुये तो कही तारों पर पेड़ गिरे तो कही पेड़ो की टहनिया गिरी जिससे विद्युत व्यवस्था बाधित हुई तो वहीं भारी गर्जना एवं बिजली के गिरने से भी विद्युत सप्लाई बंद हुई इस आंधी तुफान से विद्युत विभाग की अनेको सामग्री जिनमें पोल, तार, केबल तार, इन्सुलेटर सहित सर्वाधिक खंबो एवं तार का नुकसान हुआ है जो कि लाखों बताया जा रहा है इसके अतिरिक्त 24 अप्रैल की शाम तक क्षेत्र के ऐसे अनेको ग्राम है जहां विद्युत सप्लाई उक्त समस्या के चलते बाधित रही है शाम तक कुछ गांव में विद्युत सप्लाई प्रारंभ की गई। बतादे कि आंधी तुफान में तथा इतने बडे नुकसान के बावजुद भी विद्युत विभाग रात्रि में फिल्ड पर डटा रहा और देर रात्रि तक कड़ी मेहनत मशक्कत कर जहां जहां की विद्युत सप्लाई प्रारंभ की जा सकती थी वहां की प्रारंभ की जिसमें लांजी नगर भी शामिल है। विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारियो की मेहनत सराहनीय है। लांजी क्षेत्र में आये इस आंधी तुफान ने अनेको समस्या खड़ी कर दी अव्वल तो तुफान इतने अधिक तेज रफ्तार में था की इसने क्षेत्र के अनेको घरों की छते एवं दुकानो के सामने लगी टीन के शेड एवं होडिंग,फ्लैक्स बैनर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये,ख्कई टीन एक दुकान से उड़कर दुसरो की दुकाने एवं छतो पर जा कर गिरे है गनीमत है यह है कि टीन किसी व्यक्ति पर जाकर नही गिरे अन्यथा जन हानि होने की पूर्ण संभावना व्यक्त की जा रही थी लेकिन माल हानि बहुत अधिक मात्रा में हुई है। यह बता पाना मुश्किल है कि क्षेत्र के किन किन ग्रामो में कंहा कंहा तबाही मची है। आंधी तुफान के चलते क्षेत्र के अधिक तर मांगो जिनमें प्रमुख रूप से लांजी आमगांव मार्ग, बालाघाट मार्ग, सालेटेकरी मार्ग, भिलाई मार्ग सहित ग्रामो को जोडने वाले छोटे बड़े सभी मार्गो पर सड़को पर पेड़ धराशायी होते नजर आये। कई जगह छोटे तो कई जगह बड़े पेड सड़को पर गिरे हुये थो जिससे घंटो आवागमन बाधित हुआ है। बतादे लांजी क्षेत्र के प्रमुख भिलाई एवं सालेटेकरी मार्ग पर अत्यधिक पेड़ सड़को के किनारे है और इन मार्गो पर भी पेड़ गिरने से दुसरे राज्यो से आने वाले वाहनो को भारी परेशानी का सामना झेलना पड़ा है। वही अनेको मार्गो पर गिरे पेड़ को सुबह तक नही हटाया गया था जिससे भी ग्राम वासियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आंधी तुफान ने जहां अनेको समस्या खड़ी की वही 23 अप्रैल को क्षेत्र 50 से भी अधिक शादी विवाह, सगाई के मण्डप सजे हुये थे, कहीं बेटी की शादी तो कहीं बेटे की बारात मण्डप तक पंहुच ही रही थी इस आंधी तुफान एवं बारिश के रौद्र रूप में शादी के अनेको मण्डप धराशायी कर दिये, दुसरी ओर विद्युत सप्लाई बंद हो गई। शादी विवाह में बडी मात्रा मे भोजन की व्यवस्था रहती है लेकिन आंधी तुफान और बारिश के आगे भोजन व्यवस्था भी पुरी तरह से चरमरागई जिससे लाखो रूपयो का नुकसान शादी विवाह आयोजन करने वालो को हुआ है। आंधी तुफान ने स्कूलो में भी तबाही मचाई है। क्षेत्र के अनेको स्कूलो मे बच्चो के लिये अनेको खेल सामग्री लगाई जाती है ताकि बच्चे छुट्टी के समय इन सामग्रियो का उपयोग करे। जिसमें घसरपट्टी, झुले सहित अन्य खेल उपयोगी सामग्री भी इस आंधी तुफान मे क्षतिग्रस्त हुई है जिससे स्कूल प्रबंधन को भी आर्थिक क्षति पंहुची है।

# चुनाव के बहिष्कार के बावजूद नहीं जागा ठेकेदार

## ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेड किए जाने लिखा जाएगा पत्र -एच के बागेश्वर एसडीओ



लांजी (पद्मेश न्यूज)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश में हर घर नल के माध्यम से जल पहुंचाने के लिए अति महत्वपूर्ण एवं महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के नाम से 2020 में प्रारंभ की गई। इस योजना का मुख्य उद्देश्य है कि सीधे जनता को सबसे अधिक महत्वपूर्ण जल है तो जीवन है के कहावत को सार्थक करते हुये सभी घरों में नल के माध्यम से पानी पंहुचाया जाना है। केंद्र सरकार द्वारा यह योजना लोकसभा चुनाव के पूर्व सभी घरों में शुद्ध पानी पहुंचाने की थी। उसी के तहत सभी गांवों में सर्वे कर टेंडर कराये गये थे, जो कि टेंडर होने के उपरांत 9 माह के भीतर कार्य पूर्ण किया जाकर लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था। सरकार ने चुनाव के पूर्व आपकी सरकार आपके द्वारा के माध्यम से इसका खूब प्रचार प्रसार भी किया। किन्तु क्षेत्र में लोकसभा चुनाव भी सम्पन्न हो गये फिर भी ठेकेदार व विभाग की हीलाहवाली के चलते आज भी क्षेत्र में इस योजना से स्वीकृत कार्य पूर्ण नहीं हो पाये है।

### चुनाव बहिष्कार के बावजूद कार्य प्रगति में नहीं

क्षेत्र के ग्राम बहेला में जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना 115.54 लाख रूपए के लागत से स्वीकृत कर 52/21-22, 23.8.2021 में ठेकेदार द्वारा अनुबंध कर कार्य प्रारंभ किया गया। इस कार्य को ठेकेदार द्वारा 9 माह में पूर्ण किया जाना था। किन्तु अब तक कार्य पूर्ण नहीं हो पाया। इसी नल जल योजना के चलते बहेला के ग्रामीणों द्वारा लोकसभा चुनाव का बहिष्कार किया एवं ठेकेदारों और संबधित विभाग के अधिकारी इंजीनियर पर कार्यवाही की जाने की मांग भी ग्राम वासियों ने की थी।

### निरीक्षण के दौरान भी नहीं मिला कार्य चालू - एसडीओ

इस संबंध में पीएचई विभाग के एसडीओ एच के बागेश्वर ने जानकारी में बताया कि 24 अप्रैल को कार्य की प्रगति के संबंध में मौके पर निरीक्षण के लिए ग्राम बहेला गये थे, ठेकेदार द्वारा फोन पर बताया गया कि कार्य चालू है किन्तु मौके पर ठेकेदार का कोई भी व्यक्ति कार्य करते नजर नहीं आया। इस तरह कार्य के प्रति ठेकेदार की लापरवाही स्पष्ट नजर आती है। आपने आगे ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई के संबंध में बताया कि ठेकेदार को ब्लेक लिस्टेड किए जाने पत्र लिखा जाएगा।

# जिला बदर के आरोपी को खैरलांजी पुलिस ने पकड़ा



वारासिवनी (पद्मेश न्यूज)। जिला बदर के एक आरोपी को खैरलांजी पुलिस ने २४ अप्रैल को गिरफ्तार किया है। उक्त आरोपी का नाम सुरेश पिता मदनलाल लिल्हारे उम्र ३९ वर्ष खैरलांजी का निवासी है। जिसे जिलाधीश महोदय के द्वारा हॉल ही में चुनाव के पूर्व १ वर्ष के लिये जिला बदर किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त आरोपी सुरेश लिल्हारे खैरलांजी में वेखौफ घूम रहा था। इस बात की सूचना मुखबिर ने पुलिय को दी जिसने उसे मौके पर जाकर पकड़कर अपनी अभिरक्षा में ले लिया है। आरोपी सुरेश को अपराध क्रमांक १४८ धारा २४, धारा १४ राज्य सुरक्षा अधिनियम के उल्लंघन के तहत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को पकड़ने में खैरलांजी पुलिस के उप निरीक्षक सुनील चतुर्वेदी,देवेंद्र गौतम, विष्णु जाट, शिवजी, जितेंद व प्रेम की सराहनीय भूमिका रही।

# सरस्वती शिशु मंदिर लांजी का कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय




लांजी (पद्मेश न्यूज)। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 24 अप्रैल को कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर लांजी के छात्र-छात्राओं का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा। कक्षा 10वीं से प्रथम स्थान कु. चेतेश्वरी संजय कचवाहे 91.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पीयूष रामकुमार महोबिया 87 प्रतिशत, तृतीय स्थान कृष अनिल यादव 82 प्रतिशत, खुलेश गेंदलाल नागपुरे 79.6 प्रतिशत, गणेश मनोज लिल्हारे 77.2 प्रतिशत, गुलशन दुडेश्वर टेम्भरे 76 प्रतिशत, आर्यन महेंद्र वैध 75.4 प्रतिशत, इसी प्रकार कक्षा 12वीं गणित संकाय से प्रथम स्थान कु. हिमांशी कमल दास डहारे 84 प्रतिशत, द्वितीय स्थान अनीश राजहंस बिसेन 70.4 प्रतिशत, कला संकाय से प्रथम स्थान कु. कामिनी रमेश आसटकर 81.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान कु. कंचन संतोष चोरवाड़े 72.2 प्रतिशत, तृतीय स्थान पीयूष पन्नालाल ढोक 70.8 प्रतिशत। जीव विज्ञान संकाय से प्रथम स्थान ओम कुमार राजेंद्र येरने 79.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान स्मृति सदरू लाल बोहने 77.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान गायत्री हुलास राम हिरवाने 68 प्रतिशत, कृषि संकाय से प्रथम स्थान निखिल महेश बापुरे 73.6 प्रतिशत, द्वितीय स्थान जयंत धनंजय कालबेले 65.2 प्रतिशत, तृतीय स्थान कु. किरण यशवंत बापूरे 61.8 प्रतिशत रहा। इस परीक्षा परिणाम पर कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति लांजी के अध्यक्ष श्यामलाल पांडे, उपाध्यक्ष बारेलाल बढड़घैया, सचिव एवं खंड संघ चालक विजय रामटेक्कर, सहसचिव श्रीमती नीलम भर्रे, कोषाध्यक्ष लिकेश एड़े, सदस्य श्रीमती दुर्गा रामटेक्कर, संतोष तिडके, नरेशचंद्र अग्रवाल, राजेश रणदिवे, रमेश भटेरे, विद्यालय के प्राचार्य त्र्यंबक कुमार भगत एवं प्रधानाचार्य सदरूलाल बोहने, विद्यालय के समस्त आचार्य परिवार ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए समस्त छात्र-छात्राओं को बधाइयां प्रेषित की है।

# साकेत पब्लिक स्कूल का 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा सराहनीय

लांजी (पद्मेश न्यूज)। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा 24 अप्रैल 2024 को 10वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नगर के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी साकेत पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी का दसवी और बारहवी बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा ।

### दसवीं मे निहाल धर्मराज घोंगड़े रहे प्रथम

दसवी मे निहाल धर्मराज घोंगड़े 93 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, कृतिका नूतेंद्र रहमतकर 92.2 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, अदिति अनिल महिमेहरो 91.6 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्तकिया इसी क्रम में सुमित कमलदास डाहरे 88.4 प्रतिशत, उमा गिरिष रामटेक्कर 87.6 प्रतिशत, दिव्यांश राजेंद्र बरघैया 87.2 प्रतिशत, ग्रेसी दुलीराम कोठारे 83.8 प्रतिशत, अफिरा रफीक ज़ैनाब 80.8 प्रतिशत, खुशबू बालकृष्ण धारणे 78 प्रतिशत, प्रकाश धनीराम मचगैया 76 प्रतिशत, हेरूषी बीरेंद्र धारणे 74.6 प्रतिशत, वंशिका योगेंद्र मिश्रा 74.6 प्रतिशत, भूपांशू कोमलचंद गुर्दे 74.2 प्रतिशत एवं अन्य छात्र/छात्राओं ने अपना उत्कर्ष प्रदशर्न दिया।

### बारहवीं में प्रवीण अनुपचंद घोरमारे रहे प्रथम स्थान

बारहवीं मे प्रवीण अनुपचंद घोरमारे 91.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, दिव्या महेन्द्र बड़घैया 89.2 प्रतिशत एवं दिक्षा चमरूलाल लिल्हारे 89.2 के साथ द्वितीय स्थान, साहिल संजय सातपुते 87 प्रतिशत, अर्चना अशोक बल्लारखेड़े 87 प्रतिशत, व निशिका उपराड़े 87 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में प्रियांश राजेन्द्र बरघैया 86.8 प्रतिशत, साक्षी मोतीलाल बिसेन 86.6 प्रतिशत, चारू ज्ञानीराम फरडे 85.8 प्रतिशत, सुप्रिया संतोष पटले 84.2 प्रतिशत, सिवानी मुकेश दशरिया 84 प्रतिशत, आस्था गौतराम कुन्घाड़कर 83.8 प्रतिशत, अंशुल सुभाष उरकुड़े 78.2 प्रतिशत, अंगीरा ईश्वरीप्रसाद सातपुते 77.8 प्रतिशत, पूजा नंदकिशोर कालबेले 76 प्रतिशत, शितल संतोष सोनवाने 75.6 प्रतिशत, रितिक रमेश मेहरबान 75 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार को गौरवान्वित किया छात्र/छात्राओं की सफलता पर छात्र/छात्राओं एवं परिजनों को विद्यालय के संचालक संतोष मोरघड, प्राचार्य महेंद्र दुरूगकर, प्रधान पाठक श्रीमती नेत्रेश्वरी सोनवाने तथा शाला परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिका ने बधाई प्रेषित किया।




लांजी में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# स्कूटी चालक पर गिरा पेड़ गंभीर रूप से घायल



लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्र में 23 अप्रैल रात्रि 9 बजे आये आंधी तुफान ने चंहुओर तबाही मचाई है जहां भारी मात्रा में माल की हानि हुई है वहीं शारीरिक क्षति भी इस आंधी तुफान से पंहुची है। बतादे कि लांजी भिलाई मार्ग पर ग्राम वारी एवं बम्हनवाड़ा के मध्य एक स्कूटी चालक पर पेड़ गिरने की जानकारी मिली है जिसमे स्कूटी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूटी चालक जिसका हिरेन्द्र वलके निवासी सालेकसा बताया जा रहा है वह अपने घर जा ग्राम सालेकसा जा रहा था तब ग्राम वारी एवं बम्हनवाड़ा के मध्य पंहुचा ही था की अचानक स्कूटी चालक पर पेड़ गिर गया जिसकी चपेट में आने गंभीर रूप से घायल हो गया, घटना के समय उस वक्त वंहा कोई नही था कुछ समय पश्चात जब स्थानीय लोग घटना स्थल पर पंहुचे तो उनके द्वारा 108 एंबुलेंस को सूचना दी गई। एंबुलेंस की सहायता से उसे सिविल अस्पताल लांजी लाया गया जहां से डॉक्टर ने घायल को जिला अस्पताल बालाघाट रिफर किया गया।

### खड़ी कार पर गिरी पेड़ की शाखा

आंधी तुफान का कहर लांजी सिविल अस्पताल में खड़े वाहन पर भी देखने को मिला है। जहां सिविल अस्पताल लांजी में कार वाहन क्रमांक एमपी 50 सी 7911 खड़ी थी रात्रि मे आये आंधी तुफान में एक जामुन के पेड़ की बड़ी सी शाखा टूटकर गिरने से कार के पीछे की ओर लगे कांच पर जा घुसी जिससे कांच पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गया वही भारी बारिश के चलते कार में पानी भी घुसा बताया जा रहा जिससे कार मालिक को आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है।

# शत-प्रतिशत रहा सार्थक पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम

किरनापुर (पद्मेश न्यूज)। तहसील मुख्यालय किरनापुर नगर में बाबा जुमदेव जी जनकल्याण समिति वारा किरनापुर द्वारा संचालित अंग्रेजी माध्यम की अग्रणी शिक्षण संस्थान सार्थक पब्लिक स्कूल किरनापुर का आज 24 अप्रैल 2024 को माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल द्वारा कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया जिसमें अलीशा शिवेंद्र ऊके ने किरनापुर ब्लॉक में सर्वश्रेष्ठ 95.8प्रतिशत अंक प्राप्त कर सार्थक पब्लिक स्कूल की शान बढ़ाई है, साथ ही पल्लवी प्रकाश जौंजारे ने 95.4प्रतिशत ,गरिमा रामेश्वर बावन 93.8 प्रतिशत , पूर्वांश संतोष महोबे 93प्रतिशत , अर्पिता प्रवेश गुप्ता 92.8प्रतिशत , दिव्यांशु घरडे 92प्रतिशत ,रोचक देवेंद्र पाटले 92प्रतिशत ,अनुराग कमलेश नागदेवे 89.8प्रतिशत , तुषार डहरवाल 88.2प्रतिशत , दिव्यल रहांगडाले 86.2प्रतिशत ,निहारिका बसंत खरे 84.6प्रतिशत और अन्य छात्र छात्राओं ने भी 80प्रतिशत के आसपास प्रतिशत हासिल किया है और सार्थक सीनियर सेकेंडरी स्कूल किरनापुर की शान बढ़ाई है। संस्था प्रमुख इंजी. जितेंद्र भोंडेकर ने सभी बच्चो को अग्रिम शुभकामनाएं दी साथ ही सभी बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की है । स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को भी बधाई दी जिसमे भूपेंद्र सिंह, नेहा कावड़े, जिखारिया नायक, शोभा ठाकरे,कपिल गजभिए,साइमन टेटे, अजय सूर्यवंशी, आशीष नागवंशी,रंजीता मूर्चुले,अर्शी नाज़ ख़ान,रंजित सिंह,माला धारवे, सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के सभी बच्चो को उच्च शिक्षा प्रदान करने में अपना योगदान दिया है स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा ।




भानेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

बोलेगांव में ''पद्मेश''
इंटरनेट (ब्राडबेंड) एवं केबल टीवी
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# आरसीबी को बड़े अंतर से हराने उतरेगी सनराइजर्स





हैदराबाद । इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद टीम अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को बड़े अंतर से हराने के इरादे से उतरेगी। सनराइजर्स जहां इस सत्र में पांच मैच जीतकर 10 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है, वहीं आरसीबी की टीम केवल एक जीत के साथ 2 अंक लेकर दसवें नंबर पर है। ऐसे में इस मैच में उतरते समय भी सनराइजर्स का मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा जबकि आरसीबी दबाव में रहेगी। इस सत्र में अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए सनराइजर्स की टीम आरसीबी से कहीं आगे है।

सनराइजर्स ने इस सत्र में शुरुआत से ही आक्रामक रणनीत अपनायी है जिसका उसे लाभ भी हुआ है। अब इस मैच में भी वह तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर बनाना चाहेगी क्योंकि उसे मालूम है कि आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर है। सनराइजर्स ने इस सत्र में आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाने के साथ ही तीन बार तीन बार 250 रनों से अधिक बनाये हैं। उससे इससे पहले हुए मुकाबले में आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर सबसे बड़े स्कोर का रिकार्ड बनाया था। टीम का लक्ष्य पावरप्ले में तेजी से बल्लेबाजी कर विरोधी गेंदबाजों पर दबाव बनाना रहा है। ऐसे में अब उसे रोकना आरसीबी के गेंदबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की जोड़ी इस मैच में भी नये रिकार्ड कायम करना चाहेगी। इसके अलावा हेनरिच क्लासेन और ऐडन मार्कराम जैसे बल्लेबाजी भी उसके पास हैं। वहीं गेंदबाजी की कमान कप्तान पैट कमिंस और भुवनेश्वर कुमार संभालेंगे

वहीं दूसरी ओर आरसीबी को गेंदबाजी आक्रमण को बेहतर करना होगा। आरसीबी की ओर से अब तब सात विकेट लेकर सबसे अच्छी गेंदबाजी यश दयाल ने की है पर वह भी 24वें स्थान पर है। आरसीबी की टीम आठ में से सात मैच हाकर 2 अंक लेकर सबसे नीचे है। आरसीबी ने अपने पिछले पांच मैच में कम से कम 180 रन दिये हैं और पिछले दो मैच में प्रतिद्वंद्वी टीम ने उसके खिलाफ 200 से ज्यादा रन बनाये हैं।

आरसीबी के बल्लेबाजों ने अपनी गेंदबाजी की खामियों को पूरी करने का प्रयास किया है पर वह सफल नहीं हुई। आरसीबी के बल्लेबाजों ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में काफी रन बनाये पर इसके बाद भी वह एक रन से हार गयी। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने अब तक टूर्नामेंट में आरसीबी की ओर से सबसे अधिक 379 रन बनाये हैं। इसके अलावा कप्तान फाफ डुप्लेसी ने भी अच्छी पारियां खेली हैं।

दूसरी ओर हैदराबाद टीम के हेड और अभिषेक किसी भी शॉट लगाने के किसी भी अवसर को नहीं छोड़ते। हेनरिच क्लासेन भी उनका पूरा साथ देते हैं। ऐसे में इस मैच में सनराइजर्स जीत की प्रबल दावेदार के तौर पर उतरेगी।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं-

**सनराइजर्स हैदराबाद**- पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, ऐडन मार्कराम, मार्को जानसन, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मारकंडे, उपेन्द्र सिंह यादव (विकेटकीपर), उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, ट्रेविस हेड, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह, जे सुब्रमण्यन।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** - फाफ डुप्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), सूयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाशदीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा, रंजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फरग्यूसन, स्वप्निल सिंह और सौरव चौहान।

## 51 साल के हुए सचिन को जन्मदिन पर मिलीं शुभकामनाएं

मुंबई । महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर बुधवार 24 अप्रैल को 51 साल के हो गए। जन्मदिन के अवसर वर सचिन को साथी खिलाड़ियों और प्रशंसकों ने बधाई दी है। सचिन संन्यास के इतने समय बाद भी क्रिकेट जगत में छाये हुए हैं। उन्हें प्रशंसक क्रिकेट का भगवान तक मानते हैं। अपने दो दशक से अधिक समय के सबसे लंबे करियर में सचिन ने सबसे अधिक 100 शतक लगाने के साथ ही 200 टेस्ट खेले। ये उपलब्धि हासिल करने वाले वह विश्व के एकमात्र ख?लाड़ी हैं। अंतर राष्ट्रीय क्रिकेट में मास्टर ब्लास्टर के नाम से लोकप्रिय सचिन ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भी धमाकेदारी क्रिकेट खेला।



आईपीएल में जहां हर एक खिलाड़ी की नीलामी होती है। वहीं सचिन और कुछ वरिष्ठ खिलाड़ी ही ऐसे हैं जो बिना नीलामी में उतरे इसमें शामिल हुए। इसका कारण है कि आईपीएल प्रबंधन और बीसीसीआई ने उन्हें बिना नीलामी के लिए शामिल किया। तब बोर्ड के मन में ये डर था कि क्रिकेट के भगवान सचिन और बाकी दिग्गज खिलाड़ियों की बोली लगाने से प्रशंसक नाराज हो जाएंगे। इसलिए सचिन के साथ ही कुछ दिग्गज खिलाड़ियों को नीलामी में नहीं भेजा गया। इसके बाद 5 खिलाड़ियों को मार्की प्लेयर बनाया गया।मतलब इन्हें पहले ही कुछ फ्रेंचाइजी अपनी टीम में शामिल कर लेंगी। यह 5 खिलाड़ी सचिन, सौरव गांगुली, वीरेंद्र सहवाग, राहुल द्रविड़ और युवराज सिंह।

सचिन को मुंबई इंडियंस, गांगुली को कोलकाता नाइट राइडर्स, सहवाग को दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स), द्रविड़ को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और युवराज को किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) ने शामिल किया।सचिन को मुंबई ने पहले ही सत्र में साइन किया। इसके लिए फ्रेंचाइजी ने मास्टर ब्लास्टर को एक सीजन के लिए 4 करोड़ 48 लाख 50 हजार रुपये फीस दी। 2010 सीजन तक सचिन की फीस यही रही। इसके बाद उनकी फीस बढ़ाकर 8 करोड़ 28 लाख रुपये कर दी गई। सचिन ने 2013 सीजन के बाद आईपीएल से संन्यास ले लिया था।

## इरफान पठान ने टी20विश्वकप के लिए अपनी पसंदीदा टीम चुनी

### रोहित, यशस्वी और विराट को शीर्ष खिलाड़ियों में रखा

नई दिल्ली। पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने आगामी टी20 विश्वकप के लिए अपनी पसंदीदा भारतीय टीम चुनी है। टी20 विश्वपक एक जून से अमेरिका और वेस्ट इंडीज में शुरू होगा। पठान ने अपनी इस टीम में रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली को शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल किया है।

पठान ने कहा कि रोहित कप्तान होने के साथ ही सलामी बल्लेबाज भी होंगे। वहीं यशस्वी उनके जोड़ीदार रहेंगे। उन्होंने इस आईपीएल सत्र में सबसे अधिक रन बनाने वाले विराट कोहली को तीसरे स्थान के लिए रखा है। विराट ने इस सत्र में 150.39 के स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं।

पठान ने सोशल मीडिया पर लिखा, अब विश्व कप करीब है। टीम इंडिया के लिए मेरे शीर्ष खिलाड़ियों में रोहित कप्तानी के साथ ही पारी की शुरुआत करेंगे, वहीं यशस्वी जयसवाल उनका साथ देंगे। इसके बाद विराट कोहली पारी को आगे बढ़ाएंगे। साथ ही कहा कि यशस्वी और विराट ने आईपीएल में भी अच्छी बल्लेबाजी की है।

कोहली ने इस सत्र में आरसीबी की ओर लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत दिलाने का प्रयास किया है। आरसीबी के आठ मैचों में केवल एक मैच जीतने के बाद भी कोहली बल्लेबाजी के दौरान आक्रामक अंदाज अपनाये रहे। उन्होंने इस सत्र में आठ मैचों में 63.17 की औसत से 379 रन बनाए हैं।

पठान ने अपनी इस टीम में सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, शिवम दुबे और हार्दिक पंड्या को भी शामिल किया है पर कहा कि पंड्या को गेंदबाजी करने पर ही लिया जाये।,

### टी20 विश्व कप के लिए इरफान पठान की टीम

रोहित शर्मा(कप्तान), यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, सूर्य कुमार यादव, ऋषभ पंत, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, रिंकू सिंह, रवींद्र जड़ेजा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, बिश्नोई/चहल, शुभमन गिल/संजू सैमसन।

## रोहित-कोहली टी20 विश्वकप में पारी की शुरुआत करे - गांगुली

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने विराट कोहली की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि उन्हें टी20 विश्वकप में रोहित शर्मा के साथ पारी की शुरुआत करनी चाहिये। गांगुली


ने कहा कि विराट में 40 गेंदों में ही शतक लगाने की क्षमताएं हैं। विराट ने इस आईपीएल सत्र में तेजी से खेलते हुए सबसे अधिक रन बनाये है पर इसके बाद भी उनके स्ट्राइक रेट पर सवाल उठे हैं। कोहली ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 67 गेंदों में 100 रन बनाए थे पर इसके बाद भी कहा गया कि उनका स्ट्राइक रेट कम है। इस पर गांगुली ने कहा, 'विराट के पास 40 गेंदों में 100 रन बनाने की भी क्षमताएं है। साथ ही कहा कि भारतीय टीम को टी20 विश्व कप में जीत के लिए उस प्रकार के सलामी बल्लेबाजों की जरुरत है जो मैदान में उतरते ही बड़े शॉट लगा सकें। इसके बाद दिखेगा कि पांच से छह ओवर के बाद क्या होगा। ऐसे में कोहली-रोहित से पारी की शुरुआत करना सबसे बेहतर फैसला रहेगा।

गांगुली का मानना है चयन समिति, कोच राहुल द्रविड़ और रोहित टी20 विश्व कप के लिए टीम के सबसे बेहतर खिलाड़ियों का चयन करेंगे। उन्होंने कहा, 'अगर आप मुझसे पूछें और यह सिर्फ मेरी निजी राय है और मैं यह नहीं कह रहा हूं कि चयनकर्ताओं को ऐसा ही करना चाहिए क्योंकि टीम संयोजन को लेकर आखिरी फैसला उनका ही होता है।

गांगुली ने कहा कि टी20 विश्व कप का चयन आईपीएल के केवल एक चरण पर आधारित नहीं होना चाहिए। आपको हर प्रदर्शन को देखना चाहिये। एक अच्छी टीम में अनुभवी और युवा खिलाड़ियों का बेहतर संतुलन होता है। भारत के पास अभी कई अनुभवी खिलाड़ी और युवा खिलाड़ी है।

## ऋतुराज ने सुपर जायंट्स के खिलाफ मिली हार पर निराशा जतायी

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के नये कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मिली हार पर निराशा जतायी है। ऋतुराज ने कहा कि इस हार को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। इस मैच में ऋतुराज ने शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को एक बेहतर स्कोर बनाने में सहायता की थी पर लखनऊ की ओर से मार्कस स्टोइनिस का शतक उनपर भारी पड़ गया। सीएसके ने पहले खेलते हुए ऋतुराज के शतक से 210 रन बनाए थे। इसके बाद लखनऊ की ओर से स्टोइनिस ने शतक लगाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया। ऋतुराज ने कहा कि मुकाबला अच्छा रहा और जीत का श्रेय लखनऊ के बल्लेबाजों को जाता है। साथ ही कहा कि इस मैच में 13-14 ओवर



तक खेल पर हमारा नियंत्रण था पर इसके बाद स्टोइनिस ने शानदार पारी खेलकर मैच हमारे हाथ से छीन लिया।

साथ ही कहा कि ओस के कारण भी उनकी टीम को गेंदबाजी में परेशानी आई। इससे स्पिनरों को खेलना बल्लेबाजों के लिए आसान हो गया। अगर ऐसा नहीं होता तो परिणाम कुछ और होता। हम अन्यथा खेल को बेहतर ढंग से नियंत्रित कर सकते थे और इसे गहराई तक ले जा सकते थे पर ये खेल का एक हिस्सा है हम इस पर नियंत्रण नहीं कर सकते।

इस मैच में शिवम दुबे को देर से बल्लेबाजी के लिए भेजने को लेकर ऋतुराज ने कहा कि हमारी सोच ये है कि पावरप्ले के बाद यदि कोई विकेट है, तो शिवम ही बल्लेबाजी करेंगे। हम बल्लेबाजों को बाद में आउट होने के लिए मजबूर नहीं कर सकते। मुझे लगा कि कि हमारा लक्ष्य इस मैच में पर्याप्त नहीं था, हमारे अभ्यास सत्र के दौरान हमने जो ओस देखी, उसके कारण यह लगभग बराबर था।

## लखनऊ सुपर जायंट्स अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंची

चेन्नई। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम आईपीएल 2024 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ मिली जीत के साथ ही शीर्ष चार टीमों में शामिल हो गयी है। लखनऊ ने सीएसके को हराकर एक पायदान ऊपर आकर चौथा स्थान हासिल किया है। वहीं इस हार से सीएसके की टीम पांचवें स्थान पर खिसक गयी है। लखनऊ के अब तक 8 मैचों में 5 जीत और 3 हार के साथ 10 अंक हो गए हैं और इससे टीम पांचवें से चौथे स्थान पर पहुंच गयी। टीम का नेट रन रेट भी 0.148 हो गया है जो पहले +0.123 था। वहीं सीएसके के 8 मैचों में 4 जीत, 4 हार व और .415 के नेट रन रेट के साथ ही 8 अंक हो गये हैं।

## हरमनप्रीत की कप्तानी में बांग्लादेश दौरे पर रवाना हुई भारतीय महिला क्रिकेट टीम

नई दिल्ली । भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को बांग्लादेश दौरे पर रवाना हो गयी। भारतीय टीम इस दौरे पर 5 मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। ये सीरीज इसी माह के अंत में 28 अप्रैल से शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सोशल मीडिया में एक तस्वीर जारी की है। इसमें दौरे पर गयी टीम की एक तस्वीर साझा की गयी है। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का समय है। इसके लिए हमारी टीम बांग्लादेश रवाना हो गई है।

इस सीरीज का पहला मैच 28 अप्रैल को सिलहट में खेला जाएगा जबकि दूसरे मैच 30 अप्रैल, 2 मई, 6 मई और 9 मई को खेले जाएंगे। इस सीरीज से भारतीय टीम को आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की तैयारी का अवसर मिलेगा। विश्वकप इसी साल सितंबर से अक्टूबर तक खेला जाएगा।

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, दयालन हेमलता, सजना सजीवन, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), राधा यादव, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, सायका इशाक, आशा शोभना, रेणुका सिंह ठाकुर, तितास साधु।

## आईपीएल में इन कारणों से बन रहे बड़े स्कोर

मुम्बई। आईपीएल में इस बार काफी बड़े स्कोर बन रहे हैं। सनराइजर्स हैदराबाद ने इस सत्र में आईपीएल इतिहास का सबसे अधिक 287 रनों का स्कोर बनाकर अपना ही 277 रनों का रिकार्ड तोड़ दिया। उसने तीन बार 250 से अधिक रन बनाये हैं। वहीं एक दशक पहले जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 263 रन का विशाल स्कोर बना डाला था तब ऐसा लगता था कि इसका टूटना कठिन है। वहीं इस बार ये रिकॉर्ड कई बार टूटा है। 3 बार तो हैदराबाद ने अकेले ही इससे अधिक रन बना दिया जबकि एक बार केकेआर ने भी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 263 से अधिक रन बनाकर ये रिकार्ड तोड़ा। इस बार बड़े स्कोर बनने के ये तीन मुख्य कारण सामने आये हैं। जो हैं कमजोर गेंदबाजी, खराब कप्तानी और पिच।




इस बार अधिक रनों का पहला कारण पहले बल्लेबाजी करना वाली टीम का आक्रामक रुख रहा है। इससे गेंदबाजी करने वाली टीम शुरुआत में ही दबाव में आ जाती है। गेंदबाजों को ये समझ नहीं आता कि वह क्या करें। इसके अलावा खराब कप्तानी भी इसका एक कारण रही है। जिसमें देखा गया है कि खराबा कप्तानी के कारण गेंदबाजी टीम आक्रामक रुख नहीं अपनाती जिससे बल्लेबाजों कों आक्रामक होने का अवसर मिलता है। वहीं एक कारण खराब गेंदबाजी भी रही है। इस सत्र में कई टीमों के लगातार 200 से अधिक रन बनने के पीछे का सबसे बड़ा कारण विरोधी पक्ष की खराब गेंदबाजी भी रही है। इस सत्र में गेंदबाजों ने साधारण गेंदबाजी की है और एक ही गलती दोहराते हुए लगातार उस क्षेत्र में बॉल डाली है जहां बल्लेबाज उनकी जमकर पिटाई कर रहे होते हैं।

इसके अलावा इस बार आईपीएल में सपाट बल्लेबाजी पिचों का भी ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है। ये बल्लेबाजों की सहायता करती हैं जिसका वे पूरा लाभ उठा रहे हैं। इस प्रकार टी20 के अनुसार गेंदबाजों के अनुकूल एक आदर्श पिच की कमी से भी बड़े स्कोर बन रहे हैं।

## लीवर कप के बाद नहीं खेलेंगे नडाल

बार्सिलोना । स्पेन के टेनिस स्टार रफेल नडाल ने कहा है कि 2024 एटीपी टूर उनका आखिरी साल हो सकता है। नडाल के अनुसार वह सितंबर में बर्लिन में लीवर कप के बाद नहीं खेलेंगे। ऐसे में ये उनका अंतिम टूर्नामेंट हो सकता है। नडाल 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन रहे हैं। इससे पहले उन्होंने पिछले सप्ताह ही बार्सीलोना ओपन में एलेक्स डि मिनोर के खिलाफ दूसरे दौर में हार के बाद कहा था कि यह शायद यहां उनका अंतिम मैच था। नडाल ने बार्सीलोना में अब तक 12 बार खिताब जीते हैं। इस खिलाड़ी ने कहा, "अपने करियर के इस चरण में मैं वास्तव में वहां जाना चाहता हूं और मुझे दिए गए हर अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहता हूं।" फिट नहीं होने से उन्होंने इस साल केवल पांच प्रतिस्पर्धी मैच खेले हैं। गौरतलब है कि लीवर कप एक इनडोर हार्डकोर्ट पुरुष प्रतियोगिता है जो गोल्फ के राइडर कप के समान प्रारूप में विश्व टीम और यूरोप टीम के बीच खेला जाता है। नडाल ने कहा, "मैं टीम यूरोप के लिए बर्लिन में लीवर कप खेलने को लेकर बहुत खुश हूं।" उन्होंने कहा, "मेरे पास लीवर कप के अनुभवों की कुछ विशेष यादें हैं जिनमें दो साल पहले अंतिम बार रोजर फेडरर के साथ खेलना भी शामिल है। नडाल को तब फेडरर ने अपना जोड़ीदार बनाया है।



## शिवम सीएसके की ओर 1,000 रन बनाने वाले खिलाड़ियों में शामिल हुए

चेन्नई। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ऑलराउंडर शिवम दुबे का आईपीएल में शानदार प्रदर्शन जारी है। शिवम ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मुकाबले में तेजी से अर्धशतक लगाकर अपने 1,000 रन पूरे किए। शिवम ने अपनी पारी के दौरान 27 गेंदों में ही तीन चौके और सात छक्के लगाकर 66 रन बना दिये। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 244.44 रहा। अब वह सीएसके की ओर से इस आंकड़े तक पहुंचने वाले खिलाड़ियों में शामिल हो गये हैं।



2022 में सीएसके फ्रेंचाइजी में शामिल होने के बाद से ही उनका प्रदर्शन बेहतर हुआ है। सीएसके के साथ 35 मैचों की 33 पारियों में शिवम ने 37.70 की औसत और 161.08 की स्ट्राइक रेट से 1,018 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंनें 8 अर्धशतक भी लगाये हैं। वहीं इससे पहले शिवम ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के साथ रहते हुए 15 मैचों में 169 रन और राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए नौ मैचों में 230 रन ही बनाये थे। शिवम के इस आईपीएल सत्र में प्रदर्शन से साफ है कि सीएसके में आने के बाद वह बेहतर हुए हैं। अब वह जून में टी20 विश्वकप के लिए भी एक प्रबल दावेदार के तौर पर उभरे हैं। आईपीएल फ्रेंचाइजी के लिए 1,000 रन बनाने वाले सभी 14 बल्लेबाजों में से केवल शिवम ही 140 से अधिक की स्ट्राइक रेट से स्ट्राइक कर रहे हैं, उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी महेन्द्र सिंह धोनी (138.98) और सुरेश रैना का स्ट्राइक रेट 138.91 हैं। इसके अलावा, उनका बल्लेबाजी औसत माइकल हसी (40.98), कप्तान रुतुराज गायकवाड़ 41.26 से भी बेहतर है।

इस सत्र में शिवम दुबे छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने आठ मैचों में 51.83 की औसत और 169.94 की स्ट्राइक रेट से तीन अर्धशतकों के साथ 311 रन बनाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 66 रन है।

## राजस्थान का प्लेऑफ में पहुंचना तय, आरसीबी और पंजाब बाहर होंगी

मुम्बई। आईपीएल के 17 संस्करण में अब तक सबसे अधिक 14 अंक लेकर राजस्थान रॉयल्स प्लेऑफ के करीब पहुंच गयी है। अब उसे प्लेऑफ में पहुंचने केवल एक ही जीत चाहिये। वहीं अंक तालिका में सबसे नीचे चल रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बाहर होने का समय आ गया है। आरसीबी ने अब तक एक ही जीत के साथ 2 अंक हासिल किये हैं। ऐसे में अब अगर वह बचे हुए सभी 6 मैच भी जीत जाती है तो भी प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकती। इसके अलावा किंग्स इलेवन पंजाब की भी आरसीबी जैसी ही स्थिति है और उसका भी बाहर होना तय है। अभी 4 टीमें ऐसी हैं, जो अंक तालिका में सबसे नीचे हैं। इनमें आरसीबी और पंजाब किंग्स शामिल हैं। वहीं मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स भी बाहर



होने की कगार पर हैं। अब इन्हें अपनी अम्मीदें बनाये रखने सभी मैच जीतने होंगे। एक भी हार इन्हें बाहर कर सकती है।

आरसीबी अब तक 8 में से 7 मैच हारी है। ये टीम अभी अंक तालिका में सबसे नीचे यानी 10वें पायदान पर है। ऐसे में फाफ डु प्लेसिस की कप्तानी वाली आरसीबी अपने बाकी बचे सभी 6 मैच और जीत लेती है, तो भी उसके कुल 14 अंक होंगे। ऐसे में आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना एकदम असंभव है। आईपीएल में अभी 10 टीमें खेल रही हैं। तब से अब तक प्लेऑफ में कभी भी कोई टीम 14 अंक के साथ प्लेऑफ में नहीं पहुंची है। सबसे नीचे चौथे नंबर की टीम के भी 16 अंक रहे हैं।

ऐसे में आरसीबी टीम के प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद समाप्त हो गयी हैं। आरसीबी के लिए सभी चमत्कार हो सकता है जब बाकी टीमें अपने मैच हारें और आरसीबी अपने बचे हुए मैच भारी अंतर से जीते पर ऐसा होना संभव नहीं है।

पंजाब किंग्स के लिए करो या मरो की स्थिति बन गई है. यह टीम 8 में से 2 मैच जीतकर अंक तालिका में 9वें नंबर पर कायम है। यदि ये टीम बाकी बचे सभी 6 मैच जीतने होंगे, तब कहीं जाकर 16 अंक के साथ प्लेऑफ में पहुंच सकती है पर अगर ये टीम अब एक भी मैच हारती है, तो प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जाएगी। उसके बाद कोई चमत्कार ही उसे आगे पहुंचा सकता है।

वहीं मुंबई और दिल्ली टीम की हालत भी इसी तरह की है। दोनों टीमों के बराबर 6-6 मैच बाकी हैं। यदि दोनों टीमें भी अपने सभी मैच जीतती हैं, तो 18 अंक के साथ प्लेऑफ में जगह पक्की कर लेंगी हालांकि यह संभव नहीं है, क्योंकि एक मैच इन दोनों टीमों को आपस में भी खेलना है, जिसमें से किसी एक की हार निश्चित है।

यदि ये दोनों टीमें मुंबई और दिल्ली अब 1-1 मैच हारती हैं, तब भी 16 अंक के साथ उनके प्लेऑफ में पहुंचने संभावना बनी रहेगी पर एक से अधिक मैच हारने पर ये टीमें बाहर हो जाएंगी।

# कक्षा 10वीं, 12वीं के परीक्षा परिणाम में मारी बाजी

## प्रवीण सूची में नाम दर्ज कराकर जिले का नाम किया रौशन

बालाघाट (पदमेश न्यूज़)। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा बुधवार की शाम जारी किए गए कक्षा 10वीं कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में जिले के कुछ बच्चों ने अपना नाम टॉप टेन में दर्ज कराया है। तो वही प्रवीण सूची में भी अपना नाम दर्ज कराकर जिले का नाम रौशन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश की प्रावीण्य सूची में जिले से शासकीय उत्कृष्ट स्कूल बालाघाट से अदिति पिता हितेन्द्र तिवारी ने 489 अंक प्राप्त कर छटवां स्थान प्राप्त किया तो वही एमसीएस उच्त्तर माध्यमिक स्कूल बालाघाट से अक्षत पिता रवि नारायण जायसवाल ने 486 अंक प्राप्त कर 9वा स्थान प्राप्त किया है।इनके अलावा आईडियल अकादमी हाईस्कूल वारासिवनी से कार्तिक पिता राकेश सेलोकर 485 अंक व हर्ष पिता किरण कुमार पटले ने 485 अंक प्राप्त कर 10वां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह कक्षा 12 वीं बोर्ड में शासकीय बालक हायर सेकेण्डरी स्कूल बैहर के छात्र मयंक पिता रणदीप पटले ने कृषि समूह से 474 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं वैदिक कान्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल लालबर्रा की छात्रा परिधि पिता अर्जुन शरणागत ने विज्ञान गणित समूह से 486 अंक लेकर छटवां स्थान प्राप्त किया इसी तरहा द बालाघाट पब्लिक स्कूल नर्मदा नगर बालाघाट की छात्रा भूमिका पिता यादोराव बिलघईया ने जीवन विज्ञान समूह में 480 अंक प्राप्त कर 8वां व चक्रवती पब्लिक हाईस्कूल बैहर की छात्रा जान्हवी पिता रामकुमार झोड़े ने जीवन विज्ञान समूह से 480 अंक प्राप्त कर आठवां स्थान प्राप्त किया।इसके अलावा अन्य छात्र छात्राओं ने भी कक्षा 10 वी 12वी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने प्रदेश की प्रवीण सूची में नाम दर्ज कराकर अपना ,अपने परिजनों, स्कूल और जिले का नाम रौशन किया है।




### उत्कृष्ट विद्यालय बैहर के मयंक ने मप्र की सूची में पाया तीसरा स्थान

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की कृषि समूह की सूची में तृतीय स्थान पर उत्कृष्ट विद्यालय बैहर के मयंक पटले, आए है। उक्त संबंध में विद्यालय के प्राचार्य आलोक चौरे ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालय के कृषि संकाय के छात्र मयंक पटले पिता रणदीप पटले ने मध्यप्रदेश की कृषि संकाय की टॉप टेन सूची में तृतीय स्थान एवं जिले की सूची में प्रथम स्थान पर अपना नाम दर्ज करवाकर उत्कृष्ट विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया वही उत्कृष्ट विद्यालय बैहर ने कक्षा बारहवीं में 98 प्रतिशत एवं दसवीं में 94 प्रतिशत परीक्षा परिणाम बनाकर अपने नाम अनुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बताया गया कि विघायल में 12वी में कुल 107 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। जिसमें से 92 विघार्थियों ने प्रथम, 14 ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है । इस तरह कक्षा दसवीं में कुल 107 विद्यार्थियों में से 79 विद्यार्थियों ने प्रथम, 21 विद्यार्थियों ने द्वितीय तो वही 01 विद्यार्थी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय की इस सफलता के लिए प्राचार्य श्री चौरे ने संस्था के समस्त शिक्षकों एवं उतीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई प्रेषित की।

### सफलता का श्रेय परिजनों व टीचर स्टाफ को जाता है- मयंक पटले

एमपी बोर्ड द्वारा जारी कक्षा 10वीं कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम को लेकर की गई चर्चा के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय बैहर कर्षी समूह के छात्र मयंक पटले ने बताया कि एमपी बोर्ड ने जो रिजल्ट जारी किया है उसमें उनका तीसरा स्थान लगा है। जिससे वे काफी खुश है वे अपनी इस सफलता का श्रेय अपने परिजनों व टीचर स्टाफ को देना चाहते हैं।

### काफी अच्छा रहा रिजल्ट - चौरे

वही एमपी बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम को लेकर की गई चर्चा के दौरान उत्कृष्ट विद्यालय बैहर प्राचार्य आलोक चौरे ने बताया कि कक्षा 10वीं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम एमपी बोर्ड द्वारा घोषित किया गया है। उत्कर्ष के विद्यालय बैहर कृषि छात्र मयंक का प्रदेश में तीसरा स्थान लगा है। इसके अलावा कई छात्रों ने विद्यालय व जिले का नाम रौशन किया है।कक्षा 12वीं में स्कूल का रिजल्ट 98.13 प्रतिशत ,तो कक्षा दसवीं में 94.39 प्रतिशत रिजल्ट रहा है। इस वर्ष से कक्षा 10वीं में 107 बच्चे अध्यनरत थे। जिसमें 105 बच्चे उत्तीर्ण हुए हैं।इसमें प्रथम श्रेणी में 92 बच्चे, द्वितीय श्रेणी में 14 बच्चे पास हुए हैं। एक बच्चे को पूरक आई है तो वही एक विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुआ है। इसी तरह कक्षा 12वीं में 107 बच्चे शामिल हुए थे ।101 बच्चे उत्पन्न हुए हैं। इसमें 89 प्रथम, 21 द्वितीय श्रेणी से पास हुए हैंम एक बच्चा तृतीय श्रेणी में आया है। जबकि तीन बच्चों को पूरक आई है, तो वहीं तीन बच्चे अनुत्तीर्ण हुए हैं।

### अदिति ने पाया छटवां स्थान, मेडिकल फील्ड में जाने की जताई इच्छा

प्रदेश की प्रावीण्य सूची में जिले से शासकीय उत्कृष्ट स्कूल बालाघाट से की छात्रा अदिति पिता हितेन्द्र तिवारी ने 489 अंक प्राप्त कर प्रदेश में छटवां स्थान प्राप्त किया। जिसकी उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी सहित स्कूल प्रबंधन में खुशी का इजहार करते हुए अदिति का मुंह मीठा कराकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। शिक्षा परिणाम को लेकर की गई चर्चा के दौरान छात्र-छात्रा अदिति ने बताया कि आज जो परीक्षा परिणाम आए हैं उसे जानकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है।वे मेडिकल फील्ड में आगे की पढ़ाई करना चाहती हैं ।उन्होंने बताया कि उनके मम्मी पापा ड्यूटी के चलते बाहर रहते हैं जिसके चलते वे अपने नाना नानी के पास रहकर पढ़ाई करती थी।सुबहा नानी के साथ घर का काम करती थी स्कूल में अध्ययन करने के बाद घर जाकर पढ़ाई करती थी। जब भी उन्हें पढ़ाई के दौरान कुछ तनाव होता था तो वहां डांसिंग कर तनाव को दूर कर लेती थी। इसका श्रेय उन्होंने अपने नाना नानी, माता पिता, सहित स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षकों को दिया है जहां उन्होंने सभी से भरपूर सहयोग मिलने की बात कही है।

### देवांश ने जिले का नाम किया रौशन

इसी तरह एमसीएस स्कूल बालाघाट में कक्षा 12वीं में अध्यनरत देवास चौहान ने 95.12 प्रतिशत 476 अंक के साथ जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जिनकी इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन में हर्ष व्यक्त करते हुए देवांश के उज्जवल भविष्य की कामना की है तो वही इस अवसर पर देवांश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों व स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है। एमपी बोर्ड द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम को लेकर की गई चर्चा के दौरान कक्षा 12वीं के छात्र देवांश चौहान ने बताया कि उन्होंने 95.12त्न, व 476 अंक में लाए हैं। उन्होंने जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने इंजीनियर बनने की इच्छा जताते हुए अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और स्कूल के शिक्षक शिक्षकों को दिया है ।

### हर बार स्कूल का रिजल्ट अच्छा आता है- तोमर

वही एमपी बोर्ड द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम को लेकर की गई चर्चा के दौरान एमसीएस स्कूल प्राचार्य अभय सिंह तोमर ने बताया कि एमसीसी स्कूल हमेशा टॉप पर रहता है। इसका पूरा श्रेय यहां के शिक्षक शिक्षिकाओं को जाता है। केवल 10वीं, 12वीं ही नहीं बल्कि जेईई और नीट जैसी परीक्षाओं में भी यही परीक्षा परिणाम देखने को मिलता है। कक्षा 10वीं 12वीं का रिजल्ट काफी अच्छा रहा। 10वीं में अक्षत जायसवाल ने राज्य की प्रवीण सूची में अपना स्थान प्राप्त किया है, वही एक छात्र नाविक ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसके अलावा देवांश चौहान ने भी अच्छे अंक लाकर जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

### भूमिका ने पाया 8 वा स्थान

इसी तरहा द बालाघाट पब्लिक स्कूल नर्मदा नगर बालाघाट की छात्रा कु भूमिका पिता यादोराव बिलघईया ने जीवन विज्ञान समूह में 480 अंक प्राप्त कर बालाघाट नगर में सर्वाधिक अंक एंव प्रदेश में 8वां प्राप्त किया है। लांजी की बेटी भूमिका बिलघैया निवासी वार्ड क्रमांक 1 भिमोड़ी पो. ककोडी ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर आपने अपने स्कूल, अभिभावक गण, नाते रिश्तेदार सहित लांजी एवं जिले का नाम प्रदेश में रोशन किया है। जिनकी इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन में हर्ष व्यक्त करते हुए भूमिका के उज्जवल भविष्य की कामना की है तो वही इस अवसर पर भूमिका ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों व स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं को दिया है।

## कक्षा 10वीं में अदिति और 12वीं में परिधि प्रदेश की मेरिट सूची में

### गत वर्ष की तुलना में 10वीं कक्षा में 4 प्रतिशत और 12वीं की 17.35 प्रतिशत परिणामों में रहीं वृद्धि

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। जिसमें बालाघाट जिले का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 71.04 प्रतिशत तथा कक्षा 12वीं का 69.70 प्रतिशत रहा। प्रदेश की मेरिट सूची में बालाघाट जिले के कक्षा 10वीं के 04 विद्यार्थियों ने टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया है। वहीं कक्षा 12वीं में प्रदेश की मेरिट सूची में गणित संकाय में 01 एवं कृषि संकाय में 01 एवं जीव विज्ञान संकाय में 02 इस तरह कुल 04 विद्यार्थियों ने स्थोन प्राप्त किया। गत वर्ष की तुलना में कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में 4 तथा कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में 17.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

### कक्षा 10वीं में इन्होंने पाया प्रदेश में टॉप-10 में स्थान

जिला शिक्षा केंद्र से प्राप्तत जानकारी अनुसार कक्षा 10वीं की कु. अदिति पिता हितेंद्र तिवारी, शाउवि बालाघाट 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठा स्थाजन, अक्षत पिता श्री रविनारायण जायसवाल एमसीएस उमावि बालाघाट ने 97.2 प्रतिशत के साथ नौवा स्थान, कार्तिक पिता राकेश सेलोकर आईडियल एकेडमी हाई स्कूएल वारासिवनी ने 97 अंक प्राप्त दसवा स्थान तथा हर्ष पिता किरण कुमार पटले आईडियल एकेडमी हाई स्कूल वारासिवनी ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है।

### कक्षा 12वीं में ये रहे प्रदेश में टॉप-10 में शामिल

कक्षा 12वीं में कु. परिधि पिता अर्जुन शरणागत वैदिक कान्वेंट उमावि लालबर्रा ने गणित समूह से 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठा स्थान, मयंक पिता श्री रणदीप पटले शाउवि बैहर ने 94.8 प्रतिशत अंक के साथ कृषि समूह में तीसरा स्थान, कु. भूमिका पिता श्री यादोराव बिलघईया द बालाघाट पब्लिक स्कूल बालाघाट ने जीव विज्ञान समूह में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर आठवां स्थान तथा कु.जान्ह्वी पिता रामकुमार झोडे चक्रवर्ती पब्लिक हाईस्कूल बैहर ने जीव विज्ञान समूह में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवा स्थान प्राप्त किया है।

## मयंक ने किया मप्र की सूची में नाम दर्ज

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। जिसमें कृषि समूह की सूची में तृतीय स्थान पर आए उत्कृष्ट विद्यालय बैहर के मयंक पटले, के विषय में विद्यालय के प्राचार्य आलोक चौरे ने जानकारी देते हुए बताया कि मप्र की कृषि संकाय की टॉप-10 सूची में तृतीय स्थान एवं जिले की सूची में प्रथम स्थान पर अपना नाम दर्ज करवाकर उत्कृष्ट विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया है। वही उत्कृष्ट विद्यालय बैहर ने कक्षा बारहवीं में 98 प्रतिशत एवं दसवीं में 94 प्रतिशत परीक्षा परिणाम बनाकर अपने नाम अनुसार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय की इस सफलता के लिए प्राचार्य श्री चौरे ने संस्था के समस्त शिक्षकों एवं उतीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई प्रेषित की हैं।



## सड़क हादसे में घायल शख्स की हुई मौत

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। मंगलवार की शाम करीब 4 बजे कटंगी-वारासिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर ग्राम उमरी के नजदीक सड़क हादसे का शिकार हुए शख्स की उपचार के दौरान नागपुर में बुधवार को मौत हो गई. बता दें कि उमरी में बाइक के सामने अचानक से मूक मवेशी भैंस के आने से बाइक अनियंत्रित हो गई थी। जिसके चलते बाइक में सवार तीन लोग घायल हुए थे। जिनमें दो की हालत बेहद गंभीर होने पर रेफर किया गया. कतरकना निवासी विजय अनकर और बिछवा निवासी गोपीचंद भाकरे लिंगमारा विवाह समारोह में शामिल होने के लिए गए थे. मंगलवार को घर वापस लौटते वक्त उमरी में यह सड़क हादसे का शिकार हो गए थे। बाइक में एक बालिका भी सवार थी जिसे मामूली चोट आई थी। बुधवार को विजय अनकर की उपचार के दौरान मौत हो गई।

## हेमंत सोरेन ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

नई दिल्ली। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने दायर याचिका में कहा कि धनशोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर हाईकोर्ट फैसला नहीं सुना रहा है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ को सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बताया कि हाईकोर्ट ने उनकी याचिका पर 28 फरवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं दिया गया है।

ईडी को दिया गया एक सप्ताह का समय

बता दें कि हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा 31 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। उन पर जमीन से जुड़े घोटाले के मामले में धन शोधन का आरोप है। पूर्व सीएम फिलहाल रांची की बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में हाईकोर्ट द्वारा सोरेन की जमानत याचिका पर जवाब देने के लिए ईडी को एक और सप्ताह का समय दिया गया है।

## सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार किया

### युवकों के लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े होने का संदेह


मुंबई,। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के मुंबई स्थित घर पर हुई फायरिंग के मामले में हर दिन नई जानकारी सामने आ रही है. अब इस मामले में मुंबई पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है. मुंबई पुलिस ने बिहार के पश्चिमी चंपारण से पांच युवकों को गिरफ्तार किया है. मुंबई पुलिस को शक है कि ये युवक लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा हुआ है. एक पुलिस अधिकारी के अनुसार मंगलवार की रात मुंबई पुलिस की एक टीम ने बिहार के पश्चिमी चंपारण में गौनाहा थाना क्षेत्र के मसही गांव में छापेमारी कर त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी. पुलिस ने इसी गांव से आशीष और अंकित समेत दो और युवकों को गिरफ्तार किया है. इन पांचों युवकों को पूछताछ के लिए मुंबई लाया गया है.

### सलमान के घर पर फायरिंग

14 अप्रैल की रात मुंबई के बांद्रा स्थित सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर गोलियां चलाई गईं। फायरिंग बाइक पर आए विक्की और सागर नाम के दो आरोपियों ने की थी. इस दौरान विक्की और सागर मोबाइल फोन के जरिये अंकित और आशीष के संपर्क में थे. इस मामले में अंकित और आशीष की मदद गांव के तीन अन्य युवकों ने की थी. इस मामले में मुंबई पुलिस ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। इससे पहले मुंबई पुलिस ने करीब 30 घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद गुजरात के सूरत की तापी नदी से 2 पिस्तौल और 4 कारतूस बरामद किए थे. यह सर्च ऑपरेशन मुंबई पुलिस के एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक के नेतृत्व में चलाया गया. फायरिंग के बाद आरोपी विक्की और सागर ने पिस्टल और कारतूस सूरत की तापी नदी में फेंक दिए. पुलिस ने नदी में करीब 365 मीटर गहराई तक जांच की. फायरिंग के बाद आरोपी विक्की और सागर गुजरात भाग गए। पुलिस ने उन्हें गुजरात के भुज के एक मंदिर से गिरफ्तार किया. उसकी बाइक भी जब्त कर ली गयी है। पुलिस के मुताबिक, विक्की और सागर दोनों आरोपी बिहार के चंपारण में पिस्टल से फायरिंग की प्रैक्टिस कर रहे थे. दोनों को गोलीबारी से कुछ घंटे पहले 13 अप्रैल को पिस्तौल और कारतूस की आपूर्ति की गई थी। 14 अप्रैल की सुबह 4.50 बजे बाइक सवार दो आरोपियों ने सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर पांच राउंड फायरिंग की।

## गोरेघाट की जिज्ञासा ने मारी, जिले में पाया दूसरा स्थान

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्य प्रदेश ने कक्षा 10 और कक्षा 12 के पंजीकृत छात्र-छात्राओं के लिए इस साल 5 और 6 फरवरी से 20 मार्च तक आयोजित बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आज 24 अप्रैल को घोषित कर दिए है। विकासखंड कटंगी के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गोरेघाट की छात्रा जिज्ञासा उचबगले ने कक्षा दसवीं में 96.40 प्रतिशत यानी 500 में 482 शानदार अंक अर्जित कर जिले की प्रावीण्य सूची में दूसरा स्थान हासिल किया है। जिज्ञासा की शानदार सफलता पर पिता भरत उचबगले और माता मीना उचबगले बेहद खुश है। माता-पिता कहते है कि उनकी बेटी ने उनका नाम रोशन कर दिया है। छात्रा जिज्ञासा ने बताया कि वह डॉक्टर बनना चाहती है इसलिए अब आगे की पढ़ाई बॉयो से करेगी। वहीं माता-पिता भी अपनी बच्ची के इस सपने को पूरा करने में हर संभव मदद करने की बात करते है। जिज्ञासा की सफलता पर सहायक संचालक शिक्षा



सी.एस.कुसराम, बीआरसी रविन्द्र हरिनखेड़े, प्राचार्य राधेश्याम जामुनपाने, शिक्षक संजय शुक्ला, लक्ष्मी ठाकरे सहित अन्य ने बधाई दी है. बता दें कि जिज्ञासा के पिता किसान है वहीं माता आशा सुपरवाईजर है. जिज्ञासा ने बताया कि वह स्कूल से घर आने के बाद जरूरी काम निपटाकर प्रतिदिन पढ़ाई करने के लिए बैठ जाया करती थी। उन्हें उम्मीद थी कि शानदार अंक हासिल करेगी लेकिन इस बात की कल्पना नहीं की थी कि जिले की प्रावीण्य सूची में स्थान मिलेगा। पठार अंचल की इस बेटी की सफलता पर पठार संघर्ष समिति संयोजन आंजनबिहरी सरपंच दीपक पुष्पतोड़े, बड़पानी सरपंच दीपक गभने, गोरेघाट सरपंच नंदकिशोर जामुनपाने, पूर्व सरपंच रमन बिठले ने बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## पायल ग्वालवंशी से मॉयल कामगार संगठन ने की शिष्टाचार मुलाकात

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। सिविल सेवा परीक्षा में 913 वीं रैंक हासिल करने वाली तिरोड़ी के खांदी टोला निवासी पायल मानेश्वर ग्वालवंशी से बुधवार को मॉयल कामगार संगठन के पदाधिकारियों ने उनके आवास पहुंचकर शिष्टाचार मुलाकात की और बधाई प्रेषित की। मॉयल कामगार संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह बेहद गर्व की बात है कि तिरोड़ी अब तक मॉयल के लिए पहचानी जाती थी लेकिन अब इसे एक प्रथम श्रेणी के अफसर के गांव के रुप में भी पहचान मिलेगी। इस दौरान शाखा अध्यक्ष अलीउद्दीन शेख, सचिव किशोर टेम्बुरकर, सहसचिव विजय मासुरकर, केन्द्रीय सदस्य राजूदास गजभिए, शंकर राउत, समीर शुक्ला और प्रदीप

## मानव समाज वनों के महत्व को विस्मृत करने की भूल कर रहा है- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

नई दिल्ली ।मानव समाज वनों को विस्मृत करने की भूल कर रहा है। वन जीवनदाता हैं। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने आज इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, देहरादून में भारतीय वन सेवा (2022 बैच) के दीक्षांत समारोह में अधिकारी प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि वास्तविकता यह है कि वनों ने पृथ्वी पर जीवन को संरक्षित किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि आज हम एंथ्रोपोसीन युग की बात करते हैं, जो मानव-केंद्रित विकास का काल है। इस दौरान विकास के साथ-साथ विनाशकारी परिणाम सामने आए हैं। संसाधनों के निरंतर दोहन ने मानवता को एक ऐसे बिंदु पर ला दिया है जहां विकास के मानकों का पुनर्मूल्यांकन करना होगा। उन्होंने यह समझने के महत्व पर जोर दिया कि हम पृथ्वी के संसाधनों के मालिक नहीं हैं, बल्कि हम ट्रस्टी हैं। हमारी प्राथमिकताएं मानवशास्त्रीय के साथ-साथ पर्यावरण केंद्रित भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल पारिस्थितिकीय परिवेश से जुड़ने से ही हम वास्तव में मानवशास्त्रीय हो पाएंगे। राष्ट्रपति ने कहा कि विश्व के अनेक भागों में वन संसाधनों का बहुत तेजी से ह्रास हुआ है। वनों का ह्रास एक तरह से मानवता का ह्रास ही है। यह एक सर्वविदित तथ्य है कि पृथ्वी की जैव विविधता और प्राकृतिक सौंदर्य का संरक्षण एक बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है जिसे हमें शीघ्रता से करना है। राष्ट्रपति ने कहा कि वनों और वन्यजीवों के संरक्षण और संवर्धन के माध्यम से मानव जीवन को संकट से बचाया जा सकता है। हम विज्ञान और प्रौद्योगिकी की मदद से तेजी से नुकसान की भरपाई कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, मियावाकी पद्धति को कई स्थानों पर अपनाया जा रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वनीकरण और क्षेत्र विशिष्ट वृक्ष प्रजातियों के लिए उपयुक्त क्षेत्रों की पहचान करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे विभिन्न विकल्पों का आकलन करने और भारत की भौगोलिक परिस्थितियों के लिए उपयुक्त समाधान विकसित करने की आवश्यकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि विकास के रथ के दो पहिए होते हैं- परंपरा और आधुनिकता। आज मानव समाज कई पर्यावरणीय समस्याओं का खामियाजा भुगत रहा है। इसका एक मुख्य कारण एक विशेष प्रकार की आधुनिकता है, जिसका मूल प्रकृति का शोषण है। इस प्रक्रिया में पारंपरिक ज्ञान की उपेक्षा की जाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी समाज ने प्रकृति के शाश्वत नियमों को अपने जीवन का आधार बनाया है। इस समाज के लोग प्रकृति का संरक्षण करते हैं। लेकिन, असंतुलित आधुनिकता के आवेग में कुछ लोग आदिवासी समुदाय और उनके सामूहिक ज्ञान को आदिम मानते हैं। जलवायु परिवर्तन में आदिवासी समाज की कोई भूमिका नहीं है, लेकिन इसके दुष्प्रभावों का बोझ उन पर अधिक

## पाथरवाड़ा में युवा परिवर्तन प्रशिक्षण केन्द्र का हुआ शुभारंभ

कटंगी (पद्मेश न्यूज़)। जनपद पंचायत कटंगी की ग्राम पंचायत पाथरवाड़ा में स्कील इंडिया अभियान के तहत युवा परिवर्तन एनजीओ की ओर से प्रशिक्षण केन्द्र की शुरूआत की गई। बुधवार को जनपद सदस्य पुरनलाल चौधरी और सरपंच भूपेन्द्र पारधी सहित गांव के गणमान्य जनों और महिलाओं की उपस्थिती में केन्द्र का शुभारंभ फीता काटकर किया गया। शाहिन बानो ने बताया कि गांव में परिवर्तन लाने के लिए युवा परिवर्तन एनजीओ के जरिए प्रशिक्षण केन्द्र शुरू किया गया है। जहां महिलाओं से 15 सौ रुपए की फीस लेकर सिलाई, ब्यूटीशियन और कम्प्यूटर का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण के बाद प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। जिसके जरिए प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को सरकार की योजनाओं के तहत स्वरोजगार के लिए कई तरह के लाभ प्रदान किए जाएंगे। पाथरवाड़ा में 22 महिलाएं प्रशिक्षण के लिए अपना नामाकंन दर्ज करा चुकी है। इसके अलावा एनजीओ वरूड़, सीताखोह, तिरोड़ी, खांदीटोला, सादाबोड़ी, कोहका सहित अन्य गांवों में सेंटर शुरू है। तीन सेंटरों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया जा चुका है।



## सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए



बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और राजनीतिक दलों की उपस्थिति में बुधवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी गजेंद्र कठाने ने बताया कि बुधवार को 65 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है जबकि अब तक कुल 439 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखें गए। इस दौरान डाक मत पत्र स्ट्रांग रूम नोडल अधिकारी श्री राहुल नायक, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी राजेश कुमार खोबरागड़े, सहायक नोडल अधिकारी गजेंद्र कठाने तथा राजनितिक पार्टी से भाजपा के संजय अग्निहोत्री, कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, बीएसपी से राजपाल उके, निर्दलीय वैभव मर्सकोले, दिलीप छाबड़ा, रघुवीर चौहान, पोस्टमेन राजेश उइके व अन्य उपस्थित रहे।

# कक्षा 10वीं 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम घोषित

## टॉप 10 में शामिल हुआ बालाघाट, इस बार भी लड़कों के मुकाबले लड़कियों ने मारी बाजी , कुल 34,888 में से 24,572 पास, 5,723 फेल, तो 4,593 को आई सप्लीमेंट्री , दसवीं का 71.04 प्रतिशत, तो 12वीं का 69.70प्रतिशत रहा रिजल्ट

**बालाघाट ( पदमेश न्यूज़ )। पूर्व घोषणा के अनुरूप माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा बुधवार की शाम कक्षा 10वीं कक्षा 12वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। लंबे इंतजार के बाद बुधवार शाम 4बजे घोषित किए गए इस परीक्षा परिणाम में पिछले वर्षों की तरह इस वर्ष भी बालाघाट जिले में कक्षा 10वीं कक्षा 12वीं में लड़कों के मुकाबले लड़कियों ने बाजी मारी है। जहां जिले में कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं में कुल 34,888 विद्यार्थियों में से 24,572 विद्यार्थी पास हुए हैं। तो वहीं 5,723 विद्यार्थी इस परीक्षा में फेल हो गए इसके अलावा कक्षा 10वीं कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 4,593 विद्यार्थियों को पूरक आई है। जहां जिले में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 71.04 त्न तो वही कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 69.70 त्न रहा । जो पिछले वर्षों के मुकाबले कहीं अधिक है।**




### कुछ इस तरह रहा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा बुधवार की शाम 4 बजे घोषित किए गए परीक्षा परिणाम में कक्षा 10वीं का जिले में 71.4 त्न रिजल्ट घोषित किया गया। जहां कक्षा दसवीं में कुल 19039 विद्यार्थियों में से 13,526 विद्यार्थी पास हो गए, तो वही 3,507 विद्यार्थी इस परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे। इसके अलावा 2006 विद्यार्थियों को कक्षा 10वीं में सप्लीमेंट्री आई है। इस तरह इस वर्ष कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम जिले में 71.4 प्रतिशत रहा जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.69प्रतिशत अधिक है।

### कक्षा 12वीं का कुछ इस तरह रहा परीक्षा परिणाम

इसी तरह माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा राज्य किए गए कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में 17.35 प्रतिशत का इजाफा देखा गया है। जहां इस वर्ष जिले से 15,849 बच्चों ने कक्षा 12वीं की परीक्षा दी थी। जिसमें से 11,046 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा पास कर ली है। तो वही इस परीक्षा में 2,216 विद्यार्थी फेल हो गए। इसी तरह कक्षा 12वीं की परीक्षा में 2,587 विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री आई है। इस तरह जिले में कक्षा 12वीं का रिजल्ट 69.70 प्रतिशत रहा । जो पिछले वर्ष के मुकाबले 17.35 प्रतिशत अधिक है।

### कक्षा 10वीं में लड़कियों का रहा दबदबा

माशिम द्वारा घोषित किए गए कक्षा 10वीं कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम में पिछले कुछ वर्षों की तरह इस वर्ष भी लड़कियों का दबदबा देखने को मिला है। जहां इस वर्ष कक्षा दसवीं में कुल 19,039 विद्यार्थियों में से 13,526 विद्यार्थी पास हुए हैं, जबकि 3,507 विद्यार्थी इस परीक्षा में असफल हो गए तो वही 2006 विद्यार्थियों को सप्लीमेंट्री आई है। इसमें कुल विद्यार्थी 19,039 में से 8,451 विद्यार्थियों ने जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तो वही 4,987 विद्यार्थियों ने जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है तो वही 88 विद्यार्थी उत्तीर्ण श्रेणी में आए हैं। बात अगर कक्षा 10वीं में लड़कियों की करें तो इस परीक्षा में 75.43 प्रतिशत के साथ 5,307 लड़कियां पास हुई है। तो वही 65. 85 प्रतिशत के साथ 3,144 लड़के पास हुए हैं। इस तरह पिछले कुछ वर्षों की तरह इस वर्ष भी कक्षा 10वीं में लड़कों के मुकाबले लड़कियां अधिक पास हुई है और इस परीक्षा परिणाम में भी लड़कियों का जलवा देखने को मिला है।

### कक्षा 12वीं में भी लड़कियों ने मारी बाजी


वही बात अगर कक्षा दसवीं की करें तो जारी किए गए इस परीक्षा परिणाम में पिछले कुछ वर्षों की तरह इस वर्ष भी लड़कों के मुकाबले लड़कियों ने बाजी मारी है। जहां कक्षा 12वीं के जारी किए गए परीक्षा परिणाम में इस वर्ष 15,849 विद्यार्थियों में से 11,046 बच्चे पास हो गए, तो वही 2,216 बच्चे इस परीक्षा में असफल रहे है। वहीं 2,587 बच्चों को सप्लीमेंट्री आई है। वही इस वर्ष जारी किए गए परीक्षा परिणाम में कुल 15,849 बच्चों में से 8,204 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तो वहीं 2,837 बच्चे द्वितीय स्थान पर रहे हैं। इसके अलावा 05 बच्चों ने उत्तीर्ण श्रेणी हासिल की है। जहां कक्षा 12वीं में बालाघाट जिले में 3186 लड़कों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, तो वहीं लड़कों की तुलना में 5,018 लड़कियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस तरह लड़कों के मुकाबले प्रथम स्थान व पास होने वालों में लड़कियों की संख्या कहीं अधिक है। इस तरह जिले में कुल 66.27 प्रतिशत लड़के प्रथम श्रेणी में पास हुए हैं, तो वहीं 72.28 प्रतिशत लड़कियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वही बात अगर कक्षा 12वीं में कुल 15,849 बच्चों की करें तो 11,046 पास बच्चों में से 6,525 लड़कियां पास हुई है तो वहीं लड़कियों के मुकाबले 4,521 लड़के पास हुए हैं। इस तरह लड़कों के मुकाबले इस वर्ष कक्षा 12वीं में लड़कियां अधिक पास हुई है।

### काफी अच्छा आया है परीक्षा परिणाम- उपाध्याय

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा जारी किए गए परीक्षा परिणाम को लेकर की गई चर्चा के दौरान प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय ने बताया कि आज बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम जारी किया गया है दोनों ही परीक्षा परिणाम में जिले का प्रतिशत बढ़ा है तो वही कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं दोनों में ही छात्राओं ने बाजी मारी है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष जिले का रिजल्ट बढ़ा है कक्षा 12वीं कक्षा 10वीं का रिजल्ट काफी अच्छा आया है वहीं प्रदेश की प्रवीण सूची में जिले के विद्यार्थियों ने अपना नाम दर्ज कराया है। हमारी सभी बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं है। सभी शिक्षक व बच्चों के अभिभावक बधाई व शुभकामनाओं के पात्र हैं।

# ऑटो मोटरसाइकिल को ठोस मारकर पलटी

## दुर्घटना में दोनों वाहन में सवार 8 लोग घायल, 3 वर्षीय बालक उसके पिता सहित तीन लोग जिला अस्पताल में भर्ती







बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। गोंदिया रोड ग्राम कोसमी में ऑटो मोटरसाइकिल को ठोस मारकर पलट गई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल में सवार एक 3 वर्षीय बालक सहित चार लोग घायल हो गए। वहीं ऑटो में सवार तीन महिला सहित चार लोगों को मामूली चोटे आई। 3 वर्षीय बालक सहित तीन लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया जिनमे घायल प्रमोद पिता पिन्नू लाल तुम्हने 29 वर्ष ग्राम लिंगापोनार थाना तिरोड़ी उनका बेटा पिंकू पिता प्रमोद तुम्हने 3 वर्ष और योगेश पिता भेजनलाल गायकवाड 26 वर्ष ग्राम गजपुर थाना कटंगी निवासी शामिल है। इस दुर्घटना में प्रमोद तुम्हने की पत्नी संगीता तुम्हने 28 वर्ष को मामूली चोटे आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम लिंगापोनार निवासी प्रमोद तुम्हनेअपने परिवार के साथ खेती किसानी करता है। जिसका ससुराल ग्राम लिंगा नेतरा का है। लिंगा में प्रमोद तुम्हने के बड़े साले की शादी थी। 24 अप्रैल को प्रमोद तुम्हने अपनी पत्नी संगीता तुम्हने और बेटे पिंकू तुम्हने एवं रिश्तेदार योगेश गायकवाड के साथ मोटरसाइकिल में अपने घर से ग्राम लिंगा शादी में शामिल होने निकले थे। बालाघाट में कुछ खरीदी करने के बाद 12:00 बजे करीब प्रमोद अपनी पत्नी बेटे और रिश्तेदार योगेश गायकवाड़ के साथ मोटरसाइकिल में बालाघाट से ग्राम लिंगा जा रहे थे। तभी गोंदिया रोड ग्राम कोसमी में सामने ट्रक खड़ा होने के कारण प्रमोद तुम्हने ने मोटरसाइकिल खड़ी कर दी थी उसी समय अचानक ऑटो ट्रक को ओवर टेक करते हुए सामने आया और मोटरसाइकिल को ठोस मारकर ऑटो पलट गई। ऑटो में करीब चालक सहित आठ लोक सवार थे। सभी लोग ग्राम मर्री किरनापुर से बालाघाट किसी काम से आ रहे थे। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल में सवार प्रमोद तुम्हने , योगेश गायकवाड और प्रमोद तुम्हने का बेटा पिंकू तुम्हने 3 वर्ष अत्यधिक चोट लगने से घायल हो गए सभी घायलों को 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाया गया। जहां पर योगेश गायकवाड प्रमोद तुम्हने उसके बेटे पिंकू तुम्हने को भर्ती किया गया। इस दुर्घटना में प्रमोद तुम्हने की पत्नी संगीता तुम्हने को मामूली चोट आई। वही ऑटो में सवार समीर पिता शिवचरण पारधी 24 वर्ष, कंचना पति रमेश पटले 40 वर्ष, निकिता पति निरंजन टेम्भरे 35 वर्ष और अरुण पति कुंजीलाल राऊत 45 वर्ष। सभी ग्राम मर्री थाना किरनापुर निवासी को भी मामूली चोटें आई। जिला अस्पताल पुलिस चौकी के प्रभारी शिवदयाल पटले ने दोनों पक्षों का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु थाना ग्रामीण बालाघाट भिजवा दी है।

# वोटिंग कम्पार्टमेंट में लगी बीयू और विविपेट के नम्बर उजागर करने वाले शुभम पटले पर चौथी एफआईआर दर्ज

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 19 अप्रैल को हुए मतदान दिवस पर सोशल मीडिया के माध्यम से मतदान की गोपनीयता और ईवीएम मशीनों के नम्बर उजागर करने के मामले में चौथी एफआईआर दर्ज की गई है। मतदान के दौरान सभी मतदान केंद्रों के सूचना पटल पर मोबाइल के प्रतिबंध के निर्देश चस्पा किये गए थे। इसके बावजूद कुछ शरारती लोगों व मतदाताओ द्वारा 19 अप्रैल को हुए मतदान के दौरान मतदान केंद्र में मोबाइल अपने साथ ले जाकर मतदान की गोपनीयता और ईवीएम मशीनों के नम्बर उजागर करने के कृत्य सामने आए है। बालाघाट नगर के दो और गर्रा के एक मतदान केंद्र में हुई ऐसी घटना पर पूर्व में ही एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है। इसके अलावा 19 अप्रैल को ही कटंगी विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 153 शा.प्रा.शा.जाम-1 में ऐसी घटना पर कार्रवाई की गई है। कटंगी विधानसभा एआरओ श्री मधुवंत राव ने बताया कि मतदान केंद्र में वोटिंग कम्पार्टमेंट में लगी बीयू और विविपेट के फोटो लेकर शुभम पटले ने अपने मोबाइल नम्बर 6263438375 और 9575425549 नम्बर से सोशल मीडिया में वायरल किया गया। फोटो में विविपेट के नम्बर भी शो हो रहे थे। जो निर्वाचन आयोग के निर्देशों का उल्लंघन है। इस मामले मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी वेनेश्वर बिसेन ने 20 अप्रैल को थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया। थाना प्रभारी कटंगी में भादवि की धारा- 188 और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम-1950, 51 और 89 कि धारा-128 में प्रकरण दर्ज किया गया है।

# पिकअप पलटने से चालक सहित चार लोग घायल

## गंभीर रूप से घायल युवक कोशिश विश्वकर्मा की मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। कटंगी थाना अंतर्गत ग्राम पाथरवाड़ा में डीजे की पिकअप पलटने से चार लोग घायल हो गए।। जिनमे गंभीर रूप से घायल युवक की कटंगी के अस्पताल में मौत हो गई। मृतक युवक कोशिश पिता गजानन विश्वकर्मा 17 वर्ष ग्राम खैरलांजी निवासी है। घायलों में चालक सहित तीन लोगों को कटंगी के अस्पताल से बालाघाट नगर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया है। कटंगी पुलिस मृत युवक कोशिश विश्वकर्मा की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोशिश विश्वकर्मा के परिवार के लोग खेती किसानी करते हैं। कोशिश विश्वकर्मा ने हाल ही में कक्षा दसवीं उत्तीर्ण किया था। 23 अप्रैल को 4:00 बजे करीब कोशिश विश्वकर्मा डीजे की पिकअप में बैठकर के अपने गांव खैरलांजी से कटंगी की ओर आ रहा था। पिकअप में चालक सहित अन्य लोग भी सवार थे। बताया गया है कि पिकअप चालक द्वारा पिकअप को तेज रफ्तार लापरवाही पूर्वक चलाने से यह पिकअप ग्राम पाथरवाड़ा के पास गोलाई में पलट गई। जिसमें चालक सहित चार लोग घायल हो गए। सभी। घायलों को कटंगी के शासकीय अस्पताल लाया गया जहां पर युवक कोशिश विश्वकर्मा को मृत घोषित कर दिया गया। संभवत कोशिश विश्वकर्मा की घटना स्थल से कटंगी के अस्पताल लाते समय रास्ते में ही मौत हो चुकी थी। चालक सहित तीन घायलों को कटंगी के अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था किंतु घायलों को उनके परिजनों ने बालाघाट नगर के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किए हैं। कटंगी पुलिस थाने के सहायक उपरीक्षक दादूराम पटले ने मृतक कोशिश विश्वकर्मा की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उनके परिजनों को सौंप दिया है। सहायक उप निरीक्षक श्री पटले ने मर्ग जांच उपरांत पिकअप क्रमांक एमपी 04 जी ए 8085 के चालक के विरुद्ध धारा 279 337 304 ए भादवि एवं धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

# बेलगाम ट्रक ने मोटरसाइकिल के साथ खड़े व्यक्ति को चपेट में लिया

## गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की मौत

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। किरनापुर थाने की रजेगांव पुलिस चौकी क्षेत्र के नेहरू चौक रजेगांव के पास मोटरसाइकिल के साथ खड़े एक व्यक्ति को बेलगाम ट्रक ने चपेट में ले लिया। ट्रक की जबरदस्त ठोकर से गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की गोंदिया ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। तिलक चंद पिता रामाजी ठाकरे 58 वर्ष ग्राम परसाटोला थाना किरनापुर निवासी है। यह घटना सोमवार की रात्रि उसे समय हुई जब यह व्यक्ति अपने मामा के साथ रजेगांव में एक शादी के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मोटरसाइकिल में अपने घर जा रहा था। राजेगांव पुलिस ने इस व्यक्ति की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है वहीं ट्रक चालक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तिलक चंद ठाकरे अपने परिवार के साथ खेती मजदूरी करता था। 22 अप्रैल सोमवार की रात्रि में तिलकचंद ठाकरे अपने मामा सुरेंद्र रिनायत ग्राम बोरगांव किरनापुर निवासी के साथ मोटरसाइकिल में ग्राम रजेगांव शादी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आए थे। शादी के कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रात्रि 9:00 बजे तिलकचंद ठाकरे अपने मामा सुरेंद्र रिनायत के साथ मोटरसाइकिल में रजेगांव से अपने घर जाने निकले थे । मोटरसाइकिल सुरेंद्र रिनायत चला रहा था। रजेगांव के नेहरू चौक किरनापुर रोड पर सुरेंद्र रिनायत ने लघुशंका के लिए मोटरसाइकिल रोकी और वह रोड किनारे लघु शंका के लिए चला गया था। मोटरसाइकिल रोड किनारे खड़ी थी और तिलकचंद ठाकरे मोटरसाइकिल के पास खड़ा था। उसी समय किरनापुर की ओर से तेजरफ्तार से आ रहे ट्रक ने रोड किनारे खड़े तिलकचंद ठाकरे और मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया। ट्रक की जबरदस्त ठोकर से तिलकचंद ठाकरे गंभीर रूप से घायल हो गया वहीं मोटरसाइकल छतिग्रस्त हो गई। ट्रक की ठोकर से गंभीर रूप से घायल तिलकचंद ठाकरे को उसके मामा सुरेंद्र रिनायत ने तुरंत ही ग्रामीणों के सहयोग से इलाज हेतु रजेगांव के प्राइवेट डॉक्टर के अस्पताल में ले जाकर भर्ती किये। जहा से प्राथमिक उपचार के बाद तिलकचंद ठाकरे को इलाज हेतु गोंदिया ले जा रहे थे। तभी गोंदिया रोड आर टीओ ऑफिस नाका रजेगांव के पास तिलक चंद ठाकरे की मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलती ही रजेगांव पुलिस चौकी प्रभारी प्रमोद कश्यप ने मृतक तिलकचंद ठाकरे की लाश रात्रि में सुरक्षित रखवा दी। 23 अप्रैल को तिलकचंद ठाकरे की लाश पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए। रजेगांव पुलिस चौकी प्रभारी श्री कश्यप ने मर्ग जांच उपरांत ट्रक क्रमांक सीजी 08 एजे 20 27 चालक के विरुद्ध धारा 279 304 ए भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।

# 4 हत्या के मामलों में अज्ञात आरोपियों पर 10-10 हजार रुपये की इनामी राशि घोषित

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने धारा-302, 201 ताहि के तहत 4 प्रकरणों में 10-10 हजार रुपये की ईनामी राशि घोषित की है। थाना हट्टा के 4 प्रकरणों में अज्ञात आरोपियों द्वारा हत्या कर घटना स्थल से फरार होने के मामलें पंजीबद्ध किये गए है। प्रकरणों में अज्ञात आरोपी पर प्रथम 5 हजार रुपये की ईनामी राशि रखी गयी थी। पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों की पतासाजी के लिये हर संभव प्रयास किये जाने पर भी कोई पता न चलने के कारण अब यह राशि बढ़ाकर 10-10 हजार रुपये कर दी गई है। इसके अलावा एसपी श्री सौरभ द्वारा धारा 376, 376(2)एन, 294, 323, 506 के एक अन्य प्रकरण में आरोपी पंकज पिता राजकुमार राजपूत निवासी वार्ड न.32 सरस्वती नगर बालाघाट पर भी प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी घटना घटित कर अपने सकूनत से फरार है। जिसका पता बताने वाले को 3 हजार रुपये की ईनामी राशि प्रदान की जायेगी। आरोपी की जानकारी 07632-210021, 241800, 282568, 240044, 7587605598 नम्बर पर सम्पर्क कर दी जा सकती हैं।


# स्कॉर्पियो की ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार पिता पुत्री घायल

## किरनापुर थाने के ग्राम बिनोरा की घटना, दोनों घायल गोंदिया के अस्पताल में भर्ती

बालाघाट (पद्मेश न्यूज़)। किरनापुर थाना अंतर्गत ग्राम बिनोरा में जामडी मार्ग पर स्कॉर्पियो कार ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो की ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार शेखर पिता तेजराम हाथीमारे 51 वर्ष बिनोरा निवासी और उनकी बेटी चित्ररेखा हाथीमारे 21 वर्ष दोनों घायल हो गए । 23 अप्रैल की रात्रि 8:00 बजे यह दुर्घटना उस समय हुई जब दोनों पिता पुत्री मोटरसाइकिल में हनुमान मंदिर जा रहे थे दोनों घायल को गोंदिया के अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बिनोरा निवासी शेखर हाथीमारे अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं उसके अलावा उनकी गांव में किराना दुकान भी है। 23 अप्रैल की रात्रि 8ञ्00 बजे शेखर हाथीमारे अपनी बेटी चित्रलेखा हाथीमारे के साथ मोटरसाइकिल में गांव में ही हनुमान मंदिर पूजा करने के लिए जा रहे थे । तभी जामड़ी मार्ग में मानिक खरे के घर के सामने जामड़ी की ओर से तेजरफ्तार से आ रही स्कार्पियो ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। स्कॉर्पियो की जबरदस्त ठोकर से मोटरसाइकिल में सवार शेखर हाथीमारे और उनकी बेटी चित्रलेखा हाथीमारे दोनों घायल हो गए दोनों घायल को किरनापुर के शासकीय अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां से दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था। किंतु परिवार के लोगों ने उन्हें गोंदिया ले गए दोनों पिता पुत्री को गोंदिया के अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के दौरान देवाराम पंचशील बिनोरा निवासी अपनी स्कॉर्पियो चला रहे थे किरनापुर थाने के उप निरीक्षक देवकंठ सोनी ने शेखर हाथीमारे के बयान के आधार पर स्कार्पियो चालक देवाराम पंचशील के विरुद्ध धारा 279 337 भादवि के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की है।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट